

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 सितंबर 2023 | वर्ष – 33 | अंक – 151 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 4.00 रु



भाजपा के कुशासन में कोई सुरक्षित नहीं : प्रियंका पृष्ठ 3

■ चौपड़ के पासों पर राजस्थान मतदाताओं की निगाहें
■ विफलता की कहानी है मोदी के 'मेक इन इंडिया' के दस साल पृष्ठ 4

■ कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने नाजी दिग्गज का सम्मान करने के लिए मांगी माफी
■ रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने जेलेंस्की के साथ बैठक की पृष्ठ 9

रजत जीतकर भी संतुष्ट नहीं रोशिबिना देवी पृष्ठ 10

# भाजपा के लोग गरीबों को खत्म करने का काम कर रहे हैं : खड़गे

## प्रदेश सरकार ने हमेशा किसानों के हित में निर्णय लिया : भूपेश बघेल

**भाटापारा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। गरीबों के आर्थिक उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। न्याय योजनाओं के चलते बीते पांच सालों में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गये हैं। सवा दो लाख करोड़ रुपए की राशि सीधे हितग्राहियों के खाते में अंतरित की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार की सभी योजनाओं का भरपूर लाभ आम जनता को मिल रहा है। यह बात राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सुमाभाठा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन के अवसर पर कही।

बलौदाबाजार-भाटापारा में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने भूपेश सरकार की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा कि मै छत्तीसगढ़ आया हूं और देख रहा हूं सारे कार्यक्रम अच्छे तरीके से भूपेश बघेल की सरकार चला रही है और उसका लाभ आप सभी को मिल रहा है। कृषि किसान सम्मेलन में भाजपा पर जमकर हमला बोलते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा के लोग गरीबों को खत्म करने का काम कर रहे हैं और जो गरीबों की मदद करता है उसे हमेशा याद रखा जाता है, लेकिन जो गरीबों को खत्म करने की बात करते हैं वो खुद खत्म हो जाते हैं। सभा में कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया।





■ मुख्यमंत्री ने किसानों को जारी की1895 करोड़ की तीसरी किश्त

■ गोबर विक्रेताओं को 5.16 करोड़ और गन्ना उत्पादक किसानों को 57.18 करोड़ प्रोत्साहन राशि अंतरित

■ बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को मिली 266 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

खड़गे ने कहा कि ऐसा कार्यक्रम 15 साल में रमन सिंह ने नहीं देखा होगा, किसान, मजदूर, महिला, और बच्चों के लिए योजनाओं को देखकर भाजपा वाले हैरान होंगे। उन्होंने कहा कि अमित शाह और नड्डाजी भी यहां हैं, वो सोच रहे होंगे कि बलौदाबाजार में क्या चल रहा है। सोच रहे होंगे। उन्होंने कटाक्ष किया कि उनकी नजर हम पर रहती है। खड़गे ने कहा कि सरकार ने मिलकर जितने भी स्कीम बनाई है इससे किसानों, और आम लोगों को फायदा हुआ है। मगर मोदी सरकार ने किसानों, और श्रमिकों के कानून को कमजोर करने का काम किया। गरीबों को लेकर नहीं सोचा, सिर्फ अमीरों के लिए काम किया।

### किसानों, पशुपालकों की सुविधा के लिए समय से पूर्व ही कर रहे न्याय योजनाओं की राशि का अंतरण : मुख्यमंत्री

खरड़गे ने कहा कि मै छत्तीसगढ़ आया हूं और देख रहा हूं सारे कार्यक्रम अच्छे तरीके से भूपेश बघेल की सरकार चला रही है और उसका लाभ आप सभी को मिल रहा है। खड़गे ने स्वामीनाथन को याद करते हुए कहा कि मैं उनके बहुत करीब रहा, उनका जाना बहुत दु:खद है। भारत में हरित क्रांति के जनक थे। उनका बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा देश के किसानों के लिए। श्री खड़गे ने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## एशियाई खेल



### भारत ने निशानेबाजी में जीता चौथा स्वर्ण

**हांगझोउ।** भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

## अब फर्नीचर मार्केट पहुंचे राहुल गांधी





■ कारीगरों के बीच आरी व हथौड़े के साथ आए नजर

■ दिल्ली की कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट का दौरा किया

**नई दिल्ली**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं, मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर! काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की।' वहीं, एक पर कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से राहुल गांधी की कुछ और तस्वीरें साझा की गईं। पोस्ट में यह भी लिखा गया कि भारत जोड़ो यात्रा जारी है।

**लगातार आम लोगों से मिल रहे राहुल**

हाल के दिनों में राहुल गांधी का अलग अंदाज नजर आया है। उनका कहना है कि भारत जोड़ो यात्रा जारी है। 21 सितंबर को राहुल गांधी दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की थी। हाल ही में जब वह छत्तीसगढ़ पहुंचे तो उन्होंने जनरल ट्रेन में सफर किया और इस दौरान आम लोगों से मिले। इसी साल रमजान के महीने के दौरान 18 अप्रैल को राहुल गांधी ने पुरानी दिल्ली के मटिया महल बाजार में खाने-पीने की चीजों का लुत्फ लिया था। वह बंगाली मार्केट भी गए थे। राहुल ने अपनी ट्रिप के दौरान गोलगप्पे खाए थे और शरबत पिया था। दो दिन बाद ही यानी 20 अप्रैल को राहुल गांधी दिल्ली के मुखर्जी नगर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से मुलाकात करने पहुंच गए थे। वहीं, जून में राहुल गांधी की कुछ तस्वीरें सामने आई थीं, जिनमें वह करोल बाद में मोटर मैकेनिक्स के साथ नजर आए थे।

## सार संक्षेप

### सड़क निर्माण में होगा शहरी कचरे का इस्तेमाल : गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नगरों और महानगरों के कूड़े-कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल करने की जरूत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसमें शहरी कचरे का इस्तेमाल किया जाएगा। श्री गडकरी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 27 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का सपना है और उनके इस दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जाएगी।

### उत्तरी सेना के कमांडर ने अग्रिम चौकियों का दौरा किया

**श्रीनगर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने गुरुवार को सियाचिन लद्दाख में अग्रिम इलाकों का दौरा किया और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली और सियाचिन ब्रिगेड के कमांडर के साथ, सेना कमांडर ने दुर्गम इलाके के बावजूद युद्ध की तैयारी के उत्कृष्ट मानकों के लिए सेक्टर में तैनात सैनिकों की सराहना की।

### कोटा में एक और छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोटा में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की इस साल की यह 27 वीं और इस महीने की तीसरी घटना है। हालांकि यह छात्र किसी कोचिंग संस्थान का छात्र नहीं था, बल्कि अपने स्तर पर पढ़ाई कर नीट में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज का रहने वाला छात्र तनवीर (2) पिछले डेढ़ साल से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था।

### बिहार में तालाब में स्नान करने गए 4 बच्चों की डूबने से मौत

**नवादा।** बिहार के नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार को तालाब में स्नान करने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। इन सभी की उम्र 1 से 12 साल के बीच बताई जा रही है।



गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रायपुर आगमन पर एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने स्वागत किया। साथ ही भाजपा कार्यालय में भाजपा सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, संगठन महामंत्री पवन साय, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी, सांसद सुनील सोनी, प्रयागराज के विधायक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश गुप्ता, सह प्रभारी रजनीश सिंह ने स्वागत किया।

### बिधूड़ी व दानिश मामले की जांच करेगी विशेषाधिकार समिति

नई दिल्ली, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद में बसपा सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी भाजपा सांसद रमेश बिधूडी को पार्टी ने राजस्थान चुनाव में अहम जिम्मेदारी देकर एक तरह से क्लीनचिट दे दिया है। जिस पर विपक्ष उखडा हुआ है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि बिधुडी और दानिश अली मामले की जांच विशेषाधिकार समिति करेगी। इसके बाद यह पता चल जाएगा कि दोषी कौन है। उल्लेखनीय है कि विपक्षी सांसदों की सिफारिश पर मामला विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। समिति मामले की तह में जाकर पता लगाएगी कि दोषी कौन है। बतादें कि कल ही भाजपा नेतृत्व दृवारा बिधूडी को राजस्थान के टोंक जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया था। इस खबर के बाद भडके दानिश अली ने कहाकि भाजपा के इस फैसले ने उसका चाल, चरित्र और चेहरा स्पष्ट कर दिया है। यह कोई हैरान करने वाला फैसला नहीं है, बल्कि भाजपा से यही अपेक्षा थी।

## हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन



■ महान वैज्ञानिक ने 98 वर्ष की आयु में ली आखिरी सांस

■ चावल और गेहूं के उत्पादन में भारी वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया

**चेन्नई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार को तमिलनाडु के चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे और लंबे समय से वृद्धावस्थाजनित रोगों से पीड़ित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और हरितक्रांति के जनक डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महान कृषि वैज्ञानिक का काफी समय से उम्र संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। डॉ. स्वामीनाथन ने देश में धान की फसल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। हरित क्रांति एक ऐसा कार्यक्रम था, जिसने रासायनिक-जैविक प्रौद्योगिकी के अनुकूलन के माध्यम से चावल और गेहूं के उत्पादन में भारी वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में बड़ा योगदान दिया था। इस पहल के चलते पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को काफी मदद मिली थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई प्रमुख पदों पर सेवा दी थी। वह भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक (1961-1972), आईसीआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव (1972-79), कृषि मंत्रालय के प्रधान सचिव (1979-80) के पद पर सेवाएं दीं। डॉ. स्वामीनाथन को 1987 में प्रथम खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से भी नवाजा गया था।

### सुरक्षा एजेंसियां हुई सतर्क

## विश्वकप के दौरान हमला कर सकते हैं खालिस्तानी आतंकी

**नई दिल्ली**, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कनाडा की मौजूदा सरकार द्वारा खालिस्तान समर्थकों के साथ खुलकर खड़े हो जाने के बाद भारत में आतंकी हमले का खतरा बढ़ गया है। आशंका जताई जा रही है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए खालिस्तानी अगले माह भारत में होने जा रहे क्रिकेट विश्वकप को निशाना बना सकते हैं। सनद रहे प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का नेता और आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पिछले दिनों बाकायदा एक वीडियो जारी कर वनडे विश्वकप को निशाना बनाने की धमकी दी थी। उसने एक अन्य खालिस्तानी आंतकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत का बदला लेने की भी बात कही है। ऐसे विश्वकप की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं और वह पूरी तरह एलर्ट हो गई है।

## पंजाब में किसान संगठनों का रेल रोको आंदोलन शुरू

जालंधर, 28 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब के 19 किसान-मजदूर संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर आज से 30 सितंबर तक रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठ गए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़ के रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का चक्का जाम हो गया है। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। गुरुवार सुबह ही किसान बड़ी गिनती में रेलवे लाइनों के पास इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि किसान तीन दिन की पूरी तैयारी के साथ आए हैं। खाने-पीने व बैठने का पूरा इंतजाम हो चुका है और ट्रॉलियों में सोने के लिए गद्दे भी किसान साथ लेकर आए हैं। 19 जत्थेबंदियों ने 17 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है।

**25 ट्रेनें प्रभावित**

## 371 दिन स्पेस में बिता कर धरती पर लौटे तीन अंतरिक्ष यात्री

**नई दिल्ली**, 28 सितम्बर (एजेंसी)। नासा के एक फ्रैंक रूबियो और दो रूसी अंतरिक्ष यात्री एक साल से अधिक समय तक अंतरिक्ष में रहने के बाद बुधवार को पृथ्वी पर लौट आए। इसके परिणामस्वरूप अमेरिकी नागरिक फ्रैंक रूबियो ने सबसे लंबी अमेरिकी अंतरिक्ष उड़ान का रिकॉर्ड बनाया। तीनों अंतरिक्षयात्री कजाकिस्तान के एक दूरदराज के इलाके में एक सोयुज कैप्सूल से उतरे। उनका मूल अंतरिक्ष यान अंतरिक्ष के मलबे की चपेट में आ गया था और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उसका सारा कूलेंट खत्म हो गया था जिसके बाद सोयुज कैप्सूल का इस्तेमाल किया गया। जो मिशन 180 दिन का होना चाहिए था वह 371 दिन के प्रवास में बदल गया। रुबियो ने एक अंतरिक्ष उड़ान के सबसे अधिक समय तक रहने के नासा के पिछले रिकॉर्ड को रखने वाले मार्क वंदे हेई की तुलना में अंतरिक्ष में दो सप्ताह अधिक समय बिताया। रूस का 1990 के दशक के मध्य का 437 दिन अंतरिक्ष प्रवास का विश्व रिकॉर्ड है। रूबियो और अंतरिक्ष यात्रियों सर्गेई प्रोकोपयेव और दमित्री पेतेलिन को वापस धरती पर लाने वाले सोयुज कैप्सूल को प्रतिस्थापन के रूप में फरवरी में भेजा गया था। रूसी इंजीनियरों को पिछले साल के आखिर में संदेह हुआ था कि अंतरिक्ष के मलबे से उनके मूल यान का रेडियेटर क्षतिग्रस्त हो गया है। इंजीनियरों को फिक्र हुई कि कूलिंग नहीं होने पर कैप्सूल के इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य संसाधन खतरनाक स्तर तक गर्म हो सकते हैं और इस वजह से यह यान खाली वापस आया।



फ्रैंक रूबियो ने बनाया इतिहास

**रिपोर्ट** | **संयुक्त राष्ट्र से मिली जानकारी**

## भारत में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी, 27 साल बाद हर पांच में से एक व्यक्ति होगा वृद्ध

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत आने वाले दशकों में तेजी से वृद्ध होते समाज में बदल जाएगा। 2050 तक हर पांच में से एक शख्स बुजुर्ग होगा। सदी के अंत में कुल आबादी में 36 फीसदी वृद्ध होंगे, जो अभी महज 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ने का सिलसिला 2010 से शुरू हुआ है। मौजूदा चलन के मुताबिक तकरीबन 15 साल में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों की संख्या दोगुनी हो रही है।**

भारतीय आबादी के बुजुर्ग होने से आने वाली समस्याओं और उनके निदान व समाधान को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज ने बुधवार को इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023 जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की आबादी बूढ़ी हो रही है। वैश्विक स्तर पर बात की जाए, तो 2022 में 7.9 अरब की आबादी में से करीब 1.1 अरब लोग 60 वर्ष से अधिक उम्र के थे। यह आबादी का करीब 13.9 फीसदी हिस्सा है। 2050 तक वैश्विक आबादी में बुजुर्गों की तादाद बढ़कर करीब 2.2 अरब (22 फीसदी) के करीब पहुंच जाएगी।

**मृत्यु दर में आई कमी –** भारत में बुजुर्गों की तादाद बढ़ने की तीन वजह हैं– घटती प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर में कमी और उत्तरजीविता में वृद्धि। बीते एक दशक में देश में प्रजनन क्षमता में 20 फीसदी की गिरावट आई है। 2008-10 के दौरान देश की सकल प्रजनन दर 86.1 थी, जो 2018 से 2020 के दौरान घटकर 68.7 रह गई है। कुल आबादी में बुजुर्गों के राष्ट्रीय औसत से कम संख्या वाले 11 राज्य हैं। इनमें 7.7 फीसदी बुजुर्ग आबादी के साथ बिहार देश का सबसे युवा राज्य है। 8.1 फीसदी बुजुर्ग आबादी के साथ उत्तर प्रदेश दूसरा सबसे युवा राज्य है।

शीर्ष पांच राज्यों में असम (8.2 फीसदी) तीसरे, झारखंड (8.4 फीसदी) चौथे और राजस्थान व मध्य प्रदेश (8.5 फीसदी) पांचवें स्थान पर हैं। 60 पार उम्र की 16.5 फीसदी आबादी के साथ केरल सबसे बुजुर्ग राज्य है।

# गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के गगन भेदी नारों के साथ धूमधाम से मनाया गया अनंत चतुर्दशी

- सुबह से देर शाम तक गणेश पूजा समितियां की निकली झांकी
- सोन नदी सहित विभिन्न सरोवरों में हुआ गणेश विसर्जन



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 सितंबर (देशबन्धु)। आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में अनंत चतुर्दशी पर्व धूमधाम से मनाया गया। अनंत चतुर्दशी पर्व पर सुबह से ही पेंड्रा , गौरेला तथा मरवाही में सुबह 10.00 बजे से ही गणेश पूजा समितियां द्वारा झांकी निकालने का क्रम चालू हो गया था जो देर शाम तक चला रहा और सोन नदी सहित क्षेत्र के विभिन्न सरोवर में गणेश विसर्जन धूमधाम से संपन्न हुआ।

अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन के साथ ही 10 दिन चलने वाला गणेश उत्सव पाव समाप्त हो गया। गणेश उत्सव पर गणेश चतुर्थी से लेकर अनंत चतुर्दशी तक 10 दिन पेंड्रा गौरेला एवं मरवाही के गांव-गांव, मोहल्ले -मोहल्ले में गणेश पूजा की धूम रही। रोजाना शाम आरती नाच गाना के साथ विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन होते रहे। आज अनंत चतुर्दशी पर पूरे आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही में गणेश पूजा समितियां झांकी निकाल कर नगर एवं ग्राम भ्रमण करते हुए बजे बजे रंग गुलाल भजन कीर्तन करते हुए रैली के रूप में सोन नदी सहित विभिन्न सरोवरों में पहुंचकर गणेश विसर्जन किया। गणेश विसर्जन के समय निकल गई झांकियां में युवक यूट्यूब एवं बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवक युवतियों एवं बच्चे ड्रेस अप के साथ नाचते गाते गणेश विसर्जन में शामिल हुए। गणेश विसर्जन के दौरान पूरे गौरेला पेंड्रा मरवाही आंचल से किसी भी तरह के कोई अप्रिय घटना के समाचार नहीं मिले हैं।

# स्वच्छ प्रसाधन व पर्यावरण थीम पर चला रेलवे का विशेष स्वच्छता अभियान




**बिलासपुर** ,28 सितम्बर ( देशबन्धु) । भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

आज स्वच्छ प्रसाधन थीम पर बिलासपुर सहित सभी प्रमुख स्टेशनों, ट्रेनों, कोचिंग डिपो एवं रेलवे परिक्षेत्रों के प्रसाधनों में गहन स्वच्छता अभियान चलाई गई। साथ ही साथ स्टेशनों में उपलब्ध दिव्यांगजनों के प्रसाधनों, ड्रेनेज सिस्टम, वाटर सप्लाईयुक्त पाइपों में रिसाव आदि का गहन निरीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार पाइपों की मरम्मत अथवा आवश्यकतानुसार बदलने का कार्य किया गया। प्रसाधनों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। इसके अलावा लोगों को खुले में शौच के दुर्ष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर रेलवे स्टेशनों एवं पटरियों के किनारे खुले में शौच की प्रवृति को त्यागने हेतु प्रोत्साहित किया गया। स्वच्छ पर्यावरण व पर्यावरण अनुकूलन हेतु मंडल के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया तथा वृक्षारोपण हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया गया ।मंडल से गुजरने वाली विभिन्न गाडियों में पानी की उपलव्धता एवं प्रसाधनों की स्वच्छता का निरीक्षण किया गया साथ ही यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने हेतु आग्रह किया गया। बायो-टायलेट में रद्दी कागज, कपडे, बोतल, नैपकीन, पालीथीन बैग आदि ना डालने की सलाह दी गई ।

## सार-संक्षेप

### श्रोठी अपने कार्य में की लापरवाही हुई शिकायत

**तखतपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। वार्ड क्र. 14 बेलसरी में कार्यरत मितानीन श्रोठी मेरसा द्वारा अपने कार्य के प्रति लापरवाही और अवैध उगाही की शिकायत की गई है।

शिकायत में कहा गया है कि श्रोठी अपने कार्य में लापरवाही करते हुये किसी भी मरीज से जांच के नाम पर जबरदस्ती रकम उगाही करती है। एवं प्रायवेट हास्पिटल में ईलाज करवाने की सलाह देती है। मरीज द्वारा रकम नहीं देने की स्थिति में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं ले जाउंगी बोलती है, मरीज को हास्पिटल में ले जाकर भर्ती करा देती है और मरीज का ख्याल नहीं रखती है ।इनका मरीजों या ग्रामवासी के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है जिसे पद से हटाकर दूसरा योग्य ब्यक्ति को जवाबदारी देने की मांग की गई है जिसमें सुनील आहूजा,प्रियंका आहूजा,बजरहिंन,अनिल सहित अन्य शामिल हैं।

### हथियार रखकर घुम रहे आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज



**तखतपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। हथियार रखकर घुम रहे आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी राहुल धुरी पिता रमेश धुरी उम्र 20 साल निवासी चण्डी चौक देवांगन मोहल्ला एक नग लोहे का चापड बांधकर घुम रहा था जिसे पुलिस ने जप्त किया और 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### 12 गाय की मृत्यु हो जाने से प्रशासन में हड़कंप

**तखतपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवरा में पानी टंकी के नीचे बने पम्प हाऊस के एक छोटे से कमरे में रखी 12 गाय की मृत्यु हो जाने से प्रशासन में हड़कंप मच गया। नेवरा में 12 गाय की मृत्यु का समाचार फैलते हुए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता वहां पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। तखतपुर विकासखण्ड अंतर्गत पंचायत नेवरा जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलों मीटर दूरी पर स्थित है ग्राम पंचायत नेवरा में आज लगभग शाम 5 बजे बस स्टैण्ड के आसपास मवेशी के मरने की दूर्गंध आसपास फैलने लगी पर कहीं पर भी मवेशी या कोई जानवर मरा हुआ नही दिख रहा था। पास में ही पंचायत भवन में आज मिटिंग चल रही थी जहां मवेशी के मरने की दूर्गंध पंचायत भवन पर पहुंचने पर सरपंच सुनीता साहू, सचिव अशोक कौशिक एवं पंच पहुंचें और देखे कि बस स्टैण्ड के पास बनी पानी टंकी के नीचे बने कमरे से दूर्गंध आ रही थी जब उसे खोलकर देखा कि अंदर मवेशी मरे पड़े थे जिसकी जानकारी प्रशासन को दी गई जहां एसडीएम सूरज कुमार साहू ने तत्काल सीईओं सत्यव्रत तिवारी को भेजकर मरे हुए मवेशीयों को बाहर निकलवाया वहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से देखा जा रहा है कि उक्त स्थान पर मवेशीयों को किसने बंद किया था।

### श्री राम जानकी की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में विधायक रश्मि सिंह हुई शामिल

**तखतपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। जनकपुर रोड तखतपुर में भगवान श्री राम जानकी की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में विधायक श्रीमती रश्मि सिंह शामिल हुए इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम हम सभी के आराध्य हैं और उनके बिना आशीर्वाद के व्यक्ति को जीवन में कुछ भी हासिल नहीं हो सकता। भगवान श्री राम एक मर्यादा पुरुषोत्तम है भगवान श्री राम ने हीं हमें यह बताया है कि एक व्यक्ति के जीवन में माता-पिता के आज्ञा का पालन कैसे करना चाहिए। माता-पिता की आज्ञा पालन में चाहे कितने भी विपरीत परिस्थिति निर्मित क्यों ना हो हर हाल में उनके आज्ञा का पालन करना चाहिए। रावण भाठा मैदान में भगवान श्री राम जानकी की नवनिर्मित प्रतिमा पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था ।जहाँ पर पूजा अर्चना के पश्चात मूर्ति स्थापित की गई। कांग्रेस नेता आशीष सिंह ठाकुर ने कहा कि ब्यक्ति के जीवन में सुख-दुख आते रहता है लेकिन उस स्थिति को हमें किस तरह बिना कुछ विचलित हुए कैसे व्यतीत करना चाहिए यह हम भगवान के आदर्शों को देखकर सिख सकते हैं। इस अवसर पर जितेंद्र पाण्डेय, मुन्ना श्रीवास, गरीबा यादव, हरविंदर हूरा, कैलाश देवांगन, सुनील आहुजा, सुरेश ठाकुर, लक्ष्मी यादव, चंद्र प्रकाश देवांगन, बिहारी देवांगन, सुनील जांगड़े, बल्दाऊ गुप्ता, संजय गुप्ता, राजू गुप्ता, अश्वनी गुप्ता, गजेंद्र गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 14 गाय की मृत्यु सड़यंत्र-रश्मि सिंह

## गाय की मृत्यु से क्षेत्र कलंकित हुआ-हर्षिता पाण्डेय



**तखतपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत नेवरा में गाय की मृत्यु सड़यंत्र है सीसीटीवी कैमरे की मदद प्रशासन ले रहा है वहां गाय किसने रखी है इसकी जांच प्रशासन कर रहा है। रश्मि सिंह विधायक तखतपुर। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने से पहले कभी देखने को नही मिलती थी जब से रोका छेका, गौठान, नरवा, गरूवा योजनाएं संचालित है तब इस तरह की जघन्य हत्या देखने को मिल रही है। 14 गाय की मृत्यु से क्षेत्र कलंकित हुआ है मेड़पार में हुई गौ माता की हत्या का आरोपी आज तक तय नही है इस मामले को दबा दिया जाएगा। हर्षिता पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष महिला आयोग छत्तीसगढ़।

ग्राम पंचायत नेवरा में मवेशी की मरने की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुंचकर जानकारी ली जा रही है। सत्यव्रत तिवारी सीईओं जनपद पंचायत तखतपुर। घटना से गौठान 3 सौ मीटर दूर है गाय की मृत्यु गौठान में नही हुई है अज्ञात लोगों के द्वारा पम्प हाऊस में गाय को रखा गया है जिससे गाय की मृत्यु हो गई है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से यह देखा जा रहा है कि गाय को वहां किसने रखा है। सुनीता साहू सरपंच ग्राम पंचायत नेवरा।

# पैगम्बर हजरत साहब के जन्मदिन पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी मनाया गया



**तखतपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। पैगम्बर हजरत साहब के जन्मदिन को मुस्लिम समाज द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर्व के रूप में पूरे देश मे मनाया जाता है। इस दिन के लिये पहले से ही मस्जिदों में तैयारिया शुरू कर दी गई थी साफ सफाई के साथ आकर्षक लाइटिंग, झालर लगाए गए थे। नगर में मुस्लिम समाज द्वारा सुबह लोगों को बधाई देने समाज के लोग गुलदस्ते के साथ निकले एवं मुबारकबाद देते हुए देश मे अमन चैन की दुआए मांगी। वही समाज के लोगों द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर रैली निकाली गई जो संगम नगर मक्कार कंपलेक्स पुराना बस स्टैंड गांधी चौक बजरंग चौक नया बस स्टैंड होते हुए वापस मुस्लिम पर पहुंचे रैली में समाज के युवा सहित बच्चे उपस्थित रहे।

वही आशीष सिंह ठाकुर, मुन्ना श्रीवास, हरविंदर हूरा, कैलाश देवांगन, मोहित सिंह राजपूत बजरंग नगर चौक स्वागत किया वहीं गांधी चौक पर पूर्व विधायक जगजीत सिंह मक्कड़, प्रदेश कांग्रेस सचिव आत्मजीत सिंह मक्कड़, पुराना बस स्टैण्ड में पार्षद टेकचंद कारडा ने स्वागत कर मिलादुन्नबी की शुभकामनाये दी। । मस्जिद के पास मदनी फुल कमेटी, मंडी चौक रज़ा ए गरीब नवाज़ कमेटी द्वारा रैली का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सदर मोहम्मद ज़ाकिर, मोटवल्ली हाजी, क़य्यूम अंसारी, मुकीम अंसारी, कुदूस अंसारी, नईम खान, मोहम्मद सब्बीर, इकबाल एबानी, अय्यूब अंसारी, मोहम्मद् सकिल, नद्दू जायसी, सद्दाम जायसी, समीरुदीन नियाज़, रियाज़, साहिल, सबी, रिक्की, शेख ज़ैनुल, अरशद, फैज़ल खान, फैज़ान, बिट्ठू, ज़फर, समीर, रज़ा, राज सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष


## भाजपा के लोग गरीबों को...

सम्मेलन में दो मिनट का मौन धारण कर डॉ. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि दी। आप सभी ने मिलकर छत्तीसगढ़ में जो काम किया है, वो बहुत बड़ा है। हमारे मजदूरों के लिए आपने काम किया। हमने केंद्र में मजदूरों, किसानों के अधिकार सशक्त बनाए ताकि उन्हें लाभ मिले। हमारी सरकार ने गरीबों के बारे में सोचा, उनके लिए काम किया। जो भी गरीबों की मदद करता है, उन्हें हमेशा याद किया जाता है। इतिहास में सम्मान वही पाते हैं जो गरीबों के लिए लड़ते हैं। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल कोई नया नहीं है। भाजपा के लोग पहले महिला आरक्षण का विरोध करते रहे, आज भाजपा इसका श्रेय लेने में लगी है।

लेकिन लागू कब होगा, इसका कोई अता-पता नहीं. अगर भाजपा में इच्छाशक्ति है तो आज ही लागू कर दें ।2024 में लागू कर दे, हम तैयार हैं ।श्री खरगे ने कहा महिला आरक्षण भी जुमला ही निकलेगा ।उन्होंने कहा भाजपा सिर्फ भ्रमित करने में लगी है। कांग्रेस का काम हमेशा दिल से रहा है ।लोगों की मदद के लिए रहा है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कृषक सह मजदूर सम्मेलन के दौरान महिला आरक्षण को लेकर कहा कि महिला आरक्षण में सभी वर्गों को आरक्षण मिलना चाहिए. ओबीसी की जनगणना होनी चाहिए ।आरक्षित वर्ग को उनका पूरा हक मिलना चाहिए। सम्मेलन में राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे और मुख्यमंत्री बघेल ने श्रमिकों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना का शुभारंभ भी किया। इस योजना में दस साल तक पंजीकृत रहे एवं 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके निर्माणी श्रमिकों को जीवन पर्यंत प्रति माह 15 सौ रुपए की पेंशन सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही प्रदेश के 24 लाख 52 हजार 592 किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 1895 करोड़ रुपए अंतरित किए। साथ ही गोधन न्याय योजना के 65 हजार गोबर विक्रेताओं को 5 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि और 33 हजार 642 गन्ना उत्पादक किसानों को 57 करोड़ 18 लाख रुपए प्रोत्साहक राशि भी उनके खाते में डाली गई है। सम्मेलन में 1 लाख 2 हजार 889 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 55 करोड़ 76 लाख 26 हजार रुपए राशि का वितरण किया गया। इनमें छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा मंडल के 2881 हितग्राहियों को 3 करोड़ 86 लाख रुपए, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के 3236 हितग्राहियों को 1 करोड़ 65 लाख रुपए तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल के 96 हजार 772 हितग्राहियों को 50 करोड़ 24 लाख रुपए की राशि का वितरण किया गया। इस मौके पर बलौदाबाजार-भाटापारा के जिलेवासियों को 266 करोड़ रूपए की लागत के 264 विकास कार्यों की सौगात दी गई। मुख्यमंत्री बघेल ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि आपकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज 28 सितंबर को जारी की गई है। चूंकि आचार संहिता लगने के पश्चात निर्वाचन आयोग से इसके लिए अनुमति लेनी होती इसमें विलम्ब की आशंका के चलते आज ही इसका भुगतान कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने 73 लाख लोगों को राशन से सुनिश्चित कराया है। युवाओं को 147 करोड़ बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर में 7 लाख आवासों के लिए हितग्राहियों की पहली किश्त 25-25 हजार डालने का काम किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में हम प्रदेशभर में घूमे और सभी की मांग रही कि आवास चाहिए, इसके बाद हमने आर्थिक सर्वेक्षण का निर्णय लिया और इस आधार पर सभी आवास दे रहे हैं। हमने किसानों के हित में निर्णय लिया कि धान 15 से बढ़ाकर 20 च्टिंल प्रति एकड़ के मान से खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए हमने विभिन्न विभागों में 42 हजार से ज्यादा पदों की भर्ती निकाली।

सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्र कुमार, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, आदिम जाति, अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम, लोकसभा सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव द्वय चंद्रदेव राय एवं सुश्री शकुंतला साहू सहित बड़ी संख्या में कृषक और श्रमिक उपस्थित थे।

# गजानन की पूजा अर्चना कर किया गया विसर्जन



**तखतपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। बाजे गाजे के साथ आज भगवान गजानन का विसर्जन किया गया। नगर से पूरे क्षेत्र में विराजित भगवान गजानन की मूर्ति को आज पूजा अर्चना के पश्चात विसर्जन किया गया। भगवान का विसर्जन नदी तालाब तथा आसपास के डेम में किया गया। भक्त भगवान के मूर्ति को वाहनों में सजाकर बाजे और डीजे के धुन में थीरखते हुए गणपति बप्पा मोरिया के जयकारा लगाते हुए विसर्जन करने पहुंचे। गणेश चतुर्थी के दिन स्थापित भगवान गजानन की मूर्ति को अनंत चतुर्दशी के दिन किया गया। पंडाल में जगह-जगह रोज भजन कीर्तन तथा अन्य धार्मिक आयोजन भी इस दौरान होता रहा। पितृ पक्ष के पूर्व भगवान गजानंद का विसर्जन करने की परंपरा है उसके तहत विसर्जन किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार जांजगीर, जिला जांजगीर- चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र............
दिनांक 15/09/2023
ग्राम- पुटपुरा

एतद् द्वारा सर्वजनता ग्राम पुटपुरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक दशरथ लाल पिता मदन लाल सूर्यवंशी निवासी ग्राम पुटपुरा तहसील जांजगीर जिला जांजगीर- चाम्पा द्वारा ग्राम पुटपुरा प.ह.नं.19 तहसील जांजगीर स्थित भूमिस्वामी हक की खसरा नं. 1965/9 रकबा 0.83 एकड़ व खसरा नंबर 1965/2 रकबा 0.25 एकड़, खसरा नं. 1965/8 अ रकबा 0.77 एकड़ व खसरा नं. 1970/1 रकबा 0.08 एकड़ कुल खसरा नं. 4 योग रकबा 1.93 एकड़ भूमि का औद्योगिक प्रयोजन (फ्लाईएस) व्यवपर्तन किये जाने आवेदन पत्र पेश किया है।

अत:उक्त भूमि के व्यवपवर्तन से जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से सुनवायी दिनांक 29.09.2023 तक पेश कर सकते है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 15/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

सील

**तहसीलदार**
**जांजगीर (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..../ अ-121/ 2022-23
पक्षकार :- श्रीमती प्रमिला गुप्ता पति स्व. श्री अशोक कुमार गुप्ता वगै..... आवेदिका
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ............ अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रमिला गुप्ता पति स्व. श्री अशोक कुमार गुप्ता वगै. निवासी जूनीलाईन बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला खपरगंज शीट नंबर 28 प्लाट नंबर 20 रकबा 1930 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आबंटित भूमि को भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.2027 अंकित है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 10/10/2023 को न्यायालयीन समय में दिवसों में स्वत:/ अधिवक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 21/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**बिलासपुर शाखा :** प्रथम मंजिल, कृष्णा, सोनछत्र कम्पाउण्ड, आर.एन.टी. चौराहे के पास, तार बहार रोड़, बिलासपुर-495001 (छ.ग.)
**प्राधिकृत अधिकारी:** अश्विन शर्मा, मो. 7697112220

**निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत बिक्री के लिए संपत्ति**

यह कि, प्राधिकृत अधिकारी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) ने वित्तीय संपत्तियों के सुरक्षा और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रवर्तन संपत्ति के प्रसंस्करण के 13 (4) के अंतर्गत निम्न वर्णित संम्पत्ति (प्रतिभूत ऑस्ति) का समस्त शेष एवं सम्पुर्ण भाग को कब्जे मे ले लिया है प्राधिकृत अधिकारी को सुरक्षित ऋण की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत उपर्युक्त सुरक्षित संपत्ति के खिलाफ कुछ इच्छुक पार्टी से बिक्री की पेशकश प्राप्त हुई है। अब, प्राधिकृत अधिकारी सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के संदर्भ में उपरोक्त संपत्ति की बिक्री के लिए नोटिस दे रहा है। खाते का विवरण इस प्रकार है:

| लोन कोड नं. | ऋणी/सह-ऋणी का नाम | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | आरक्षित मूल्य (RP) | कुल बकाया ऋण राशि दिनांक 04.09.2023 को | सुरक्षित संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| (लोन कोड नं. 01000001151/ बिलासपुर शाखा) | भूपेन्द्र कुमार देवांगन (ऋणी), सुनिता देवांगन (सह-ऋणी) | 13-06-2022 ₹ 7,73,232/- | ₹ 5,00,000/- (रुपये पांच लाख मात्र) | ₹ 8,98,889/- (रुपये आठ लाख अंठान्वे हजार आठ सौ उनब्बे मात्र) | संपत्ति का समस्त शेष एवं संपूर्ण भाग, खसरा नं. 233 1 भाग अमेरी प.ह.नं. 43, आरआरएनएम सकरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ 495006 **चर्तु:सीमा** – पूर्व : पातले की भूमि, पश्चिम : विक्रेता की भूमि का शेष भाग, उत्तर : रोड, दक्षिण : दुर्गा की भूमि |

प्राधिकृत अधिकारी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री के लिए "जहां है", "जैसी है", "जो कुछ भी है" के आधार पर नीलाम करेगा। एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए ज़िम्मेदार नहीं है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी कारण के बिना प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और बिक्री सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि के अधीन होगी। प्रस्तावित खरीदार की पेशकश की स्वीकृति पर, उसे 25% स्वीकृत मूल्य समावेशी समायोजन बयाना राशि जमा करना होगा और सुरक्षित ऋण-दाता द्वारा ऑफ़र की स्वीकृति की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर खरीदार द्वारा शेष राशि का भुगतान करना होगा। प्रस्तावित खरीदार को यह ध्यान रखना है कि निर्दिष्ट समय के भीतर उसके द्वारा शेष राशि के भुगतान की विफलता के मामले में, जमा राशि पहले ही जब्त की जाएगी और संपत्ति तदनुसार फिर से बेची जाएगी।

**यह 15 दिनों का विक्रय नोटिस सरफेसी एक्ट 2002** के तहत आम तौर पर जनता विशेष रूप से उधाकर्ता (ओं), सह उधारकर्ता(ओं), जमानतदार(ओं) को दिया जाता है कि उपर वर्णित अचल संपत्ति को सुरक्षित लेनदारों के पास बंधक/प्रभारित किया गया है। आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड (एएचएफएल) सुरक्षित लेनदार, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **भौतिक कब्जा** ले लिया है , जिसे जहां है जैसी है तथा जिस अवस्था में है और आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड की बकाया राशि के आधार पर बेचा जाएगा, बिक्री की तारीख से पहले पूर्ण रुप से, नीलामी विज्ञापन रोके जाने के लिए उत्तरदायी है।

यदि ऋणी (ओं), सह-ऋणी(ओं) के पास कोई खरीदार है, जो दिए गए आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर गिरवी संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति खरीदने के लिए तैयार है, तो ऋणी (ओं), सह-ऋणी(ओं) को 14.10.2023 को या उससे पहले एएचएफएल को सूचित करना होगा, एएचएफएल उसे प्राथमिकता देगा। यदि ऋणी, सह-ऋणी 14.10.2023 को या उससे पहले सूचित करने में असफल रहते हैं, तो **एएचएफएल** ऊपर दिए गए आरक्षित मूल्य पर संपत्ति की बिक्री को आगे बढ़ाएगा।

**नीलामी की तारीख 14.10.2023 तय की गई है।**

**स्थान : बिलासपुर**
**दिनांक : 29.09.2023**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

# देश

उवाच

जब तक विवाद रहेगा, भाजपा कावेरी जल के लिए आंदोलन का समर्थन करेगी। तमिलनाडु को 3,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जब कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने कर्नाटक को प्रतिदिन 10,000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया था:- **बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री, कर्नाटक**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.2 | 22.2 |
| मुंबई | 33.6 | 23.9 |
| कोलकाता | 35.5 | 27.6 |
| चेन्नई | 34.9 | 24.[illegible] |

# उज्जैन में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस के हाथ खाली



- पुलिस को पीड़िता और आरोपी की पहचान के बारे में कोई निर्णायक सबूत नहीं मिले
- पीड़ित लड़की फिलहाल खतरे से बाहर

**भोपाल,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में बलात्कार की शिकार नाबालिग लड़की फिलहाल खतरे से बाहर है। मामले के तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएमसी) के डॉक्टरों की एक टीम ने कहा कि उसके निजी अंगों की सर्जरी की गई, हालांकि, उसे ठीक होने में समय लगेगा। पीड़िता को मंगलवार को उज्जैन में प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया था, जहां एक पुलिसकर्मी ने उसके लिए रक्तदान किया। इस चौंकाने वाली घटना से उज्जैन जिला पुलिस सकते में आ गई है। लड़की के मिलने के तीन दिन बाद भी पुलिस को पीड़िता और आरोपी की पहचान के बारे में कोई निर्णायक सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस अभी तक उस स्थान का पता नहीं लगा पाई है जहां अपराध हुआ था।

उज्जैन के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सचिन शर्मा ने घटना के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, 'शहर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया है। हमने एक संदिग्ध (ऑटो चालक) से पूछताछ की है, लेकिन हम अभी तक किसी निर्णायक सबूत तक नहीं पहुंच पाए हैं।' जैसा कि पीड़िता की भाषा के लहजे से पता चलता है कि वह प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) की हो सकती है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस की एक टीम वहां भेजी गई है। कुछ स्थानीय मीडिया रिपोर्टों से पता चला कि लड़की को सोमवार सुबह 3 बजे के आसपास स्कूल ड्रेस में घूमते हुए देखा गया था। सवाल यह पूछा जा रहा है कि अगर लड़की रात में सड़क पर घूम रही थी तो रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीमों की नजर उस पर कैसे नहीं पड़ी? ऐसे कई सवाल हैं जिनका पुलिस को आने वाले दिनों में जवाब देना है, जिसमें उसके माता-पिता कहां हैं और क्या उसकी मां के साथ भी बलात्कार हुआ था, जैसा कि पीड़िता ने कथित तौर पर कहा है। पीड़िता को उज्जैन के एक पुजारी ने देखा, जिसने उसे भोजन और कपड़े दिए और पास के पुलिस स्टेशन को जानकारी दी।

### प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला, कहा
## भाजपा के कुशासन में कोई सुरक्षित नहीं



भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही लेकिन मदद नहीं मिल सकी:-प्रियंका गांधी

भोपाल। मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन में आदिवासियों से लेकर महिलाओं तक कोई सुरक्षित नहीं है। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही और फिर बेहोश होकर सड़क पर गिर गई लेकिन मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या ये मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा है। भाजपा के 20 साल के कुशासन तंत्र में बच्चियां, महिलाएं, आदिवासी, दलित कोई सुरक्षित नहीं है। लाड़ली बहना के नाम पर चुनावी घोषणाएं करने का क्या फ़ायदा है, अगर बच्चियों को सुरक्षा और मदद तक नहीं मिल सकती? वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इस मामले में स्थानीय निवासियों पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उज्जैन मामले में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। जिस क्षेत्र से यह बच्ची गुजरी है वहां के लोगों के लिए शर्म की बात है।

### उज्जैन मामले में एक संदिग्ध हिरासत में, जांच के लिए एसआईटी गठित : गृह मंत्री

मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। वहीं मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद कल रात गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर में संवाददाताओं को बताया कि एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जांच के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उज्जैन पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बालिका को कल पुलिस ने अपने संरक्षण में ले लिया है। संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

# बीआरएस प्रतिनिधिमंडल पहुंचा चुनाव आयोग



- सांसदों ने बीआरएस पार्टी से मिलते जुलते रोड रोलर चुनाव चिन्ह अन्य पार्टी को दिये जाने पर विरोध जताया

**नई दिल्ली,** 28 सितमबर (देशबन्धु)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी के सांसदों ने चुनाव आयोग में बीआरएस पार्टी के कार चुनाव चिन्ह से मिलते जुलते रोड रोलर चुनाव चिन्ह अन्य पार्टी को दिये जाने पर अपना विरोध जताया और इस विषय में तुरंत समाधान निकालने के लिए चुनाव आयोग से आग्रह किया। बीआरएस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग पहुंचकर उच्चाधिकारियों से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में सांसद नेता वेंकटेश, एम श्रीनिवास रेड्डी और बीआरएस पार्टी महासचिव भरत कुमार शामिल थे। उन्होने बुधवार को चुनाव आयोग पहुंचकर उच्चाधिकारियों के साथ करीब घंटे भर की मुलाकात में विस्तार से बताया कि रोड रोलर चुनाव चिन्ह किसी अन्य राजनीतिक दल को दिये जाने से इसका दुरूपयोग किया जाएगा। बीआरएस सांसदों ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिन्ह कार है। रोड रोलर इससे मिलता जुलता चुनाव चिन्ह है। इसका दुरूपयोग होना संभव है। इसका असर बीआरएस और अन्य राजनीतिक दलों को भुगतना होगा। आयोग के अधिकारियों ने बीआरएस सांसदों के विचार को गंभीरता पूर्वक सुना और नियमानुसार इसके समाधान का आश्वासन दिया।

**मुख्यमंत्री केसीआर ने कृषि विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है**

मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने भारत की हरित क्रांति के जनक, विश्व प्रसिद्ध कृषि विज्ञानी, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित पद्म विभूषण एमएस स्वामीनाथन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने दुख जताया कि उनके निधन से देश ने कृषि क्षेत्र ने विशिष्ट व्यक्ति खो दिया है। मुख्यमंत्री ने गहरा अफसोस जताया कि उनका निधन देश के कृषि क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी क्षति है और देश के किसानों ने एक बड़ी दिशा खो दी है। मुख्यमंत्री केसीआर ने उनके परिवार के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## सार संक्षेप

### निराश्रित और विधवा महिलाओं की पेंशन का हो तत्काल भुगतानः कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कहा कि राज्य में निराश्रित और विधवा महिलाओं की दो महीने से रुकी हुई पेंशन का तत्काल भुगतान हो। श्री कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रदेश में निराश्रित और विधवा महिलाओं को पिछले दो महीने से पेंशन का भुगतान नहीं हुआ है। इन महिलाओं को सिर्फ 6 रुपए महीने पेंशन मिलती है, उसे भी देने से सरकार ने इंकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं को तत्काल उनकी पेंशन का भुगतान किया जाए।

### झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद, कई अन्य घायल

**रांची।** झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के एक जवान के शहीद होने और कई अन्य के घायल होने की सूचना आ रही है। इनमें से गंभीर रूप से जख्मी तीन जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया जा रहा है। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सरजमबुरू और तुंबाहाका गांव के पास के पहाड़ी के पास हुई है। पिछले 5 दिनों के भीतर इस जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन जवानों सहित चार लोगों की मौत हुई है। बताया गया कि सीआरपीएफ कोबरा के 29 नंबर बटालियन के जवान नक्सलियों के खिलाफ कॉम्बिंग ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान पहाड़ी के पास आईईडी का जोरदार ब्लास्ट हो गया। करीब आधा दर्जन जवान हवा में फुटबॉल की तरह उड़ गए। एक जवान के दोनों पांव उड़ गए हैं। घायलों में इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजेश कुमार भी शामिल हैं।

### बिहार में राजद का अतिपिछड़ा सम्मेलन बना नेताओं का अखाड़ा, जमकर चले लात-घूंसे

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन नेताओं के लिए आखाड़ा बन गया। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन राजाबाजार स्थित बापू सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन के बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक उपस्थित थे और इनके सामने ही राजद नेता आपस में उलझ गए। बताया जाता है कि राजद के जिलाध्यक्ष व कल्याणपुर विधायक मनोज यादव ने भी जमकर अपना गुस्सा निकाला और कई लोगों की पिटाई की। हंगामा व मारपीट के कारण हॉल के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मंच पर बैठने को लेकर शुरु हुआ विवाद हंगामा और मारपीट में बदल गया।

# मध्य प्रदेश में बुजुर्ग पत्रकारों की सम्मान निधि 10 से 20 हजार रुपए प्रतिमाह

**कैबिनेट बैठक में पत्रकारों की सुविधाओं को बढ़ाया गया**

**भोपाल,** 28 सितमबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से प्रदेश के मीडियाकर्मी और खिलाड़ियों को नई सुविधा दी गई है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में पत्रकारों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। निर्णय लिया गया कि बुजुर्ग पत्रकारों को प्रतिमाह दी जाने वाली सम्मान निधि 10 हज़ार रूपए से बढ़ाकर 20 हज़ार रुपये की जायेगी। इसके साथ ही सरकार ने घोषणा की कि सम्मान निधि प्राप्त करने वाले पत्रकार की मृत्यु होने पर उनकी पत्नी, पति को एकमुश्त 8 लाख रूपए की सहायता राशि दी जायेगी। पत्रकारों को स्वयं अथवा आश्रितों के उपचार के लिए सामान्य बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता प्रावधान 20 हजार से बढ़ाकर 40 हज़ार रुपए और गंभीर बीमारियों के लिए 50 हज़ार से बढ़ाकर 1 लाख रूपए किया जायेगा। आयकर वाली शर्त को भी हटाया गया है। इस निर्णय का पत्रकार संगठनों ने स्वागत किया है। असल में, मुख्यमंत्री ने 7 सितंबर को हुए पत्रकार समागम में इस संबंध में कई पत्रकारों से बात की थीं। पत्रकारों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री को पत्रकारों को होने वाली कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इस निर्णय के पीछे मुख्यमंत्री की यह सोच रही कि मीडियाकर्मियों को जितना संभव हो, सहूलियत दी जाए। मध्य प्रदेश शासन की ओर से यह भी निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश में अधिमान्य पत्रकारों को आवास ऋण पर ब्याज अनुदान योजना को संशोधित कर नवीन योजना 'अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों को आवास ऋण एवं शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना 2023' को स्वीकृत किया। नई योजना में अधिकतम ऋण राशि सीमा 25 लाख रूपए से बढ़ाकर 30 लाख रुपए की गयी है। साथ ही योजना में अधिमान्यता प्राप्त पत्रकारों के बेटे ,बेटियों की शिक्षा के लिये बैंक से लिये गये ऋण पर देय व्याज पर भी 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्ष के लिये राज्य शासन द्वारा वहन करने का निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश संचार प्रतिनिधियों के लिये स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में पत्रकारों से वर्ष 2022-23 के लिए भारित प्रीमियम दर के अनुसार ही इस वर्ष भी प्रीमियम राशि ली जायेगी।

# भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रविवार को!

**एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के उम्मीदवारों पर लग सकती है मुहर**

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में रविवार (1 अक्टूबर) को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, रविवार शाम को होने वाली इस बैठक में भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा सकती है। भाजपा मध्य प्रदेश के लिए अब तक उम्मीदवारों की तीन लिस्ट जारी कर चुकी है, जिसमें कुल मिलाकर पार्टी अब तक अपने 79 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा ने अब तक उम्मीदवारों की एक ही लिस्ट जारी की है ।

# पन्नीरसेल्वम भाजपा के साथ गठबंधन पर फिलहाल फैसला नहीं ले पाए



- तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल ने सोमवार को एनडीए गठबंधन से बाहर होने की घोषणा की

**चेन्नई,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु में प्रमुख विपक्षी दल ने सोमवार को एनडीए गठबंधन से बाहर होने की घोषणा की और कहा कि उसका भाजपा के साथ अब कोई रिश्ता नहीं है, मगर अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता ओ. पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) ने इस बारे में अभी तक कुछ नहीं कहा है। अन्नाद्रमुक के मुख्य समन्वयक और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री ओपीएस को सितंबर 2022 में पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। ओपीएस जहां अन्नाद्रमुक में दोबारा प्रवेश की कोशिश कर रहे हैं, वहीं वरिष्ठ नेता के. पलानीस्वामी और उनके करीबी इसके खिलाफ हैं। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी अन्नाद्रमुक के साथ समझौते की कोशिश कर रहा है और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पहल कर रहे हैं। हालांकि अन्नाद्रमुक के उप महासचिव के.पी. मुनुस्वामी ने कहा कि पार्टी के भाजपा के साथ गठबंधन में वापस जाने का कोई सवाल ही नहीं है। ओपीएस दक्षिण तमिलनाडु में एक बड़ी ताकत हैं और उनके समुदाय थेवर का वहां बहुत प्रभाव है, इसलिए यह केंद्र की भाजपा सरकार के साथ ओपीएस के लिए सौदेबाजी का बिंदु होगा। हालांकि उन्हें अभी इस बारे में फैसला लेना है।

**एआईएडीएमके नेता ने कहा, बीजेपी से कोई गठबंधन नहीं**

अन्नाद्रमुक के उप समन्वयक और पूर्व मंत्री के.पी. मुनुसामी ने गुरुवार को कहा कि पार्टी के एनडीए में वापस जाने या बीजेपी के साथ गठबंधन करने का कोई सवाल ही नहीं है। मुनुसामी कृष्णागिरी में मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे और उन रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व मध्यस्थता करने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा को काम सौंपा है। उन्होंने कहा, 'पीएम उम्मीदवार को आगे कर लोकसभा चुनाव का सामना करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारे मालिक तमिलनाडु के मतदाता हैं' पूर्व मंत्री, जो एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) के करीबी हैं, ने कहा कि पार्टी एक नया गठबंधन बनाएगी और लोकसभा चुनाव लड़ेगी।

# सांसद मनोज झा के समर्थन में उतरे लालू प्रसाद, कहा, कोई गलत बात नहीं कही



मनोज यादव विद्वान आदमी हैं, वे सही बात को बोलते हैं। झा ने कोई भी बात गलत नहीं कही है:-लालू प्रसाद

पटना। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल पर चल रहे चर्चा के दौरान 'ठाकुर का कुंआ' कविता सुनाए जाने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के निशाने पर आ गए हैं। इस बीच उन्हें अपनी पार्टी के अध्यक्ष लालू प्रसाद का साथ मिला है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि मनोज यादव विद्वान आदमी हैं, वे सही बात को बोलते हैं। उन्होंने कहा कि झा ने कोई भी बात गलत नहीं कही है। राजद अध्यक्ष ने आगे कहा कि झा की कविता ने किसी को ठेस नहीं पहुंचाया है। लालू ने कहा कि कुछ लोग अलग तरह का बयानबाजी कर रहे हैं। मनोज झा ने किसी को टारगेट नहीं किया है। लालू प्रसाद से जब राजद के विधायक चेतन आनंद द्वारा झा की कविता का विरोध पर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उसकी उतनी ही समझ है।

उल्लेखनीय है कि सदन में राज्यसभा सांसद झा

### बंगाल स्कूल नौकरी मामला
# ईडी ने अब अभिषेक बनर्जी के माता-पिता को भी तलब किया



**कोलकाता,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए कथत तौर पर करोड़ों रुपए लिए जाने के मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के माता-पिता लता बनर्जी और अमित बनर्जी को तलब किया है। उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए अगले सप्ताह बुलाया गया है। अभिषेक बनर्जी द्वारा एक्स पर यह जानकारी दिए जाने के ठीक एक घंटे बाद यह जानकारी सामने आई कि उन्हें मामले में पूछताछ के लिए 3 अक्टूबर को ईडी के साल्ट लेक कार्यालय में बुलाया गया है। सूत्रों ने कहा कि उनके माता-पिता को उस कंपनी के निदेशक के रूप में बुलाया गया है जहां अभिषेक बनर्जी सीईओ हैं। स्कूल नौकरी मामले में केंद्रीय एजेंसी की जांच के दौरान कॉर्पोरेट इकाई का नाम सामने आया।

सूत्रों ने कहा कि लता बनर्जी और अमित बनर्जी दोनों को ईडी अधिकारी ने अगले सप्ताह ईडी के उक्त कार्यालय में उक्त कॉर्पोरेट इकाई के निदेशक के रूप में उनके जुड़ाव से संबंधित प्रासंगिक कागजात और दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है। सूत्र ने कहा, दोनों को अपनी संपत्ति और निवेश के विवरण वाले दस्तावेजों के साथ आने के लिए भी कहा गया है। हाल ही में, कलकत्ता उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने भी ईडी को लता बनर्जी की संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार को होनी है।

# बंगाल कांग्रेस ने अधीर रंजन को सलाह देने पर शरद पवार की आलोचना की



बनर्जी और चौधरी के बीच जारी कड़वाहट ठीक नहीं है और चौधरी को मुख्यमंत्री के बारे में लगातार कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने की बुरी आदत :-शरद पवार

**कोलकाता,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई ने गुरुवार को राज्य कांग्रेस अध्यक्ष और पांच बार के लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना से बचने की सलाह देने के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार की आलोचना की। पवार ने कहा था कि बनर्जी और चौधरी के बीच जारी कड़वाहट ठीक नहीं है और चौधरी को मुख्यमंत्री के बारे में लगातार कठोर शब्दों का इस्तेमाल करने की बुरी आदत है। पवार ने कहा, 'यह सही नहीं है और इसे रोका जाना चाहिए।' उनकी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, चौधरी ने दावा किया कि राकांपा नेता ने जो कुछ भी कहा था वह उनके अपने दृष्टिकोण से था जो पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत से मेल नहीं खाता है। चौधरी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस 'उत्पीड़क' है और कांग्रेस 'उत्पीड़ित' है। इसलिए यहां हम 'उत्पीड़क' और 'उत्पीड़ित' के बीच संबंधों के आधार पर काम कर रहे हैं। मैं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के बारे में बात नहीं कर सकता। मैं पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर बोल रहा था।' राज्य कांग्रेस नेता सौम्या आइच रॉय ने यह भी दावा किया कि राकांपा नेता पश्चिम बंगाल में जमीनी हकीकत जाने बिना बिना बोल रहे हैं। सीपीआई (एम) नेतृत्व ने भी इस घटनाक्रम पर चौधरी का समर्थन किया है।

पार्टी की केंद्रीय समिति के सदस्य डॉ सुजन चक्रवर्ती के अनुसार, अगर एनसीपी नेता वास्तव में सोचते हैं कि तृणमूल कांग्रेस भाजपा विरोधी है, तो उन्हें टीएमसी को महाराष्ट्र में कुछ सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति देनी चाहिए।

### चुनावी सरगर्मी | *मध्यप्रदेश चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत*

# यूपी के नौ मंत्रियों को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश का विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए करो या मरो का सवाल बन गया है। पार्टी एक तरफ जहां अपने तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों व एक राष्ट्रीय महासचिव को उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतारा है,तो वहीं पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए उत्तरप्रदेश की योगी सरकार के एक उपमुख्यमंत्री के अलावा आठ मंत्रियों व एक विधायक को भी अहम मोर्चे पर लगा दिया गया है।**

इसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को भोपाल कैबिनेट मंत्रियों में स्वतंत्रदेव को सतना, दयाशंकर सिंह को बालाघाट, बेबीरानी मौर्य को ग्वालियर, राज्यमंत्रियों में दिनेश प्रताप सिंह को रायसेन, दयाशंकर मिश्र (दयालु)को दतिया, कपिलदेव अग्रवाल को दमोह, अनिल राजभर को सिवनी, जेपीएस राठौर को भोपाल संभाग व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के विधायक बेटे पंकज सिंह को विदिशा की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी ने राज्य में सत्ता



विरोधी रुझान को भांपते हुए पहले ही अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत कई बड़े चेहरों को मैदान में उतारने का ऐलान कर चुकी है। भाजपा की 39 उम्मीदवारों को सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते समेत सात सांसदों को उम्मीदवार बनाने का फैसला लिया है। पार्टी ने अभी तक जिन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है, इसमें से ज्यादातर सीटें वहीं हैं, जिन पर उसे 2018 के चुनावों में उसे हार का सामना करना पड़ा था।बतादें मध्यप्रदेश विधानसभा में कुल 230 सीटे हैं, किसी भी पार्टी को बहुमत हासिल करने के लिए 116 सीटों का जीतना जरूरी होगा।

**कई और राज्यों के मंत्री, सांसद संभालेंगे मोर्चा**

राजस्थान का विधान सभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने जम्मू कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और गुजरात के नेताओं की फौज को राजस्थान में उतार दिया है। भाजपा ने अलग-अलग प्रदेशों से आने वाले इन नेताओं को राजस्थान के अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंप कर भाजपा नेताओं को विजयी बनाने का टास्क सौंपा है। जम्मू कश्मीर से लोक सभा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को जयपुर शहर का और प्रदेश से ही आने वाले एक अन्य सांसद जुगल किशोर को जयपुर देहात उत्तर का प्रभारी बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के अन्य नेताओं की बात करें तो राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह को जयपुर देहात दक्षिण, पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को दौसा, प्रदेश से आने वाले राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र सिंह को श्रीगंगानगर, राज्य के पूर्व विधायक देवेंद्र राणा को जोधपुर शहर और पूर्व विधायक शक्ति परिहार को बाड़मेर जिले का प्रभारी बनाया है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को करौली जिले का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश से जुड़े अन्य नेताओं की बात करें तो उत्तराखंड सरकार के मंत्री धन सिंह रावत को धौलपुर, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत को उदयपुर शहर और उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार को बारां जिले का प्रभारी बनाया गया है।

बिलासपुर, शुक्रवार 29 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## हेट स्पीच में हिन्दुत्ववादी संगठनों की संलिप्तता उजागर

पिछले कुछ समय में देश में हेट स्पीच की बाढ़ आई हुई है। दिन गुजरने के साथ इनमें वृद्धि ही दर्ज हो रही है। इसके कारण समाज में परस्पर नफ़रत और हिंसा का माहौल है। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार पर आरुढ़ होने के बाद से हेट स्पीच उफान पर हैं। वैसे भी यह हमेशा से साफ था कि कड़ुवे बोलों के लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा में पगे लाखों कार्यकर्ता, उसकी राजनैतिक विंग भाजपा के समर्थक तथा अन्य अनुषांगिक संगठनों के लोग जिम्मेदार हैं। 'हिन्दुत्व वॉच' ने इस वर्ष की पहली छमाही की जो रिपोर्ट प्रकाशित की है, उससे इसकी पुष्टि होती है।

'हिन्दुत्व वॉच' ने अनेक जहर बुझे भाषणों व वक्तव्यों का अध्ययन कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है, जिसका सारांश ही सारी कहानी को बयां कर देता है। उसके अनुसार, 2023 के प्रथम छह महीनों में ऐसे 255 दस्तावेजी वक्तव्य या घटनाएं हुई हैं जिनके निशाने पर मुस्लिम थे। इनमें से 205 (80 फीसदी) घटनाएं भाजपा प्रशासित राज्यों में हुई हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में सर्वाधिक वाकये हुए। अकेले महाराष्ट्र में ये 29 प्रतिशत रहे। जिन 8 राज्यों में इस तरह की घटनाएं सर्वाधिक हुईं उनमें से 7 में भाजपा की सरकारें हैं। करीब 52 प्रतिशत मामले भाजपा वाले राज्यों व केन्द्र प्रशासित राज्यों (यूटी) में हुए और इनके लिये आरएसएस के साथ उसके परिवार के विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सकल हिन्दू समाज और भाजपा की इनमें संलिप्तता है। कुल 17 राज्यों व 2 यूटी, जिन पर भाजपा की केन्द्र सरकार के जरिये हुकूमत चलती है, ऐसे वक्तव्यों व कृत्यों के लिये वही जिम्मेदार पाई गई है। लगभग 64 फीसदी हेट स्पीच मुस्लिम विरोधी बहुप्रचारित अवधारणाओं के प्रभावित पाई गईं। इनमें से 33 प्रतिशत में मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा करने का आह्वान किया गया तो 11 फीसद में मुस्लिमों के बहिष्कार की और 4 प्रतिशत में मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की अपील की गई। 12 फीसद भाषणों में हथियारबंद होने की बात कही गई है। इन नफरती व हिंसक बयानों का सम्बन्ध सीधे-सीधे चुनावों से भी जुड़ता नज़र आता है। 33 फीसद ऐसे वक्तव्य उन राज्यों में दिये गये जहां 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं तो वहीं 36 प्रतिशत उनमें हुए जहां 2024 में राज्य के चुनाव होंगे।

इस तरह देखें तो यह रिपोर्ट आंखें खोल देने वाली है। यह शीशे की तरह एकदम से साफ है कि पिछले कुछ समय से इस तरह के हेट स्पीच से समाज को रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है। निचले स्तर की बात छोड़ दें तो पाया यह गया है कि ऊंचे स्तर पर बैठे लोग इस प्रवृत्ति को आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा से जुड़े लोग संसद हो या चुनावी मंच, धार्मिक समारोह हों या समाचार चैनलों पर होने वाली डिबेट, वे नफरती बयान देने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते। पिछले साल के जून में भाजपा की प्रवक्ता नुपूर शर्मा ने मोहम्मद पैगम्बर के खिलाफ विवादास्पद बयान दिया था जिसके कारण अनेक अरब देशों में तक उनके खिलाफ रोष फैल गया था। पार्टी ने उन्हें निकाल दिया था। पश्चिम दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा द्वारा मुस्लिम दुकानदारों से सामान न खरीदने की अपील से भी लोगों में नाराज़गी फैली थी। केन्द्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट के सांसद अनुराग ठाकुर ने रिठाली में एक भाषण में 'देश के गद्दारों को, गोली मारो ...को' कहकर नफरती माहौल पैदा किया था। निर्वाचन आयोग ने उन पर 72 घंटे का प्रतिबन्ध लगाया था और भाजपा ने दिखावे के लिये उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची से निकाल दिया था। अलबत्ता, दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें व प्रवेश वर्मा के खिलाफ हेट स्पीच के मामले यह कहकर खारिज कर दिये थे कि 'चूंकि यह बात मुस्कुरा कर कही गई थी इसलिये कोई अपराध नहीं बनता।' 20 करोड़ मुस्लिमों की हत्या करने की बातें साफ तौर पर और धर्म संसद के खुले मंचों से की गई थीं।

वैसे तो पिछले कुछ वर्षों के ऐसे अनेक उदाहरण हैं लेकिन इनका समग्र असर कितना भयावह है, उसके लिये बहुत हाल की कुछ घटनाओं पर ही दृष्टिपात कर लेना काफी होगा। ऐसे भाषणों का परिणाम मणिपुर में देखा जा रहा है जो पिछले छह महीनों से साम्प्रदायिक हिंसा में लगातार जल रहा है। हिन्दू आदिवासी मैतेई और ईसाई आदिवासी कुकी लोगों के हिंसक टकराव से सैकड़ों लोग मारे गये हैं, लाखों बेघर हुए हैं और कई शिविरों में रह रहे हैं। लगभग पूरा राज्य अशांत घोषित कर दिया गया है। नूंह में हुए हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगों की आग अब भी पूरी तरह से बुझी नहीं है। कुछ अरसा पहले जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में रेलवे पुलिस के एक जवान द्वारा तीन मुस्लिम यात्रियों की सर्विस राइफल से हत्या भी हेट स्पीच का ही परिणाम है।

ताज़ा मामला संसद का है। नये भवन में हो रहे विशेष सत्र के अंतिम दिन (21 सितम्बर) की शाम को चन्द्रयान की सफलता पर हो रही चर्चा के दौरान दक्षिण दिल्ली के भाजपायी सांसद रमेश बिधूड़ी उस वक्त अपना आपा खो बैठे जब भारत में अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति का श्रेय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया जाने लगा। नाराज़ बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी को कई धर्मसूचक गालियों से नवाज़ दिया। उन्हें पार्टी ने कारण बताओ नोटिस तो थमाया है पर राजस्थान विधानसभा के चुनावों के लिये महत्वपूर्ण टोंक सीट का प्रभारी भी बना दिया है जो बताता है कि भाजपा का हेट स्पीच के मामलों में पूरा समर्थन है।

# चौपड़ के पासों पर राजस्थानी मतदाताओं की निगाहें

जयपुर का खूबसूरत परकोटा विश्व विरासत की महत्वपूर्ण धरोहर है और इसी परकोटे में वास्तुकार विद्याधरजी की बनाई चौपड़ भी है। यहां का बाज़ार चौपड़ की डिज़ाइन का है। वही चौपड़ जिस पर पांसे फेंककर कौरवों और पाण्डवों ने द्युत क्रीड़ा को अंजाम दिया था। उसके बाद फिर द्वापर युग की पूरी राजनीति बदल गई थी। यहां भी चुनावी राजनीति का रंग राजधानी जयपुर से जमना शुरू हो गया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राहुल गांधी ने एक के बाद एक चुनावी सभाएं कीं। इन दोनों के आने से जनता के बीच भले ही कोई बड़ी हलचल न हुई हो लेकिन दलों के भीतर भूचाल आ गया है। मोदी के मंच पर दो बार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को बोलने का मौका नहीं मिला, तो राहुल गांधी भी जाते-जाते बम फोड़ गए कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ तो हम जीत ही जाएंगे, राजस्थान में टक्कर कांटे की है। बेचारे अशोक गहलोत, जिन्होंने रेगिस्तान की धरती पर जितनी बारिश नहीं होती उतनी तो योजनाओं की बरसात कर दी है, केवल इतना ही कह पाए कि हम और मेहनत करेंगे। कोई बिरला ही नेता होगा जो सरेआम अपनी पार्टी के पीछे होने की बात कह जाए। रवायत तो यही है कि घर में चाहे दाने ना हों लेकिन भुनाने का ढोंग पूरा करना है। तय तो यह भी हो गया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान जीतती है तो भी वसुंधरा मुख्यमंत्री नहीं बनेंगी।

राजस्थान बीते छह बार से एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा की सरकार बनाता आ रहा है। इस बार बारी भाजपा की है, शायद इसलिए भी भाजपा ने वसुंधरा राजे को हाशिये पर रखने का जोखिम लिया है जबकि आज भी वे ही प्रदेश की सबसे बड़ी नेता हैं। उनकी माता विजया राजे सिंधिया ने जनसंघ के ज़माने से पार्टी को पाला-पोसा है। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के साथ वे बड़ी नेता थीं। राजस्थान में वसुंधरा की मौजूदगी में भीड़ भी जुटती है इसलिये अगर वे परिवर्तन यात्राओं के केंद्र में होतीं तो कथा कुछ और होती। उनकी खासियत है कि वे कभी विरोधी के सामने गरिमा नहीं खोतीं। केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा रहती है कि जोशीले और उकसाने वाले बयान प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से भी आएं। वसुंधरा ने ऐसा तब भी नहीं किया जब उदयपुर में एक व्यक्ति की हत्या को पूरी तरह से सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश हुई थी। केंद्र को प्रभावित करने के लिए अन्य नेताओं ने लगातार तीखे बयान दिए थे और सनातन के मुद्दे पर भी हिंसक बयान दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया। 'सनातन का विरोध करने वालों की जुबान खींच ली जाएगी' और 'आंखें निकाल लेंगे' जैसे शब्द मंत्री ने अपनी सभा में कहे। आज की सियासत को यह गलतफ़हमी हो गई है कि केवल आक्रामक भाषा और इवेंटबाजी से ही चुनाव जीते जा सकते हैं। मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र की सरकारें असमय गिरा दी गईं लेकिन राजस्थान में यह मुमकिन नहीं हो सका। उसकी एक वजह वसुंधरा राजे की गंभीर राजनीति भी रही। जनता के मत का मान यहां दोनों ही पक्षों के नेता रखते हुए दीखते हैं। ज़ाहिर है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस सबसे खुश नहीं होता।

भाजपा को उम्मीद है कि किसी को चेहरा नहीं बनाने से उम्मीद से भरा हर चेहरा पार्टी के लिए काम करेगा- राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़ सब। पार्टी को भले ही इसमें लाभ दिखाई दे सकता है लेकिन जनता चेहरा चाहती है। जनता यह भी देखती है कि पार्टी का अपना विश्वास उनके अपने नेताओं में कितना है। हाल ही में वसुंधरा राजे ने जयपुर स्थित अपने निवास पर केवल महिलाओं की बैठक की थी और यह संख्या हज़ारों में थी। अभी से केंद्रीय नेता राजस्थान में लगातार डेरा डाले हुए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आदि के दौरे भी लगातार जारी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तो चुटकी भी ले चुके कि उपराष्ट्रपति अगर राष्ट्रपति बनेंगे तो भी हम स्वागत करेंगे लेकिन अभी मेहरबानी रखें। बार-बार, सुबह-शाम आ रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। राजस्थान में चुनाव चल रहे हैं। बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे। ये संवैधानिक संस्थाएं हैं। इनका मान रहना चाहिए। जवाब में शेखावत ने कह दिया कि अब क्या राजस्थान आने के लिए गहलोत से वीजा लेना होगा? यूं देश के कुल चालीस दौरों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ 17 बार राजस्थान आए हैं। बहरहाल गृहमंत्री अमित शाह ने जयपुर में मेराथन मीटिंग कर टिकटों का हिसाब-किताब कर दिया है। पार्टी ने सी श्रेणी में 76 और डी में 19 सीटों को रखा है जहां वे कमज़ोर हैं। सी श्रेणी में वे सीटें शामिल हैं जहां पिछले तीन चुनावों में से एक बार भाजपा को जीत मिली है और डी में एक भी नहीं। ऐसे में पार्टी की क्या रणनीति होगी? बुधवार को ही एक नाम तुरंत सामने आ गया है। दक्षिण दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी अब टोंक ज़िले का मोर्चा संभालेंगे। टोंक गुर्जर और मुस्लिम बहुल क्षेत्र है जहां सचिन पायलट का करिश्मा काम करता है। भाजपा उस बिधूड़ी को यहां लाई है जिन्होंने लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के सदस्य दानिश अली को उनके धर्म के नाम पर अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया था। पार्टी ने उन्हें इनाम दे दिया है। पार्टी उग्र बयानवीरों को नवाज़ती है- यह इस संगठन के सदस्यों को खूब पता है। नया केवल इतना है कि अब 'लोकतंत्र का मंदिर' भी अखाड़ा है।


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> भाजपा को उम्मीद है कि किसी को चेहरा नहीं बनाने से उम्मीद से भरा हर चेहरा पार्टी के लिए काम करेगा- राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़ सब। पार्टी को भले ही इसमें लाभ दिखाई दे सकता है लेकिन जनता चेहरा चाहती है। जनता यह भी देखती है कि पार्टी का अपना विश्वास उनके अपने नेताओं में कितना है।

राजस्थान में किसी एक के हक़ में कोई लहर नहीं है। वर्तमान विधानसभा में कुल दो सौ में कांग्रेस के पास 108 और भाजपा के पास 70 सीटें हैं। जनता गहलोत सरकार को सुस्त सरकार भी नहीं कह रही है। सचिन पायलट और गहलोत के गहरे मतभेदों ने पार्टी को कमज़ोर किया लेकिन फिलहाल सचिन पायलट शांत हैं। एक झटका कांग्रेस को उस वक्त लगा जब राजस्थान के बड़े जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पौत्र वधु ज्योति मिर्धा ने बीते सप्ताह भाजपा का दामन थाम लिया। वे एक समय नागौर से सांसद रहीं लेकिन पिछले चुनाव में उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेज गति से उभर रहे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने हरा दिया। उससे पहले वे भाजपा से हारी थीं। बेनीवाल छोटी पार्टियों में सशक्त माने जाते हैं और स्पष्ट बहुमत न मिलने पर किसी की भी सरकार बनाने और बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। फिलहाल उनके तीन विधायक हैं। मध्यप्रदेश में 'लाड़ली बहना योजना' की चर्चा है तो यहां महिलाओं को स्मार्ट फ़ोन दिए जा रहे हैं। जिन्हें फ़ोन मिला है उन्होंने बताया कि इसमें अगले कुछ महीनों तक इंटरनेट मुफ्त है। यूं धरातल पर 'चिरंजीवी बीमा योजना' भी कारगर देखी जा रही है। एक मित्र ने हैरान होकर फ़ोन पर बताया कि जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उसकी न्यूरो सर्जरी बिलकुल मुफ्त हो गई। इसका अर्थ यह कतई नहीं लगाया जाना चाहिए कि हर गरीब को इलाज मिल रहा है। वह अब भी बिना इलाज के मरने के लिए अभिशप्त है। सरकारों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जनता की सीधी पहुंच अस्पतालों तक हो। महिलाओं के लिहाज से राजस्थान अब भी सामंती राज्य है। बलात्कार, ऑनर किलिंग जैसे अपराध ज़्यादा हैं। सरकारों को इस पर बहुत काम करने की ज़रूरत है। गहलोत सरकार ने एक महकमा बनाया है जिसकी कमान वरिष्ठ आईपीएस के पास है। यह विभाग शादी के इच्छुक अलग-अलग बिरादरियों के युवा जोड़ों की मदद करता है। संभव है कि ऐसे महकमे जब वास्तव में सक्रिय होंगे तो ऑनर किलिंग के मामलों में कमी आएगी। अभी परिवार बच्चों के अन्यत्र शादी करने पर उन्हें बहिष्कृत कर देते हैं और बेटियों को जान से मारने में भी देर नहीं लगाते।

एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा रही भारतीय जनता पार्टी के खेमे में उत्साह है क्योंकि यहां की जनता हर पांच साल में रोटी पलट देती है। इस हिसाब से अबकी भाजपा को उम्मीद है लेकिन वसुंधरा को कम तवज्जो मिलना तकलीफ़ पहुंचा सकता है। वे सीएम रह चुकी हैं और वर्तमान सरकार को सीधे चुनौती देकर बता सकती हैं कि उनके कार्यकाल में किन योजनाओं ने बेहतर किया और गहलोत सरकार ने कहां मात खाई है। अखबार दोनों दलों के बड़े-बड़े इश्तेहारों से अटे पड़े हैं। पीएम के साथ केंद्र की योजनाओं का बखान होता है तो दूसरी ओर सीएम राज्य की योजनाओं के गुणगान करते हैं। प्रधानमंत्री को इनमें भाग्य विधाता लिखा जाता है। मुकाबला पीएम बनाम सीएम का हो गया है। महिला आरक्षण बिल की गारंटी भी चर्चा में है। पीएम ने कहा है कि 'मोदी की गारंटी में लोगों को भरोसा है।' वैसे राजस्थान के भाजपा नेताओं को एक डर और सता रहा है कि कहीं यहां भी छाताधारी सांसद और बड़े नेताओं को न उतार दिया जाए। मध्यप्रदेश में यही हुआ है। नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, कैलाश विजयवर्गीय आदि समेत 7 सात सांसद अब विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। विजयवर्गीय तो राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। ऐसा भाजपा ने पश्चिम बंगाल में भी किया था लेकिन नतीजे नहीं मिले थे। कर्नाटक में भी भाजपा का कोई सीएम चेहरा नहीं था। नतीजे वहां भी नहीं मिले। राजस्थान की जनता नेताओं को कसकर रखती है। वह चौपड़ पर फेंके जा रहे पांसों पर पैनी निगाह रखे हुए है।

**(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# विफलता की कहानी है मोदी के 'मेक इन इंडिया' के दस साल

■ **गिरीश लिंगन्ना**

मेक इन इंडिया' की दसवीं वर्षगांठ से पहले धूमधाम की स्पष्ट कमी यह संकेत देती है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आखिर स्वीकार कर लिया है कि बड़े धूमधाम वाले प्रचार भी अब विनिर्माण क्षेत्र की खतरनाक गिरावट को छिपाने में प्रभावी नहीं हैं।

भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम मेक इन इंडिया ने 25 सितंबर को अपना दसवां वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन भव्य आयोजनों और समारोहों के प्रति अपनी रुचि के लिए जानी जाने वाली सरकार में एक असामान्य चुप्पी छा गई।

भारी उत्साह के बीच, मेक इन इंडिया का उद्घाटन किया गया था, और सरकार ने अपने लिए तीन महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये थे: 1. 12-14 फीसदी की वार्षिक विनिर्माण विकास दर प्राप्त करना, 2. 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को 25फीसदी तक बढ़ाना, और 3. 2022 तक विनिर्माण उद्योग में 10 करोड़ नौकरियां सृजित करना।

उत्सवों की अनुपस्थिति के लिए इस तथ्य को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है कि कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल नहीं हुई है। 2013-14 से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगातार औसतन 5.9फीसदी रही है, 2022-23 में विनिर्माण की हिस्सेदारी 16.4फीसदी पर स्थिर रही। इसके अलावा, 2016 और 2021 के बीच विनिर्माण नौकरियों की संख्या आधी हो गई। मेक इन इंडिया दशक के दौरान, कार्यबल में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2011-12 में 12.6 फीसदी से घटकर 2021-22 में 11.6फीसदी हो गई।

समग्र रूप से निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद, सरकार असाधारण घटनाओं को विशिष्ट परिणामों के रूप में प्रस्तुत करना जारी रखती है। उदाहरण के लिए, एपल के आईफोन निर्माण का मामला लें। यह बताया गया है कि एपल ने भारत में अपने आईफोन का उत्पादन तीन गुना कर दिया है, लगभग 7फीसदी डिवाइस अब देश में निर्मित किये जा रहे हैं। सरकार और उसके समर्थकों ने इन आंकड़ों को महत्वपूर्ण विनिर्माण कौशल के प्रमाण के रूप में प्रचारित करने का विकल्प चुना है। हालांकि, संख्याओं की एक सरसरी जांच ऐसे दावों को खारिज करने के लिए पर्याप्त है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के विस्तार पर नज़र रखता है। भारत में, आईआईपी में मामूली वृद्धि देखी गई है, जो 2013-14 में 106.7 से बढ़कर 2022-23 में 138.5 हो गई है, जो औसत वार्षिक वृद्धि दर 2.9फीसदी है। हालांकि, एक मजबूत विनिर्माण क्षेत्र आमतौर पर 7-8फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर दर्शाता है। 2014 के बाद से, कई क्षेत्र चुनौतियों से जूझ रहे हैं और इन विकास अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाये हैं।

कठोर वास्तविकता यह है कि 2013-14 के बाद से विद्युत उपकरणों के विनिर्माण में -1.8फीसदी की औसत वृद्धि दर देखी गई है। इसी प्रकार, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद क्षेत्र केवल 2 फीसदी की औसत दर से बढ़ा है, जबकि परिवहन उपकरण उद्योग ने 2.3फीसदी की वृद्धि दर का अनुभव किया है, और मोटर वाहन उत्पादन केवल 1.6फीसदी की दर से बढ़ा है। कपड़ा, परिधान और चमड़ा उद्योगों के लिए, जो परंपरागत रूप से रोजगार सृजन के स्रोत रहे हैं, ने क्रमशः -0.5फीसदी, 1.2फीसदी और -1.8फीसदी की वृद्धि दर दिखाई है।

व्यापक बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, विशेषकर युवा स्नातक बेरोजगारी दर 42.3फीसदी तक है। इसका श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि विनिर्माण क्षेत्र को वह गति नहीं मिल पाई है जो मिलनी चाहिए। हालांकि एपल का भारत में अपने उत्पादन कार्यों का विस्तार उत्साहजनक है, लेकिन यह पूरी तस्वीर प्रदान नहीं करता है।

छिटपुट रूप से केवल कुछ फैक्टरियां बनाना समाधान नहीं है। भारत को विभिन्न राज्यों में फैली सैकड़ों नई फैक्टरियों की स्थापना की आवश्यकता है, जो आबादी के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करने वाली वस्तुओं का उत्पादन करती हैं। उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण से यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र ने अपनी सारी शक्ति खो दी है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के नेतृत्व में, कारखानों की संख्या में लगभग 100,000 की वृद्धि हुई थी। वर्ष 2013-14 और 2019-20 के बीच, यह वृद्धि काफी धीमी हो गई, मोदी सरकार के तहत केवल 22,000 कारखानों की वृद्धि हुई है। यूपीए काल के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से रोजगार के अवसर बढ़े, कारखाने में रोजगार 6.2फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ता रहा। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह विकास दर गिरकर 2.8फीसदी पर आ गई। इसी तरह, यूपीए के तहत श्रमिकों की मजदूरी 17.1फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ी, लेकिन 2014 के बाद से घटकर 8.4फीसदी हो गई।

यूपीए के नेतृत्व में फैक्ट्री का मुनाफा 18.9फीसदी की वार्षिक दर से लगातार बढ़ रहा था, जबकि अब यह घटकर मात्र 0.6फीसदी रह गया है। मजबूत नीति निर्माण पर मार्केटिंग और नारों को तरजीह मिलने से पहले के युग में, सरकार ने लगन से अपनी जिम्मेदारियां निभाईं और परिणाम स्वयं स्पष्ट हैं। अधिक कारखानों की स्थापना, अधिक श्रमिकों के रोजगार, कर्मचारियों के लिए उचित वेतन और मालिकों के लिए पर्याप्त मुनाफे में वृद्धि हुई। इस अनुकूल माहौल ने उद्योगों को बनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा ई क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश हुआ। यूपीए के दौरान सकल पूंजी निर्माण का औसत प्रभावशाली 21.3फीसदी था, लेकिन तब से यह नकारात्मक हो गया है, -0.7 फीसदी पर।

> व्यापक बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, विशेषकर युवा स्नातक बेरोजगारी दर 42.3फीसदी तक है। इसका श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि विनिर्माण क्षेत्र को वह गति नहीं मिल पाई है जो मिलनी चाहिए। हालांकि एपल का भारत में अपने उत्पादन कार्यों का विस्तार उत्साहजनक है, लेकिन यह पूरी तस्वीर प्रदान नहीं करता है। छिटपुट रूप से केवल कुछ फैक्टरियां बनाना समाधान नहीं है।

निवेश की अनुपस्थिति सरकार की नीतियों में घटते विश्वास का स्पष्ट संकेतक है। एक साल पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विनिर्माण क्षेत्र में निवेश करने की अनिच्छा के लिए उद्योग जगत के नेताओं को फटकार लगाई थी और उनसे झिझक के अपने कारण साझा करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा, 'मैं इंडिया इंक से सुनना चाहती हूं, आपको क्या रोक रहा है? हम उद्योग को यहां निवेश करने के लिए सब कुछ करेंगे...।' यह अनिश्चित है कि उन्हें उस दिन कोई प्रतिक्रिया मिली या नहीं, लेकिन हम जो जानते हैं वह यह है कि अर्थव्यवस्था अभी भी मांग की कमी से जूझ रही है। विनिर्माण में निवेश की कमी का कारण वस्तुओं और सेवाओं की अपर्याप्त मांग है।

यदि विमुद्रीकरण और अपर्याप्त रूप से डिजाइन किये गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसी नीतिगत त्रुटियां न होतीं तो विनिर्माण क्षेत्र ने शायद एक अलग रास्ता अपनाया होता। उत्तरार्द्ध का सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (एमएसएमई) के संकीर्ण लाभ मार्जिन पर विशेष रूप से कठोर प्रभाव पड़ा। मार्च 2020 में अचानक, अनियोजित कोविड-19 लॉकडाउन की घोषणा से सुधार के कोई भी मामूली संकेत नष्ट हो गये। दुर्भाग्य से, सरकार की प्रतिक्रिया कमज़ोर रही है। उच्च आयात शुल्क लगाना और लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को लागू करना उन व्यवसायों या विदेशी निर्माताओं के बीच विश्वास को प्रेरित करने में विफल रहता है जो अपनी 'चाइना प्लस वन' रणनीति के हिस्से के रूप में अपने संचालन में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत पर कमजोर विनिर्माण क्षेत्र का प्रतिकूल प्रभाव आंकड़ों से कहीं अधिक है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार की आर्थिक नीतियों की सबसे तीखी आलोचना अनजाने में विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से आई। इस साल की शुरुआत में एक साक्षात्कार में, जयशंकर ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि चीन की आर्थिक ताकत इस बात को प्रभावित करती है कि सरकार सीमा उल्लंघन को कैसे संबोधित करती है। मंत्री के इस पराजयवादी रुख का हमारी राष्ट्रीय स्थिति और हमारे सुरक्षा बलों के मनोबल पर असर पड़ा है और इसने सरकार के भीतर ही सवाल खड़े कर दिये हैं।

एक दशक के दौरान किसी नीति का मूल्यांकन करने से मूल्यांकन के लिए पर्याप्त समय मिलता है। जब कोई कार्यक्रम लगातार अपने उद्देश्यों से पीछे रह जाता है, तो यह एक संकेत के रूप में काम कर सकता है कि इसे अधिक प्रभावी दृष्टिकोण के पक्ष में अलग करने का समय आ गया है।

## 1 अक्टूबर अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस

# वृद्धों के प्रति धारणा बदलने की जरूरत

हम प्रतिवर्ष बुजुर्ग दिवस अथवा वृद्ध दिवस की एक थीम लेकर चलते हैं। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ में जो थीम दी है वह-'बुजुर्ग लोगों के लिए मानवाधिकार की सार्वभौम घोषणा के वादों को पूरा करना' के रूप में सामने लाई गई है। बुजुर्ग हमारे घर-परिवार और जीवन की मजबूत नींव होते हैं, जिन्हें हम उस जड़ के रूप में समझ सकते हैं- जिसके बिना समाज रूपी पेड़ खड़ा नहीं हो सकता, सूख जाएगा। वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की शुरुआत 1991 में इसी सोच के साथ की गई थी कि- दुनिया भर में बुजुर्गों को उनका सही स्थान मिले। वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें। उनके हिस्से की सारी खुशियां उन्हें मिल सकें। हम देख रहे हैं इस डिजिटल युग में पुरानी व नई पीढ़ी के मध्य नैतिक मूल्यों का संतुलन पूरी तरह डगमगा गया है! हमारे बुजुर्गों को जिस उम्र में संवेदना की सबसे ज्यादा जरूरत है, उस उम्र में उन्हें कोई सुनने वाला तक नहीं है। यह बुजुर्गों के जीवन का सबसे बड़ा संकट है। जीवन की सुनहरी संध्या में एक वृद्ध को जिस लगाव, स्नेह और अपनेपन की जरूरत है- उसे उसका परिवार चाहे तो यह सब दे सकता है, किंतु बिगड़ी जीवन शैली के चलते बेटा-बहू सहित पोते-पोतियों का व्यवहार बुजुर्गों को और अधिक दुखी करता दिख रहा है। हम अपने इतिहास को खंगाले तो यह बात सामने आती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को सदैव आदर के साथ सर्वोच्च सम्मान मिलता रहा है। वे दया के पात्र नहीं वरन पारिवारिक संरचना के अधिकार संपन्न मुखिया रहे हैं। वृद्ध हमारे लिए कभी भी समस्या नहीं रहे। उनके ज्ञान, अनुभव, कार्य-व्यवहार और कौशल से हमने प्रेरणा लेकर अपने जीवन की बगिया को सींचा है। मैं फिर किसी कवि की लाइनों में खो गया हूं-

खुद को भूल गए जो, तुम्हें कुछ बनाने में,
कुछ पल उनके साथ, बिता कर तो देखिए।
थकी आंखों, कांपते हाथों से नजरें न चुराओ,
खुद को भी इस रूप में, बिठाकर तो देखिए।

वर्तमान में जो दृश्य रोज सामने आ रहे हैं, वे भयाक्रांत करने वाले हैं। वृद्धजनों तथा वर्तमान पीढ़ी के बीच वैचारिक अंतराल ही एक बड़ी समस्या है। दोनों का ही सोचने का अपना अलग नजरिया है। ऐसे में कई बार वृद्ध-जन खुद को पारिवारिक रूप से उपेक्षित महसूस करते हैं। ऐसे संवेदनशील मामले में समाज को गंभीरतापूर्वक विचार कर समाधान निकालने की मुकम्मल कोशिश जरूर करनी चाहिए। वृद्धों का समाज हमारे लिए पारंपरिक ज्ञान का कल्पवृक्ष है, जिसे हमें संरक्षित करने की नितांत जरूरत है।

मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पुरानी और नई पीढ़ी के मध्य नैतिक मूल्यों का संतुलन साध कर बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन दिया जा सकता है।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# कितना सफल हुआ खुले में शौच से मुक्ति का अभियान ?

2011 की जनगणना के अनुसार देश के 53.1 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं था। जिसकी वजह से महिलाओं और लड़कियों को सबसे ज्यादा मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। खुले में शौच जाने से महिलाओं और लड़कियों को न केवल मानसिक प्रताड़ना से गुज़रना पड़ता है बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। घर में शौचालय न होने की वजह से लड़कियां और महिलाएं सुबह सूरज निकलने से पहले घर से दूर शौच के लिए जाती हैं और फिर पूरे दिन वह जाने से परहेज़ करती हैं। इसकी वजह से उन्हें कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। दिन में शौच से बचने के लिए वह काफी कम मात्रा में भोजन ग्रहण करती हैं जिससे कई महिलाएं और किशोरियां कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। घर में शौचालय न होने का सबसे अधिक खामियाजा गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ता है। जिसका असर उनके प्रसव में नज़र आता है।

घर में शौचालय की कमी का एक उदाहरण राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के बिंझरवाड़ी गांव में देखने को मिलता है जहां कई घरों में शौचालय व्यवस्था न होने के कारण लोग परेशान हैं। हालांकि 3 अप्रैल 2018 को ही राजस्थान की तत्कालीन सरकार ने सभी 43 हज़ार 344 गांवों, के साथ-साथ 295 पंचायत समितियों और 9894 ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त घोषित कर दिया था। इसका अर्थ है कि गांवों के सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है लेकिन ज़मीनी हकीकत में यह शत-प्रतिशत सच नहीं है।

गांव के एक सामाजिक कार्यकर्ता मनी राम बताते हैं कि जब गांव के अधिकतर घरों में शौचालय नहीं था उस समय महिलाओं और किशोरियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसकी वजह से वह बीमार और कुपोषित रहती थीं। मनी राम के अनुसार 2014-15 के आंकड़ों के मुताबिक गांव के 90 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं थे। इस समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने गांव वालों को घर में शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्हें न केवल घर में शौचालय होने के लाभों से अवगत कराया बल्कि शौचालय बनाने के लिए उन्होंने लोन की व्यवस्था भी करवाई। उन्होंने गांव के एसएचजी की सहायता से उन्हे 10000 का लोन दिलवाया। जिसके बाद गांव के कुछ घरों में शौचालय का निर्माण शुरू हुआ।

वह बताते हैं कि शुरू में अज्ञानतावश लोगों ने घरों में शौचालय निर्माण का विरोध भी किया गया और इसे परंपरा के विरुद्ध भी बताया लेकिन वह लगातार लोगों को इस दिशा में जागरूक करते रहे। धीरे-धीरे गांव वालों को घर में शौचालय की महत्ता समझ में आने लगी। आज बिंझरवाड़ी गांव के लगभग सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। जबकि जिन घरों में अभी तक शौचालय नहीं बने हैं मनी राम उन्हें भी इसके लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि गांव की सभी महिलाओं और किशोरियों को खुले में शौच से मुत्चि मिल सके।

ऐसे में इस बात का ख्याल रखना ज़रूरी है कि सरकार की इतनी बड़ी योजना के तहत चलाये जा रहे अभियान से कोई घर वंचित न रह जाए। इसके लिए पंचायत स्तर पर बारीकी से नज़र रखने की ज़रूरत है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने पिछले माह के अंत में जारी बुलेटिन में कहा था कि देश में कुल चार लाख 31 हज़ार 350 से अधिक गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। यह एक सुखद संदेश है।

**खुशी यादव, बीकानेर, राजस्थान**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
शुक्रवार 29 सितंबर 2023

उल्टा पुल्टा

चिंटू जंगल में जा रहा था, अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया।
यह देखकर भालू आया और चिंटू के कान में बोला- भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।

# केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण,अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर लहराया परचम- प्रो. चक्रवाल

## गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत के श्रेष्ठतम 50 विश्वविद्यालयों में शामिल

**बिलासपुर** , 28 सिंतबर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के मुताबिक भारत के श्रेष्ठतम 50 विश्वविद्यलायों में शामिल हो गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सशक्त, दूरदर्शी एवं लोकप्रिय नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में पिछले दो वर्षों में अथक परिश्रम किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब दिखने लगे हैं। छत्तीसगढ़ का एकमात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय न सिर्फ राष्ट्रीय अपितु अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर अपनी अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रहा है। टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग इस बात का प्रमाण है कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय अपने अकादमिक योगदान के साथ ही सामाजिक गुरुत्तर दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए श्रेष्ठता के नित नये सोपान हासिल कर रहा है।

यह पहला अवसर है जबकि गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में स्थान मिला है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्तर की इस रैंकिंग व्यवस्था में विश्वविद्यालय 1001-1200 की बैंड में शामिल हुआ है। इस बैंड में 44वीं रैंकिंग से 57वीं रैंकिंग तक के भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण जिसमें शिक्षार्थी का समग्र विकास सुनिश्चित हो, के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये हैं। जिनमें विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन, स्वावलंबी दायित्वों का बोध कार्य के संपादन के दौरान कराया गया। उद्यमिता एवं स्टार्ट अप की दिशा में भी विश्वविद्यालय ने नये आयाम छुए हैं। इनोवेशन सेंटर, कौशल विकास केन्द्र एवं टेकनालॉजी इनेबलिंग सेंटर की स्थापना के साथ ही विश्वविद्यालय ने अद्वितीय स्टार्ट अप




विश्वविद्यालय की यह सफलता रोडमैप के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने, विश्वविद्यालय में सकारात्मक अकादमिक वातावरण बनाते हुए टीम जीजीवी के रूप में सभी को समन्वित रूप से कार्य में लगाते हुए वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में किये गये प्रयासों का प्रतिफल है। विश्वविद्यालय ने नवोन्मेष एवं परस्पर सहयोग के साथ छत्तीसगढ़ योजना के माध्यम से छात्रों में कौशल विकास करते हुए 1200 से अधिक विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाया, छात्रों में सेवा भावना व राष्ट्र के प्रति समर्पण हेतु गुरु घासीदास विश्वविद्यालय स्वाभिमान थाली (जीएसटी), गुरू घासीदास विश्वविद्यालय श्रवण लाइन सेवा (जीएसएल), राष्ट्रीय सेवा योजना, उन्नत भारत अभियान के तहत व्यावहारिक एवं अनुभवजन्य ज्ञान प्रदान करते हुए उन्हें सामाजिक



इकोसिस्टम तैयार किया है जिसने समन्वित प्रयासों के माध्यम से शोध एवं विकास केन्द्र के मार्गदर्शन में दो जी8 कंपनियों माध्यम से छात्रों द्वारा उत्पादन एवं विपणन की व्यवस्था शुरू की है तथा 15 से ज्यादा स्टार्ट अप प्रारंभ किये हैं। ज्ञान को तकनीकी में बदलने की दिशा में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है जिसमें 250 से ज्यादा पेटेंट प्राप्त होना, केन्द्रीय शोध संस्थान की स्थापना तथा राष्ट्रीय स्तर पर हाल में टेक पंजाब द्वारा आयोजित 70 श्रेष्ठ तकनीकों के प्रदर्शन में 5 तकनीकों का शामिल होना उल्लेखनीय है।

### कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने जो कहा वो कर दिखाया

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने 24 जुलाई, 221 को पदभार ग्रहण करने के उपरांत विभिन्न मंचों एवं अवसरों पर विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय अकादमिक मानचित्र पर स्थापित करने के अपने संकल्प को दोहराया है। इस रैंकिंग में सम्मिलित भारत के 91 विश्वविद्यालयों में श्रेष्ठतम 5 विश्वविद्यालयों की सूची में गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के शामिल होने से कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल की संकल्पशक्ति एवं उसे धरातल पर साकार करने की क्षमता की पुष्टि होती है।

### रैंकिंग में 1799 विश्वविद्यालयों ने लिया हिस्सा

द टाइम्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग में 14 देशों के 1799 विश्वविद्यालय शामिल हुए हैं। दुनिया के विश्वविद्लायों की रैंकिंग के दृष्टिकोण से यह संख्या सर्वाधिक है।

### दुनिया के 40 हजार शोधार्थियों से सर्वे

इस रैंकिंग में 15.5 मिलियन शोध प्रकाशनों में से 121 मिलियन साइटेशन का विश्लेषण 4 हजार शोधार्थियों के सर्वे के माध्मय से किया गया। इस सर्वे में 25 संस्थानों से 6.8 लाख बिंदुओं पर आंकड़ों का संकलन किया गया।

## संपादकीय

### महिला यात्रियों की सुरक्षा का बड़ा निर्णय

*छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत सभी तरह के यात्री वाहनों में पैनिक बटन और जीपीएस लगाना अनिवार्य कर दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान किसी भी तरह के संकट में कोई भी यात्री पैनिक बटन दबाकर अन्य लोगों का ध्यान आकृष्ट कर सकता है ताकि उसे तत्काल मदद मिल सके। महिलाओं के लिये यह विशेष लाभकारी होगा और उन्हीं की सुरक्षा की दृष्टि से यह लगाने का निर्णय भी लिया गया है। जीपीएस द्वारा यात्री वाहनों की लोकेशन को ट्रेस करना आसान हो जायेगा। उम्मीद है कि इससे राज्य के भीतर किसी भी तरह के यात्री वाहनों में यात्रा करने वाली महिलाएं पहले के बनिस्बत अधिक सुरक्षित हो जायेंगी।*

*बुधवार को छग सरकार ने जो अनेक फैसले लिये उनमें से एक यह भी है। इस निर्णय का उद्देश्य महिलाओं की हर तरह की सड़क यात्राओं को निरापद बनाना है। अक्सर देखा जाता है कि औरतों को किसी भी तरह के वाहनों से यात्राओं के दौरान अनेक तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें सबसे ज्यादा यौन उत्पीड़न के मामले होते हैं। अकेली महिलाएं मनचलों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का शिकार बनती हैं। उनके साथ छेड़छाड़ से लेकर बलात्कार तक की घटनाएं होती हैं। अकेली महिलाएं असहाय होती हैं। यह भी देखा जाता है कि उनकी मदद के लिये कोई भी सामने नहीं आता। कई बार इसका एक कारण यह भी होता है कि उनकी मदद की गुहार सुनने वाला कोई होता भी नहीं। पैनिक बटन से लोगों का ध्यान खींचा जा सकेगा और पुलिस तक भी इसका एलर्ट पहुंचेगा। इससे महिलाओं की हिम्मत बंधेगी और सम्भव है कि उन्हें संकटों से निकालने के लिये तत्काल आमजन में से कोई सामने आ जाये। पुलिस को सूचना मिलने पर वह भी तुरन्त पहुंच सकेगी।*

*जीपीएस लगाना भी बहुत कारगर साबित होगा। अपराध की सूचना मिलने के बावजूद अपराध स्थल तक पहुंचना या अपराधी को ट्रेस कर पाना मुश्किल हो जाता है। हो भी जाये तो उस तक पहुंचने में समय लगता है। अब हर यात्री वाहनों में जीपीएस लगने से उसका लोकेशन उपलब्ध रहेगा। इससे पुलिस को न्यूनतम समय में पहुंचने में मदद मिलेगी। वैसे भी जब वाहन चालकों, सहचालकों और यहां तक कि अन्य यात्रियों को इस बात का पता रहता है कि वाहन में पैनिक बटन और जीपीएस लगे हैं तो अपराधियों का हौसला टूट जाता है और वे किसी भी तरह का अपराध करने से बचते हैं। इन दो उपकरणों से महिलाएं तो सुरक्षित होंगी ही, अन्य यात्री भी लाभान्वित होंगे। बच्चे, बुजुर्ग भी इससे सुरक्षित महसूस करेंगे। किसी भी सभ्य समाज की प्रमुख पहचान यही होती है कि उसमें कमजोर वर्ग पूर्णत: सुरक्षित हों।*

## सार-संक्षेप



### बस्तियों में जाकर अनुसूचित जाति समाज के बीच चंद्र प्रकाश सूर्या ने की बैठक

**बिलासपुर** , 28 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी में अनुसूचित जाति वर्ग का वोट बैंक और कैसे बढ़ सकता है, किस तरह से हम भाजपा संगठन को और मजबूत कर सकते हैं, किस तरह से हम अनुसूचित जाति वर्ग को राजनीतिक लाभ दे सकते हैं, किस तरह से अनुसूचित जाति के भाई बहनों को शासन की योजनाओं को सीधा लाभ पहुंचा सकते हैं, और किस तरह से हम अपने हक और अधिकार के लिए आगे आ सकते हैं, यह प्रमुख बातों को लेकर भाजपा नेता चंद्र प्रकाश सूर्या ग्राम भनेसर, पराघाट, खैरा आदि आदि गांव में जाकर अनुसूचित जाति भाइयों के बीच में बैठक किया। सूर्या ने बताया कि अनुसूचित जाति बस्तियों में जब जाते हैं तो वहां पता चलता है कि अनुसूचित जाति के भाई एवं बहन जानकारी के अभाव में योजनाओं का लाभ सही रूप से नहीं ले पा रहे हैं केंद्र सरकार बहुत सारी योजनाएं चला रही है लेकिन गांव वालों को कई योजना का पता ही नहीं चलता केंद्र मोदी सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के लिए शिक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा राष्ट्रीय प्रोत्साहन योजना, 99.01त्न घटा दिया 11000 करोड़ से बढ़कर 59000 करोड़ किया है पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, सरकार शिक्षा , रोजी रोजगार काम धंधा व्यवसाय आदि करने के लिए कई तरह की योजनाएं चलाती है अनुसूचित जाति समाज के भाई कई बार जानकारी के अभाव में योजना का लाभ नहीं उठा पाते जिसकी वजह से आगे बढ़ने में बहुत कठिनाई होती है इन सभी बातों को ध्यान आकर्षित करते हुए सूर्या ने सभी योजनाओं की बात कही और भारतीय जनता पार्टी जो सबका साथ सबका विकास की विचारधारा को लेकर आगे बढ़ते हैं और सबका विकास ही भारतीय जनता पार्टी की पहली प्राथमिकता है साथ में चंद्रप्रकाश सूर्या ने बताया कि30 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आगमन बिलासपुर के साइंस कॉलेज मैदान में हो रहा है उनके लिए भी सभी को आमंत्रित किया और उनसे आग्रह किया ,की विश्व शिखर पर भारत का परचम लहराने वाले देश के सर्वमान्य नेता को सुनने के लिए निश्चित रूप से आवे।

### आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती आवेदन 13 अक्टूबर तक

**बिलासपुर** , 28 सितंबर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र तिफरा क्र. 1 वार्ड क्रमांक 6, तिफरा केन्द्र क्र 8 वार्ड क्रमांक 8, बोदरी केन्द्र क्रमांक 1 वार्ड क्रमांक 5 एवं ग्राम पंचायत संबलपुरी क्रमांक 1 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त एक-एक पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित की गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन कार्यालयीन समय में एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय, जनपद पंचायत बिल्हा एवं एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के सूचना पटल का अवलोकन कर सकते हैं।

# फरार आरोपी 21 साल बाद पकड़ाया

**बिलासपुर** , 28 सितंबर (देशबन्धु)। जमानत पर रिहा आरोपी 21 साल बाद पुलिस की गिरफ्त मे आया. कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2001 मे दो लोगों को वन्य प्राणी के खाल समेत गिरफ्तार किया था. कवर्धा निवासी आरोपी करिया के खिलाफ कोर्ट ने 2013 मे स्थायी वारंट जारी किया था.



करीब 21 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा स्थायी वारंटी करिया को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत वर्ष 2001 मे उसके सहयोगी के साथ कोतवाली पुलिस ने ही गिरफ्तार किया था.

बाद मे वो जमानत पर जेल से छूट गए थे. लंबे समय तक पेशी मे नहीं आने पर कोर्ट ने फरार घोषित कर 2013 मे स्थायी वारंट जारी किया. आरोपी करिया को उसके निवास कवर्धा जिले से हिरासत मे लिया है. कहा जा रहा है तब करिया और उसके साथी से बाघ के शावक की खाल मिली थी। जिसे वो बेचने बिलासपुर आए थे. दूसरे आरोपी की खोज खबर ली जा रही है. बरामद खाल की फॉरेंसिक जांच की जानकारी वन विभाग के अधिकारी से लेने कोशिश की जा रही है.

# 30 सितंबर को भाजपा का परिवर्तन महासंकल्प रैली

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे सभा को संबोधित

**बिलासपुर** , 28 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी का विशाल महासंकल्प रैली 30 जनवरी को बिलासपुर में आयोजित होने वाली है। इस रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। भाजपा नेताओं ने दावा किया है की रैली में एक लाख लोग शामिल होंगे।




भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को महासंकल्प रैली की जानकारी देते हुए संयोजक अमर अग्रवाल ने बताया कि भाजपा ने जशपुर और दंतेवाड़ा से परिवर्तन यात्रा शुरू किया था। ये दोनों परिवर्तन यात्राए प्रदेश के 85 विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए 30 सितंबर को बिलासपुर पहुंचेगी। इस मौके पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीपत रोड साइंस कॉलेज के पास स्थित विशाल मैदान में होने वाली विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। श्री अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी बिलासपुर की इस आम सभा के लिए विमान से रायपुर और वहां से हेलीकॉप्टर बिलासपुर आएंगे। बिलासपुर के साइंस कालेज मैदान दोपहर दो बजे साइंस कॉलेज मैदान परिसर में बने हेलीपैड में उतरेंगे। श्री अग्रवाल ने बताया कि साइंस कॉलेज मैदान के मुख्य गेट के अलावा इस आम सभा के लिए सीईसीएल के शताब्दी नगर द्वार की तरफ से एक मार्ग और उपलब्ध रहेगा। वही वीआईपी के लिए सोन गंगा कॉलोनी से होते हुए साइंस कालेज मैदान पहुंचने के लिए एक अन्य मार्ग भी तय किया गया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था दोनों ही दृष्टियों से प्रशासन के साथ भाजपा नेताओं की सार्थक बैठक और चर्चा बुधवार को हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के भाजपा प्रभारी श्री ओम माथुर तथा संगठन के प्रमुख नेता इस आम सभा को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं।

पत्रकार वार्ता के बाद भाजपा नेताओं ने 30 सितंबर के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आयोजन के लिए पूरे क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने हेतु प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और विधायक क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा क्षेत्र के विधायक रजनीश सिंह मस्तूरी क्षेत्र के विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी, पूर्व सांसद लखन लाल साहू प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, हर्षिता पांडे एवं जिला भाजपा अध्यक्ष रामदेव कुमावत भी मौजूद थे।

# रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों को फ्री हाई स्पीड इन्टरनेट सुविधा

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 203 रेलवे स्टेशनों को किया गया है वाई फाई सिस्टम से लैस

## प्लेटफॉर्म पर यात्री कर रहें हैं इस सुविधा का भरपूर इस्तेमाल

**बिलासपुर**, 28 सितम्बर(देशबन्धु)। यात्रियों को बेहतर और सुविधाजनक सेवाएं देने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगातार तेजी से काम कर रही है । इसी कड़ी में इस ज़ोन के कुल 203 रेलवे स्टेशनों को फ्री हाई स्पीड वाई-फाई की सुविधा से लैस कर दिया गया है। इन रेलवे स्टेशनों पर आने वाले यात्री अब मुफ्त में हाई स्पीड वाई-फाई का लाभ उठा रहे हैं । इंटरनेट लोगों की लाइफस्टाइल का एक हिस्सा बन गया है। बिना इंटरनेट के अधूरा सा लगता है । रोजाना के जीवन में काफी काम ऐसे होते हैं जिनके लिए इंटरनेट की जरूरत पड़ती है। आज के समय में इंटरनेट लोगों लिए सिर्फ सुविधा भर नहीं बल्कि एक बहुत ही जरूरी चीज बन चुकी है। डिजिटल क्रान्ति के इस दौड़ में अधिकतर लोग अपने पेमेंट्स के लेनदेन, जरूरी बिलों के भुगतान, टिकट बुकिंग समेत बहुत सारे कामों को फोन पर ही निपटा लेते हैं ।




यात्रा करने के लिए यात्री रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहे होते हैं , उस समय उनके पास खाली समय होता है और यात्री अपने मोबाइल पर इंटरनेट से कई काम करते हैं । जिस रेलवे स्टेशन पर वाई फाई सर्विस उपलब्ध होता है वहां यात्री अपने स्मार्टफोन या लैपटॉप को वाई-फाई से कनेक्ट कर यात्री बाहर रहकर भी अपने कई जरूरी काम कर लेते हैं । ऐसे में यात्रियों के लिए इससे काफी सुविधा हो रही है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के 213 रेलवे स्टेशनों को फ्री हाई स्पीड वाई-फाई की सुविधा से लैस कर दिया गया है। इसमें बिलासपुर मंडल के 82, रायपुर मंडल के 30 और नागपुर मंडल के 91 रेलवे स्टेशनों पर यह सुविधा दी गई है।. इसमें यात्रिओं को आधे घंटे तक बिलकुल मुफ्त में हाई स्पीड फ्री वाई फाई की सुविधा दी जा रहा है। . इससे यात्री अपने मनोरंजन के साथ साथ ऑनलाइन कार्य भी सम्पन्न कर इंतज़ार के समय का सदुपयोग कर रहे हैं।. यात्रियों के लिए वाई फाई से अपने स्मार्ट मोबाइल को कनेक्ट करना बहुत आसान है । इसकी प्रक्रिया इस प्रकार है।

सर्वप्रथम मोबाइल पर वाईफाई सेटिंग खोलना है। इसके बाद उपलब्ध नेटवर्क सर्च करना है । फिर रेलवायर नेटवर्क सिलेक्ट करना है तथा ब्राउजर में वेबपेज ओपन करना है । इसके बाद 10 नंबर का मोबाइल नंबर दर्ज करना है । इसके बाद मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आता है। रेलवायर को कनेक्ट करने के लिए पासवर्ड के रूप में इस ओटीपी का उपयोग करना है । इसके बाद मोबाइल रेलवायर से सफलतापूर्वक जुड़कर इन्टरनेट सेवा के लिए तैयार है । यात्रियों को आधुनिक एवं उन्नत सेवा एवं सुविधा प्रदान करना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है । बदलते वक़्त के साथ सेवाओं का डिजिटलीकरण करना रेलवे की विशेषता है , जिसका रूप कई सेवाओं में परिलक्षित हो रहा है। फ्री वाई फाई उपलब्ध कराना इसी श्रृंखला की एक कड़ी है। यात्रियों की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा प्रदान करना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का लक्ष्य है, जिसे वर्तमान के साथ साथ भविष्य में भी निरंतर रखा जाएगा।

## सार-संक्षेप

### समाज को सशक्त बना रही हैं बेटियां -भतपहरी



**कोरबा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व बेटी दिवस पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सशक्त बेटी सशक्त समाज विषय पर परिचर्चा हुई।

इस मौके पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल, अधिवक्ता मधु पांडे, सिमरन अरोरा, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. उपमा नायक, डॉ. वान्या शुक्ला, सेवा केंद्र की प्रभारी बीके रुक्मणी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम में एडीजे संघपुष्पा भतपहरी ने कहा कि हमें खुश होना चाहिए कि हमारे भारत देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हैं। आज इसरो में भी वैज्ञानिक महिला है। हर क्षेत्र में महिलाएं उन्नति कर देश की शोभा बढ़ा रही हैं, समाज को सशक्त बना रही हैं परंतु हम संपूर्ण सशक्त तभी होंगे जब हर महिला चाहे वह उच्च वर्ग से हो या निम्न वर्ग से हर क्षेत्र में तरक्की करेगी, तभी कहेंगे संपूर्ण सशक्तिकरण। मधु पांडे ने कहा सबको समानता का अधिकार मिला है परंतु लड़कियों को थोड़ा धैर्य रखने की भी जरूरत है। शादी के बाद एडजस्टमेंट नहीं बना पाती और तलाक ले लेती हैं। मनीषा सिंह ने कहा कि बेटी में करुणा, दया, ममता के सारे भाव रहते हैं जो बेटों में नहीं रहते। जिस घर में बेटियां नहीं रहती सही मायने में वह घर सूना रहता है। बीके रुक्मणी ने बताया कि सशक्त बनाने के लिए स्वयं को जानना बहुत जरूरी है कि हम कौन हैं। कार्यक्रम के अंत में नूतन शर्मा ने विश्व बेटी दिवस पर गीत प्रस्तुत कर समां बांधा। बीके पूजा ने कविता के माध्यम से अपने भाव व्यक्त किए। बच्चों के द्वारा महिला सशक्तिकरण की झांकी का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों ने सद्भावना भवन में विराजित चैतन्य श्री गणेश की झांकी का अवलोकन किया। इस अवसर पर डॉ. के.सी देबनाथ, रश्मि शर्मा, लवलीन गांधी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आशा आजाद तीन राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित



**कोरबा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। फरीदाबाद, एनसीआर दिल्ली में मैजिक बुक ऑफ आर्ट यूनिवर्सिटी, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संस्था से श्रीमती आशा आजाद सहायक प्राध्यापक भूगर्भ शास्त्र शासकीय पीजी कॉलेज व मानिकपुर निवासी को राष्ट्रीय मानद उपाधि, बेस्ट ऑथर अवार्ड एवं राष्ट्रीय एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ की बेटियाँ आशा आजाद एवं सुकमोती चौहान को इस मंच से मानद उपाधि अवार्ड उनके अनूठे ग्रंथ छत्तीसगढ़ सम्पूर्ण दर्शन जिसके लिए उन्हें पूर्व में ही गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड से दो अचीवमेंट प्राप्त हो चुका है, जिसके उल्लेखनीय कार्य के लिए उन्हें डॉक्टरेट मानद उपाधि, मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी से प्रदान किया गया है। साथ ही इन दोनों ने मैंजिक एण्ड आर्ट यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि के साथ-साथ बेस्ट ऑथर अवार्ड पाने वाली छत्तीसगढ़ की पहली महिला के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इस सम्मान समारोह में डॉ.छबिराम पटेल, प्रधानपाठक, पिथौरा छत्तीसगढ़ को भी डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि डॉ. प्रतिभा शर्मा एड्वोकेट डीईटी, जो लोक अदालत मथुरा की स्थायी सदस्य थीं जो महिला बाल विकास में 100 से अधिक अचीवर्स पुरस्कृत हैं।

### बाल विहार स्कूल में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

कोरबा, 28 सितंबर (देशबन्धु)। समय का का सही उपयोग व्यक्ति को महान बनाता है। इस संदर्भ में लायंस क्लब बालको द्वारा बाल विहार स्कूल पंप हाऊस कालोनी में समय का सदुपयोग विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। पुरस्कार वितरण समारोह में लायंस क्लब बालको के अध्यक्ष कैलाश नाथ गुप्ता, सचिव किशोर कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक डीके कुदेसिया, वरिष्ठ सदस्य एमडी माखीजा, विजय अग्रवाल, जीपी केडिया, बीके सिंह, कैलाश अग्रवाल, विद्यालय के संरक्षक एसके कुदेसिया, प्राचार्य केएम बिनिल कुमार शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों ने समय के महत्व पर अपने विचार रखे एवं विद्यार्थियों से आग्रह किया के वे समय पर कार्य करने के महत्व को समझें। गोपाल प्रसाद केडिया ने विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को 11 हजार रुपए प्रतिवर्ष देने की घोषणा की। विद्यालय के अध्यक्ष किशोर कुमार अग्रवाल द्वारा लायंस क्लब का आभार व्यक्त किया गया।

### शून्य निवेश पर आधारित कबाड़ से जुगाड़ कार्यशाला का आयोजन

**कोरबा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। बच्चे शिक्षक की सहायता से ऐसी वस्तु का निर्माण करें,जिसमें खर्च शून्य हो पढ़ाई से संबंधित हो, जोड़-घटाव जैसी संक्रियाओं से ताल्लुक रखता हो या सह-संज्ञानात्मक क्षेत्र से सम्बद्ध हो। सम्भव हो तो आकर्षक हो प्रेरणा प्रद हो,तो अनायास ही ध्यान उस अप्रतिम की ओर खिंचा चला जाता है।

खंड शिक्षा अधिकारी पाली श्यामानंद साहू के मार्गदर्शन में शासन की मंशानुरूप खंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यशाला का आयोजन माध्यमिक शाला सैला सभागृह में किया गया। कुल 54 संकुलों से1-1स्कूलों के प्रधान पाठकों/जन शिक्षकों ने अपने बच्चों को सहयोग कर विभिन्न शैक्षिक वस्तुओं का निर्माण बिना खर्च के करवाया। कबाड़ से जुगाड़ शैक्षिक सामग्री को बनाने में माचिस की जली हुई तीली,झाड़ू के सिंक, पुराने रद्दी पेपर,प्लास्टिक के टुकड़े फटे पुराने कपड़े,धान का भूसा,रजाई से निकले कपास, मूंगफली के छिलके,पेंसिल के छिले भाग, पौधों की पत्तियां,पैरा,मिट्टी, कंकड़-पत्थर आदि से निर्मित शून्य निवेश सामग्री प्रदर्शन किया गया।प्राचार्य बकसाही डॉ. अनिता सिंह के नेतृत्व में बनी निर्णायक समिति में शामिल श्रीमती अंजली गुप्ता ब्याख्याता, सीएसी दिनेश पटेल, प्रधान पाठक शाहिद खान,सीएसी द्वय सुंदर लाल कश्यप व डीके नवरंग द्वारा सभी 54 स्कूलों के कबाड़ से जुगाड़ निर्मित शैक्षिक सामाग्रियों का अवलोकन प्रत्येक काउंटर में जाकर किया गया। प्रथम विजेता प्राथमिक शाला कारीछापर-सन्तोष कर्ष,द्वितीय श्रीमती नन्दिनी राजपूत-प्राशा नान पुलाली,तृतीय प्राशा सोनसरी,इसी तरह माध्यमिक शाला में प्रथम देवराज सिंह राजपूत माशा निरधी,द्वितीय देवप्रसाद रात्रे माशा दमिया, तृतीय श्रीमती नीतू शाह माशा देउरभाठा को पुरस्कृत किया गया।

# गणेश विसर्जन में भिड़े 2 गुट, चाकू गोदकर किशोर की हत्या

### हमले में घायल एक अन्य किशोर का उपचार जारी



**कोरबा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। गणेश विसर्जन के दौरान युवाओं के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते इसने हिंसक रूप धारण कर लिया। एक गुट के कुछ लोगों ने मिलकर दूसरे पक्ष के 2 किशोरों पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर हालत में पहुंचा दिया। एक किशोर की मौत हो गई जबकि दूसरा जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहा है।

इस घटना के बाद मृतक और गंभीर घायल किशोर के परिजनों सहित बस्तीवासियों में आक्रोश की लहर दौड़ पड़ी। शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाने के साथ ही घटना के विरोध में ढोढ़ीपारा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया गया है जो समाचार लिखे जाने तक जारी है। प्रारंभिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना रामपुर के अंतर्गत आने वाले सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र के अंतर्गत कोहडिया़ स्थित नहर के पास गणेश विसर्जन के दौरान दो गुटों के बीच जमकर मारपीट की घटना शाम के वक्त हुई। इसमें एक पक्ष कोहडिया़ तो एक पक्ष ढोढ़ीपारा का बताया जा रहा है। चाकूबाजी की घटना में मृतक का नाम हरीश कुमार व घायल का नाम भूपेंद्र है और दोनों बरपारा कोहडिया़ के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि मृतक के शरीर पर चाकू से करीब 8 बार वार किया गया है। घटना के बाद मौके पर बवाल मच गया और मृतक के परिजनों के साथ ही स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर हालात को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटी रही। किशोर की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं जिला अस्पताल में शुभचिंतकों की भीड़ लगी हुई है। बता दें कि कोहडिया़ और ढोढ़ीपारा के लोगों के मध्य अक्सर वाद-विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है और इस घटना के बाद पुलिस को ऐहतियात बरतने की जरूरत है।

# घर-घर पहुंचने लगे वोटर कार्ड रिटर्न होने से डाकिए परेशान

### बीएलओ को दी जा रही बांटने की जिम्मेदारी

**कोरबा,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 से पूर्व विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत आयोजित कराया गया। जिले में भी यह अभियान संचालित हुआ जो अभी 11 सितंबर को संपन्न हुआ। प्राप्त आवेदनों का निराकरण उपरांत बनाए गए नए वोटर कार्ड डाक विभाग के माध्यम से घर-घर पहुंचाए जा रहे हैं। अनेक खूबियों से युक्त रंगीन वोटर कार्ड प्राप्त कर युवा मतदाता काफी हर्षित हैं लेकिन कार्ड बांटने में लगे डाकिए परेशान हैं कि अनेक लोगों का पता उन्हें नहीं मिल रहा और मोबाइल नंबर बंद बता रहा है।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पहले 25 मई से 23 जून तक बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कराया गया। इसके पश्चात 2 अगस्त की स्थिति में मतदाता सूची का प्रकाशन कर सभी 1080 मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर आयोजित कर इसका प्रकाशन किया गया। 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं का नाम जोडने के साथ-साथ मृत अथवा अन्यत्र स्थायी रूप से जाने वाले मतदाताओं के नाम विलोपन एवं वोटर कार्ड में आवश्यक त्रुटि सुधार अथवा संशोधन के लिए पुनः 2 अगस्त से 11 सितंबर तक मतदान केन्द्रों में शिविर लगाए गए। मतदान केन्द्रों में आयोजित शिविरों में नए मतदाताओं ने आवेदन जमा किए। ऑफलाइन के साथ-साथ अनेक लोगों ने भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर हेल्प लाइन के जरिए भी स्वयं से आवेदन किया। 2 अक्टूबर को नई मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है। इसके पूर्व नए मतदाताओं सहित त्रुटि सुधार एवं वोटर कार्ड की द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन देने वालों के आवेदनों का निराकरण कर कार्ड डाक के जरिए उनके घरों तक भिजवाए जा रहे हैं। नए कार्ड के साथ मतदान से संबंधित पुस्तिका भी दी जा रही है जो काफी जानकारियों से युक्त है।


### बीएलओ के माध्यम से बंटवाने की व्यवस्था

ऐसे वोटर कार्ड जो डाक कर्मी नहीं बांट पा रहे हैं, उन्हें वापस निर्वाचन कार्यालय भेजने के बाद तहसील कार्यालय में मतदान केन्द्र वार छंटाई किया जा रहा है। संबंधित मतदान केन्द्रों के बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि वे तहसील कार्यालय पहुंच कर अपने-अपने क्षेत्र का कार्ड प्राप्त करें और संबंधित तक पहुंचाएं। बीएलओ के समक्ष भी एक दिक्कत है कि अनेक लोगों ने ऑनलाइन आवेदन स्वयं अथवा च्वाइस सेंटर के माध्यम से भरा है जिसमें पता संबंधी त्रुटियां होने के साथ-साथ उनके बारे में बीएलओ को भी जानकारी नहीं होने से तलाश में दिक्कत आ रही है।

### पोस्टमैनों में भटकाव की भी स्थिति

डाक विभाग के जरिए घरों तक पहुंचाए जा रहे वोटर कार्ड वितरण में लगे पोस्टमैनों में भटकाव की स्थिति भी निर्मित हो रही है। इन्होंने बताया कि कई ऐसे आवेदक हैं जिनका पता अपूर्ण होने के कारण अथवा सही लोकेशन दर्ज नहीं होने के कारण घर खोजने में दिक्कत आ रही है। दिया गया मोबाइल नंबर बंद बताने से संपर्क नहीं हो रहा है। रजिस्टर्ड डाक से आने वाले वोटर कार्ड युक्त लिफाफे को वे अपने पास अधिकतम 6 दिन ही रख सकते है इसके बाद वापस निर्वाचन कार्यालय भेज दिया जा रहा है।

## उल्मा-ए-कोरबा के नेतृत्व में निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी



**कोरबा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कोरबा शहर में जुलूस निकाला गया। जुलूस उल्मा-ए-कोरबा के नेतृत्व में शाही नूरी मस्जिद से निकाली गई। जुलूस की कयादत सलाहुद्दीन असरफ किछौछा शरीफ व शहर काजी कारी शब्बीर अहमद असरफी ने की। जुलूस का जगह-जगह इस्तेकबाल (स्वागत) किया। जुलूस कोलयरी मस्जिद होते हुए मस्जिद गरीब नवाज से जामा मस्जिद से मदीना मस्जिद में समापन हुआ।

### शांतिपूर्ण मनाया गया जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व

ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर शहर के मस्जिदों सहित गली व मोहल्ला को सजाया गया। रबीउल अव्वल के चाँद की 12 तारीख को शहरी छेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद दी गई। जगह-जगह लोगों में शरबत, खीर, खीचड़ा, जूस बांटा गया। सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक ने पूरे अवाम का आभार व्यक्त कर कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब का जन्म सऊदी अरब के मक्का शहर में 571 ईसवी को हुआ था। यह दिन इस्लामी कैलेंडर के अनुसार तीसरी रबी उल अव्वल महीने का 12 वां दिन था। इस दिन को खुशियों की तरह मनाते हैं, इसलिए इस पर्व को ईदों की ईद कहा जाता है। आयोजन को सफल बनने में मुख्य रूप से सुन्नी मुस्लिम जमात के जनरल सेक्रेटरी जुम्मन खान रिज़्वी, सैयद असफाक अली, आरिफ खान (एलडरमैन), सरवर हुसैन खान, असरफ अली, सेख मंसूर, इमरान खान (राजा), अकरम खान ने सहयोग किया।

# राजीव युवा मितान के हितग्राही कार्ड अभियान का जायजा लेने पहुंचे चंद्राकर

**कोरबा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में चल रहे हितग्राही कार्ड अभियान के तहत गुरुवार को प्रदेश राजीव युवा मितान क्लब के कोर कमेटी सदस्य क्षितिज चंद्राकर ने रामपुर विधानसभा में औचक निरीक्षण किया। ग्राम बेला में राजीव युवा मितान क्लब के जिला समन्यवयक श्याम नारायण सोनी उपस्थित थे इस अवसर पर क्षितिज चंद्राकर ने हितग्राही कार्ड अभियान का जयाजा लिया और स्वयं गांव के कई घरों में जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार हर आवश्यकता को ध्यान में रखकर योजना बना रही हैं, इसलिए हितग्राही कार्ड में उल्लेख हर योजना को पढक़र उसका लाभ लेना हैं और अपना पंजीयन करायें ताकि इसकी



जानकारी मिलती रहे। जिला समन्यवक श्याम नारायण सोनी राजीव युवा मितान क्लब के गठन पर प्रकाश डाला और क्लब के उपस्थित समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्देशित कर अभियान में तेजी लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, जो उन्होंने जनता से कहा उसे पूरा किया हैं। इस अवसर पर रामपुर विधानसभा समन्वयक बलराम साहू, कोरबा विधानसभा समन्वयक अभय तिवारी, पंकज सोनी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष दीपक वर्मा, आबिद अख्तर, शहज़ाद खान, जितेन्द्र साहू, दिवाकर राजपूत, रमेश दास महंत, विनोद तिवारी, सूर्या स्वर्णकार, आशुतोष वर्मा सहित क्लब के सदस्यगण उपस्थित थे।

## अमृत वाटिका व कनकेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छांजलि

**कोरबा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कमला नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोद ग्राम भादा में निर्मित अमृत वाटिका तथा ग्राम कनकी के कनकेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छता श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के रासेयो कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज सिन्हा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन व जिला संगठक वाय के तिवारी के नेतृत्व में मनीष चंद्रा, शनीराव जगताप, वर्णित सीमा बखला, देवांश कुमार तिवारी, किशन यादव, आशीष यादव आदि स्वयंसेवकों ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित अमृत वाटिका में खरपतवारों तथा कंटीली झाडि़यां की सफाई हेतु श्रमदान किया तथा तुलसी के पौधे का रोपण करते हुए आम, जामुन, आंवला, मुनगा आदि पौधे के लिए क्यारियां बनाने का कार्य किया। आशीष यादव, सुरेश दास, धीरज यादव, शताब्दी राय आदि स्वयंसेवकों ने अमृत वाटिका की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और सुरक्षित बनाने के लिए श्रमदान किया। दिवा शिविर के आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जीएम उपाध्याय, उदय दास महंत, काजल कर्ष, सविता यादव, रितिक यादव, आंचल यादव, धीरज कुमार, अन्नू लता महंत आदि स्वयंसेवकों की सक्रिय योगदान रहा।




## स्कूटी व ट्रक के पार्ट्स चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

### 2 मामलों का खुलासा, घटना के 24 घंटे के भीतर सफलता




**कोरबा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस ने चोरी के 2 मामलों का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से स्कूटी व ट्रक के चोरी किए गए पार्ट्स बरामद हुए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल करा दिया गया।

जानकारी के अनुसार प्रार्थी मामन चंद अग्रवाल पिता स्व. ओम प्रकाश अग्रवाल 61 वर्ष निवासी थाना कोतवाली के पीछे के द्वारा 27 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उसके टीपी नगर बायपास रोड में स्थित एरन ट्रेडर्स ऑटो पार्ट्स दुकान में 26-27 सितंबर की रात ताला तोडक़र पुराने ट्रक का कमानी पट्टा और एक नग लोहे का कछुआ पार्ट्स चोरी कर लिया गया है। इसी तरह संजय प्रधान पिता स्व. बाबूलाल प्रधान 38 वर्ष निवासी अमरैय्या पारा चौकी मानिकपुर ने भी रिपोर्ट दर्ज कराया कि टीपी नगर बायपास रोड में केरला होटल के पास बीएल इंजीनियरिंग नामक दुकान से 26-27 सितंबर की रात ताला तोडक़र स्कूटी क्रमांक सीजी-12एएम-1531 को चोरी कर लिया गया है। दोनों मामलों में सीएसईबी पुलिस सहायता केन्द्र में धारा 457, 380 भादवि के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।

दोनों प्रकरणों में पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी एसआई नवीन पटेल द्वारा मातहतों प्रधान आरक्षक अमरौतीन कुर्रे, आरक्षक विजय बंजारे, मनोज यादव,देवनारायण कुर्रे के साथ मिलकर अपराध के महज 24 घंटे के भीतर 3 संदेहियों को पकडक़र पूछताछ किया गया। आरोपियों शेख असलम पिता शेख मुख्तार 26 वर्ष संजय नगर तालाब पार, आकाश चौहान उर्फ मोटू पिता स्व. कदमलाल चौहान 19 वर्ष निवासी ग्राम सरगबुंदिया हाल मुकाम शारदा विहार अटल आवास क्रमांक 13 मानिकपुर व ओम प्रकाश पटेल उर्फ राजा पिता जहित राम पटेल 22 वर्ष निवासी महावीर चौक 15 ब्लॉक ने चोरी करना स्वीकार कर स्कूटी एवं ट्रक के उपकरण को बरामद कराया।

## आरसेटी में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर आयोजित

**कोरबा**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। एसबीआई आरसेटी रजगामार रोड, कोरबा में जिला स्तरीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया जिसके प्रायोजक अति सूक्ष्म इकाई संवधन कार्यक्रम सिडबी तथा आयोजक जीयूएसएस हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरोत्तम सिंह ठाकुर मुख्य प्रबंधक अग्रणी बैंक, अध्यक्षता विकास मिंज अधिकारी सिडबी रायपुर विशिष्ट अतिथि छत्रपाल सिंह बिंझवार प्रबंधक डीआईसी, सुदीप एक्का प्रबंधक केनरा बैंक, पंकज कुमार, प्रबंधक सीबीआई, गणेश ओरांव, एसबीआई, आरसेटी, कोरबा योगेश गिरि गोस्वामी, आरके ठाकुर, अध्यक्ष, जीयूएसएस आदि थे।

# बिना मुआवजा एनएचए प्रभावित को जमीन खाली करने नोटिस का आरोप

### कलेक्टर को पत्र लिखकर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग

कोरबा, 28 सितंबर (देशबन्धु)। जनता दल युनाइटेड के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण महतो ने नेशनल हाइवे से प्रभावित होने के बाद भी बिना मुआवजा दिए जमीन खाली कराने के संबंध में नोटिस देने पर कार्यवाही की मांग कर कलेक्टर को ज्ञापन प्रेषित किया है।


चंद्रभूषण महतो ने बताया कि कोरबा-चांपा फोरलेन के लिए बरपाली में प्रशासन द्वारा एक परिवार की जमीन का अधिग्रहण करने का फैसला लिया है। प्रशासन द्वारा अब तक उन्हें एनएच से प्रभावित जमीन, मकान व दुकान का उचित मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है और एसडीएम द्वारा 25 सितंबर को नोटिस



दे दी गई है जिसमें तीन दिवस के भीतर महतो परिवार को जमीन, मकान व दुकान खाली करने कहा गया है। नोटिस मिलने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई है। उन्होंने कलेक्टर को पत्र लिखकर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग करते हुए साथ ही नोटिस देकर अनावश्यक परेशान करने वाले अधिकारी पर कार्रवाई करने मांग की है। पीड़ित परिवार से वास्ता रखने वाले एक जदयू नेता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी खसरा नंबर 696/1 की जमीन पर मकान व दुकान बरपाली में बना हुआ है जिसे कोरबा-चांपा एनएच के लिए अधिग्रहित किया जा रहा है। पूर्व में इसका मुआवजा बनाया गया था जो त्रुटिपूर्ण होने के कारण न्यायालय में लंबित है। बावजूद इसके एसडीएम कोरबा ने 25 सितंबर को पुराने अवार्ड पत्र को आधार मानकर तीन दिवस के भीतर जमीन को खाली करने को कहा है। जिससे परेशानी बढ़ गई है।

## सार-संक्षेप

### एसबीआई मैन ब्रांच के सामने से 9 लाख की उठाईगिरी



**रायगढ़** 28 सितंबर (देशबन्धु)। बुधवार की सुबह करीब 11 बजे मनोज कुमार डड़सेना, सुपरवाइजर, जय मां नाथल दाई क्रेशर उद्योग टिमरलगा चंद्रपुर उसके क्रेशर मालिक मनीष अग्रवाल द्वारा दिये गये 9 लाख रूपये के सेल्फ चेक को कैश कराने केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पास स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आया था। बैंक से चेक का आहरण कर मनोज रूपयों को अपने मोटरसाइकिल के डिक्की पर रख कर केवड़ाबाड़ी चैक की ओर जा रहा था, तभी चैक पर ट्रैफिक जाम के बीच अज्ञात व्यक्तियो द्वारा डिक्की से रूपये निकाल लिये। घटना की सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित से पूछताछ, प्रारंभिक जांच एवं घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर 2 होंडा यूनिकॉर्न बाइक पर सवार 4 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मनोज डडसेना का पीछा कर घटना को अंजाम दिए जाने की संभावना है। एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारियों को नाकेबंदी कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी का निर्देश दिया गया है, पुलिस टीमें माल-मुल्जिम की पतासाजी में जुट गई है।

### जल जीवन मिशनःचार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**अम्बिकापुर** 28 सितंबर (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन अंतर्गत चयनित मुख्य संसाधन केन्द्र एक्शन फॉर कम्युनिटी एम्पावरमेंट द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के समन्वय से समुदाय स्तरीय हितग्राहियों के चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को अम्बिकापुर में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। 30 सितम्बर तक चलने वाला यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः आवासीय है और प्रतिभागी चार दिन रहकर जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी हासिल करेंगे।नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक ने इस अवसर पर कहा कि जिले में हर घर जल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। नल जल योजना का संचालन, रख-रखाव एवं लम्बे समय तक चलाना समुदाय व पानी समिति की जिम्मेदारी होगी, प्रशिक्षण के माध्यम से जल जीवन मिशन के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान किया जाएगा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री एस पी मंडावी ने बताया कि जल जीवन मिशन तहत हर घर जल क्रियाशील घरेलु नल कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत सभी गांव में नल कनेक्शन जल आपूर्ति के माध्यम से हर घर नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्तकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से क्षमता वर्धन किया जा रहा है, निश्चित ही जल जीवन मिशन का सफल संचालन में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से चार दिवसीय प्रशिक्षण में सजगता पूर्वक भाग लेने, साथ ही जल जीवन मिशन पर विशेष जानकारी प्राप्त कर ग्राम पंचायत में लोगों को लाभान्वित किए जाने कहा।

इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से जिला समन्वयक प्रज्ञा कुमार गुप्ता, अजीत राजवाड़े, राजीव कुशवाहा, एसीई संस्था प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रशिक्षु उपस्थित थे ।

### आकांक्षी ब्लॉक फेलो हेतु वाक इन इंटरव्यू 3 अक्टूबर को

**अंबिकापुर** 28 सितंबर (देशबन्धु)। मिशन संचालक, नीति आयोग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले के विकासखण्ड लखनपुर में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, वित्तीय समावेश और बुनियादी जैसे कार्यों को बढ़ावा देने के लिये आकांक्षी ब्लॉक फेलो के 01 पद पर नियुक्ति किया जाना है। जिन्हें प्रतिमाह एकमुश्त रू.55,000/- देय है। पद की पूर्ति हेतु वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी इच्छुक स्नातकोत्तर योग्यताधारी उम्मीदवार 3 अक्टूबर 2023 मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा, अम्बिकापुर में उपस्थित होकर इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते है। पद से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के विभागीय वेबसाईट पर अवलोकन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार अधिकारी ललित पटेल, मो.न. 9669599439 से सम्पर्क कर सकते हैं।

### लक्की व स्टार ढाबा में खनिज टीम की दबिश



**रायगढ़** 28 सितंबर (देशबन्धु)। औद्योगिक नगरी रायगढ़ में ढाबों की आड़ में खुलेआम खनिज व कोयले की अफरातफरी की जा रही है। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने छापामार कार्रवाई की जिसमे कई ढाबों में स्पंज आयरन, आयरन और व पैलेट्स मिले हैं।

खनिज विभाग की टीम ने रविवार को ढाबों की जांच की जहां गेरवानी के स्टार ढाबा के पास 10 टन आयरन पैलेट्स जप्त किया गया। इसी तरह भूपदेवपुर स्थित लकी ढाबा के पास 100 से ज्यादा बोरों में आयरन डंप मिला।

जिले में कोयला से लेकर आयरन ओर और स्पंज आयरन उद्योगों में बने उत्पाद की अफरातफरी जोरों पर है। उद्योगों के अधिकारी, कर्मचारी से मिलीभगत कर ट्रांसपोर्टर और ढाबा संचालक इसे अंजाम दे रहे हैं। आमतौर पर ढाबों में दाल, रोटी व चावल ही मिलता है लेकिन जिले के ज्यादातर ढाबा संचालक खनिज की कालाबाजारी करने में व्यस्त है और खनिज विभाग और पुलिस भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। रविवार को उद्योग के रास्तों में चल रहे ढाबों में खनिज की अफरातफरी की खबरें सामनें आई थी। जिसको जिला प्रशासन ने गम्भीरता से लिया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने खनिज विभाग को जांच के आदेश दिए। खनिज विभाग ने जिले के आसपास आधा दर्जन से अधिक डब्बो में दबिश दी तो ज्यादातर ढाबों के आसपास कोयला, आयरन ओर एवं आयरन पैलेट्स की बड़ी मात्रा पाई गई। जांच के दौरान गेरवानी के स्टार ढाबा में अधिकारी पहुंचे तो वहां 10 टन आयरन पैलेट्स मिला। पूछताछ में स्टाफ आरिफ अहमद ने बताया की ढाबा चक्रधर नगर निवासी अब्दुल गफार के नाम पर है। लेकिन ढाबा के बगल में डंप आयरन पैलेटस की कोई जानकारी खनिज विभाग के अफसर नहीं निकाल सके। इसी तरह भूपदेवपुर स्थित लकी ढाबा में भी करीब 100 बोरियों में आयरन ओर मिला। उक्त ढाबा भूपदेवपुर के जगदीश सिदार के नाम पर है लेकिन यहां भी संबंधित आयरन ओर कहां से आया इसकी जानकारी खनिज विभाग को नहीं मिल सकी।

# देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मनाया गया पोषण माह

## उपमुख्यमंत्री ने पौष्टिक आहार द्वारा उत्तम जीवन शैली हेतु किया प्रेरित

**अम्बिकापुर** 28 सितंबर (देशबन्धु)। राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में पोषण वर्ष 2023 के अंतर्गत बुधवार को पोषण माह सितंबर के अवसर पर सीएमई का आयोजन किया गया। आयरन युक्त आहार और मिलेट युक्त संतुलित भोजन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने पोषण आहार के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि आज की जीवनशैली में पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है। स्वस्थ शरीर से स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है, इसलिए संतुलित भोजन का उपयोग कर स्वयं को राष्ट्र को स्वस्थ बनाएं।



कार्यक्रम में उपस्थित विषय विशेषज्ञों द्वारा पोषण आहार से सम्बंधित जानकारी छात्रों को दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं हेतु पोषण से संबंधित पोस्टर और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया तथा विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. पूनम सिंह सिसोदिया, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति, एसडीएम अम्बिकापुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर सी आर्या, मेडिसिन विभाग एचओडी डॉ. लखन सिंह, सिविल सर्जन डॉ. जे.के. रेलवानी, एनेस्थीसिया विभाग एचओडी डॉ. मधुमिता मूर्ति, शिशु रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन सुधा तिर्की, स्त्री रोग विशेषज्ञ स्वप्निल विल्सन, शासकीय राजमोहिनी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की आहार विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ.अलका जैन, सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतू बाग, अस्पताल सलाहकार श्रीमती स्वस्ति शुक्ला, आहार विशेषज्ञ श्रीमती सुमन सिंह, चिकित्सक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# कलेक्टर- एसपी ने चुनावी तैयारियों का लिया जायजा

## स्थल निरीक्षण के बाद दिए आवश्यक निर्देश

**बलरामपुर** 28 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु जिला मुख्यालय बलरामपुर में ई.व्ही.एम. मशीन, मतदान सामग्री वितरण, मतदान पश्चात सामग्री जमा करने एवं मतगणना स्थल नवीन लाईवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह का निरीक्षण कर सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में मतदान सामग्री के वितरण एवं जमा करने हेतु बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम तथा मतगणना कक्ष का अवलोकन किया। कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण दिवस, मतदान पश्चात सामग्री जमा करने तथा मतगणना दिवस के दिन विद्युत, माईक, सी.सी.टी.व्ही. की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र रामानुजगंज, सामरी एवं प्रतापपुर के लिए अलग-अलग सामग्री वितरण हेतु काउंटर बनाने तथा अलग-अलग गेट से प्रवेश हेतु व्यवस्था करने को कहा। निर्वाचन कार्य में लगे वाहनों के पार्किंग व्यवस्था हेतु स्थल का चयन कर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से स्थल पर पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा। कलेक्टर ने नवीन स्ट्रांग रूम स्थल पर संचार व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु भारत संचार निगम लिमिटेड के अधिकारी से सभी आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर अवगत कराने को कहा।



## स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री संग्रहण वितरण, पार्किंग स्थल की देखी व्यवस्था

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री भागवत जायसवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय, श्रीमती रूचि शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री शशि चौधरी, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 2 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक ग्राम सभा का आयोजन

**बलरामपुर** 28 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम सभा नियम 1998 के नियम 6 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में 02 से 06 अक्टूबर तक ग्राम सभा आयोजित करने हेतु आदेशित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत गणपूर्ति के साथ-साथ ग्राम सभा में सदस्यों की शत-प्रतिशत उपस्थिति करवाने का दायित्व सरपंच, पंच एवं सचिव को दिया है।



बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। जिसमें ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारीत संकल्पों के क्रियान्वयन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा, पिछली छमाही में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम प्राप्त राशि स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा, ग्राम गौठानों के प्रबंधन एवं संचालन के संबंध में चर्चा, सुराजी ग्राम योजना के तहत् नरवा, गरूवा, घुरुवा एवं बाड़ी से संबंधित कार्यों की प्रगति के संबंध में चर्चा, सामाजिक सहायक कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही, जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन, जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित निराकृत एवं वितरित प्रमाण-पत्रों की जानकारी, मौसमी बीमारियों के निदान एवं निवारण पर चर्चा, राज्य की समस्त सड़को पर मवेशियों (आवारा एवं पालतू) के कारण हो रहे दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति को रोकने हेतु उस ग्राम पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त सड़कों (विशेषतः राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग तथा मुख्य जिला मार्गो) के संबंध में सभी संभव उपायों एवं प्रभावी व्यवस्था की चर्चा, आमजनों में जागरूकता लाने एवं अपने मवेशियों को सड़को पर खुले नहीं छोड़ने का संकल्प लेना, तम्बाकू, सिगरेट के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों में जागरूकता, समस्त ग्राम पंचायत को तम्बाकू मुक्त किये जाने पर चर्चा, ग्राम सभा में पेसा नियम, स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत स्वच्छता मानकों को पूरा कर ग्राम को ओ.डी.एफ. प्लस घोषित कर चर्चा की जाएगी।

## कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी की सराहना

**सूरजपुर**. 28 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत कबाड़ से जुगाड़ विकासखंड स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के प्रांगण मेंआयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सदस्य बाबूलाल राजवाड़े सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते विकासखंड स्त्रोत समन्वयक मनोज कुमार मंडल बीआरपी सुदर्शन राजवाडे की उपस्थिति में संपन्न हुआद्य मुख्य अतिथि बाबूलाल राजवाड़े ने अपने उद्बोधन में कबाड़ से जुगाड़ के सभी मॉडलों की प्रशंसा की और छात्रों को शिक्षित व चरित्रवान बनने की प्रेरणा दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये चन्द्रयान जैसे खोज में उनकी सहभागिता के लिए प्रेरित किया द्य सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार पोर्ते और बीआरसी मनोज कुमार मंडल के द्वारा अपने उद्बोधन में कबाड़ से जुगाड़ के शैक्षणिक मॉडलों की प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा की प्रशंसा करते हुए इसकी उपयोगिता अध्ययन अध्यापन एवं कक्षा के विषय वस्तु के रूप में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया ।जिसमें विकासखंड के संकुलों से विज्ञान गणित और प्रौद्योगिकी के विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया गया।

## राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में जिले को मिला 18 पदक

**सूरजपुर**. 28 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का समापन 27 सितंबर को रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में संपादित हुआ। जिसमें सूरजपुर जिले के 141 खिलाड़ियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, जिसमें 65 पुरुष व 76 महिला खिलाड़ियों ने 16 खेलों में अपनी प्रतिभा व कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें खिलाड़ियों द्वारा अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 18 पदक हासिल किया गया। जिसमें 06 गोल्ड, 04 रजत और 08 कांस्य से पदक खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्राप्त हुए। जिले के लिए यह भी उपलब्धि रही कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाली जिलों में सूरजपुर में सबसे ज्यादा 18 पदक हासिल किया। संभाग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीनों स्तर में सर्वाधिक पदक सूरजपुर जिले ने प्राप्त किया। जिले का रस्सी कूद, बांटी कंचा, सांगली, लंगडी दौड़ और बिल्लस जैसे खेलों में शानदार प्रदर्शन रहा। इस पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा छत्तीसगढ़ी ओलंपिक के राज्य स्तरीय आयोजन में प्रदेश के खिलाड़ी सम्मिलित हुए जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने 18 पदक हासिल कर सूरजपुर का मान बढ़ाया है। जिसके लिए उन्होंने खेल विभाग व छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के आयोजन को सफल बनाने वाले सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों ,प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों की सराहना भी की।

**6 गोल्ड, 4 रजत और 8 कांस्य पदक**

# 30 से बार्डर पर ओडिसा की गाड़ियों को रोकेंगे टेलर मालिक

## छत्तीसगढ़ के वाहनों के लोडिंग में भेदभाव का लगाया आरोप

### संगठन ने कलेक्टर एसपी को सौंपा ज्ञापन

रायगढ़ 28 सितंबर (देशबन्धु)। जिला टेलर मालिक कल्याण संघ के द्वारा आज सोम कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत कराते विज्ञापन दिया।

उन्होंने अपने ज्ञापन में लिखा है कि 5 सितंबर को आपको ज्ञापन के माध्यम से पूर्व में ओड़ीसा के कुलड़ा कोल माइंस में हमारे छत्तीसगढ गाड़ियों के साथ भेदभाव एवं लोडिंग ना मिलने की समस्याओं से अवगत कराया गया था, उसके बाद हमारे द्वारा वहां जाकर 15 सितंबर एवं 25 सितंबर को दो बार उनसे बातचीत करके एक अनुकूल वातावरण में कार्य बिना भेदभाव विवाद के चलता रहे ऐसा यूनियन के द्वारा कोशिश की गई परंतु माइंस में वहां की यूनियन के लोगों द्वारा हमारे यूनियन के पदाधिकारियों सदस्यों के साथ अनुचित एवं राज्य स्तरीय भेदभावपूर्ण व्यवहार किया गया एवं हमको धमकी भरे शब्दों में स्पष्ट कहा गया कि यहां बार-बार क्यों आते हो तुमको जो भी करना हो वह तुम अपने छत्तीसगढ़ में जाकर करो यहां पर माइंस में हम जैसा चाहेंगे वैसा कार्य करेंगे हमे तुमसे कोई बात नही करनी और जिस गाड़ी को जिस नंबर जहां की गाड़ियों को हम लोडिंग देना चाहे उसे ही लोडिंग देंगे हम किसी भी नियम से बंधे नहीं है, तुमको जो करना है वह वहां पर कर लेना और हमारे साथ बहुत ही अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया गया जो कि सर्वथा अनुचित है। जबकि उड़ीसा में यदि माइंस स्थित है तो माइंस का कोयला हमारे रायगढ़ जिले के फैक्ट्री में खाली होता है उसे हिसाब से आपसी ताल मिलाकर के ही इस धंधे को हम चला सकते हैं इस पर किसी भी प्रकार का राज्य स्तरीय विवाद करना सर्वथा अनुचित है हमने कभी भी उड़ीसा की गाड़ियों के साथ ना हमारे यहां स्थित माइंस में ना ही फैक्ट्री में कभी भी भेदभाव की नीति नहीं अपनाई है परंतु आज उनके द्वारा जो किया जा रहा है वह बहुत ही निंदनीय अनुचित एवं धमकाने वाला कृत्य है।



इस ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने जिले के कलेक्टर एवं एसपी को अवगत करवाया हैं कि हमारे द्वारा 30 सितंबर दिन शनिवार से टपरिया बॉर्डर तमनार के आसपास पूर्ण रूप से उड़ीसा माइंस से आने वाली गाड़ियों पर बंदी की जावेगी एवं जब तक कोई समुचित समाधान नहीं निकलता तब तक हम शांतिपूर्ण तरीके से बंदी करेंगे और उन्होंने आशंका भी जताई है कि इस बंदी के दौरान रात्रि में उड़ीसा से सटे गांव से धन बल के द्वारा वहां पर व्यक्ति भेज कर विवाद करवाने की पूरी कोशिश करेंगे इसलिए यूनियन के लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक से धरना स्थल पर सहयोग एवं सुरक्षा प्रदान करने की मांग भी की है।

# पशुपालक ब्रुसेल्लोसिस का टीकाकरण में करें सहयोग

**कोरिया** 28 सितंबर (देशबन्धु)। ब्रुसेल्लोसिस कन्ट्रोल प्रोग्राम के द्वितीय चरण के तहत पशुधन विकास विभाग, जिला कोरिया द्वारा मादा पशुओं में होने वाली बांझपन एवं गर्भपात की बीमारी को नियंत्रण करने हेतु 4 से 8 माह की मादा वत्सो में ब्रुसेल्लोसिस का टीकाकरण कार्य व्यापक रूप से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में पशुधन विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता, गौ-सेवक घर-घर जाकर ऐसे रोगों से ग्रस्त पशुओं का चिन्हांकन कर टीकाकरण कार्य किया जा रहा है।





बता दें ब्रुसेल्लोसिस गाय, भैंस, भेड़, बकरी, शुकर एवं कुत्तों में फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी हैं। ये एक प्राणीरूजा अथवा जीव जनति (र्वदवजपब) बीमारी है जो पशुओं से मनुष्यों एवं मनुष्यों से पशुओं में फैलने की आशंका बनी होती है। इस बीमारी से ग्रस्त पशु 7-9 महीने के गर्भकाल में गर्भपात हो जाता है। ये रोग गौठान व पशुशाला में बड़े पैमाने पर फैलता है, जिससे पशुओं में गर्भपात हो जाता है जिससे पशुधन की हानि होती है। इस रोग से मनुष्य के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

'ब्रुसेलोसिस रोग का कारण' गाय, भैंस में ये रोग ब्रूसेल्ला एबोरटस नामक जीवाणु द्वारा होता है। ये जीवाणू गाभिन पशु के बच्चेदानी में रहता है तथा अंतिम तिमाही में गर्भपात करता है। एक बार संक्रमित हो जाने पर पशु जीवन काल तक इस जीवाणु को अपने दूध तथा गर्भाशय के स्त्राव में निकलता है। 'संक्रमण का मार्ग' पशुओं में ब्रुसेल्लोसिस रोग संक्रमित पदार्थ के खाने से, जननांगों के स्त्राव के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्षण संपर्क से, योनि स्त्राव से, संक्रमित चारे के प्रयोग से तथा संक्रमित वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान द्वारा फैलता है। प्रायः यह देखा जाता है कि मनुष्यों में ब्रुसेल्लोसिस रोग सबसे ज्यादा रोग ग्रस्त पशु के कच्चे दूध पीने से फैलता है। इसके अलावा गर्भपात होने पर पशु चिकित्सक या पशुपालक असावधानी पूर्व जेर या गर्भाशय के स्त्राव को छूते है, जिससे ब्रुसेल्लोसिस रोग का जीवाणु त्वचा के किसी कटाव या घाव से शरीर में प्रवेश कर जाता है।

पशुओं में ब्रुसेल्लोसिस रोग के 'लक्षण' जो देखने को मिलते हैं, पशु का तीसरी तिमाही (6-8 महीने) में गर्भपात हो जाता है। मरा हुआ बच्चा या समय से पहले ही कमजोर बच्चा पैदा होता है।दूध की पैदावार कम हो जाती है। पशु बाँझ हो जाता है ।नर पशु में वृषणों में सूजन हो जाती है प्रजनन शक्ति काम हो जाती है द्यसूअर में गर्भपात के साथ जोड़ो और वृषणों में सूजन पाई जाती हैद्य भेड़, बकरियों में भी गर्भपात हो जाता है। वहीं मनुष्यों में ब्रुसेल्लोसिस ग्रस्त पशुओं के दूध सेवन करने से बुखार का रोज बढ़ना और घटना इस बीमारी का मुख्य लक्षण है। थकान, कमजोरी लगना, रात को पसीना आना और शरीर में कंपकपी होना, भूख न लगना और वजन घटना, पीठ एवं जोड़ो में दर्द होना भी लक्षण होते हैं। ब्रुसेल्लोसिस टीकाकरण के दौरान सुरक्षात्मक तरीकों का पालन किया जाना आवश्यक होता है। पशुधन विकास विभाग ने जिले के पशुपालकों से आग्रह किया है अधिक संख्या में अपने 4 से 8 माह के मादा वत्सो में टीकाकरण का कार्य अवश्य कराएं ताकि पशुधन में होने वाले इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सके।

## सार-संक्षेप

### खरसिया में धूमधाम से हुआ गणपति विसर्जन



**खरसिया** 28 सितंबर (देशबन्धु)। दस दिनों तक भगवान गणेश की भक्ति में सराबोर रहा। बड़े-बड़े पंडाल बनाकर एवं विशाल मूर्तियां स्थापित की गई एवं सभी घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई विघ्नहर्ता गजानन स्वामी से घर परिवार एवं नगर की सुख शांति और समृद्धि का आशीर्वाद लिया। दस दिनों तक तक अपने भक्तों पर स्थूल रूप में अपना स्नेह और आशीर्वाद बरसाने के बाद गणपति सूक्ष्म रूप में अपने धाम को चले गाजे बाजे धमाल बैंड और आतिशबाजी के बीच झूमते नाचते और गणपति बप्पा मोरिया अब के बरस तू जल्दी आ एवं गजानन स्वामी की जय जय कार करते हुए भक्तों महिलाओं युवाओं और बच्चों ने अपने आराध्य विघ्नहर्ता स्वामी गजानन को विदा किया। भगवान गणेश जल तत्व के स्वामी हैं। शास्त्रों के अनुसार गणेश चतुर्थी पर जब बप्पा घर आते हैं और उनकी पूजा की जाती है तो वह साकार रूप लेकर हमारे घर में वास करते हैं और हमारे सभी विघ्नों को हरण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणेश प्रतिमा का जल में विसर्जन करने से गणपति जी पंच तत्वों में सामहित होकर अपने मूल स्वरूप में आ जाते है। जल में विसर्जन होने से भगवान गणेश अपना साकार रूप निराकार रूप धारण कर लेते है।

### निर्मला बेहार व डां रामकुमार बेहार दुबई में सम्मानित



**सारंगढ** 28 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित बेहार परिवार के दो सदस्यों का दुबई यू ए ई में सम्मान हुआ। अंतर्राष्टीय हिंदी उत्सव में सम्मान दिया गया। निर्मला को अंतर्राष्टीय महादेवी वर्मा हिंदी सेवा सम्मान और डां बेहार को इतिहास व साहित्य क्षेत्र में कार्य के लिये शिखर सम्मान से नवाजा गया है। उल्लेखनीय है कि निर्मला की बीस से अधिक पुस्तके प्रकाशित हो चुकी है,देश की विभिन्न स्थानों से पचास से अधिक सम्मान उन्हे प्राप्त हो चुके हैं.अधिवक्ता,रेकी मास्टर,योगाचार्य के अलावा वे अंचल के प्रमुख महिला साहित्यकारों में गिनी जाती हैं दुबई का सम्मान उनके लिए पहला अंतर्राष्टीय सम्मान है।

### पवन केजरीवाल की स्मृति में आज विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सारंगढ़** 28 सितंबर (देशबन्धु)। केजरीवाल परिवार एवं शांति सीता सेवा समिति के तत्वाधान में अग्रसेन भवन सारंगढ़ में पवन केजरीवाल के तृतीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है । रक्तदान शिविर सुबह 11 से शाम 5 बजे तक जिला रेड क्रॉस सोसायटी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा किया जाएगा । विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर जिस में नाक, कान , गला रोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप अग्रवाल, हाई ब्लड प्रेशर सलाहकार चिकित्सक डॉ राकेश कुमार पटेल, जनरल सर्जन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ जेपी बर्मन , शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अभयांचल किशोर झा, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैश्य, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. डोलेश्वर पटेल, क्रिटिकल केयर एवं दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ भागेश्वर पटेल अपनी सेवा देंगे।अग्रिम पंजीयन हेतु मां दुर्गाक्लिनिक पोस्ट ऑफिस के पास अपना पंजीयन कराएं । विशेष बात यह कि - मरीज के लिए निशुल्क दवाइयां वितरण की व्यवस्था है । मरीज अपना पुराना रिपोर्ट साथ में अवश्य लाएं । शिविर में आए सभी लोगों के लिए निशुल्क भोजन की भी व्यवस्था की गई है ।

### घरघोड़ा जनपद में बड़ा बवाल होने के संकेत

**रायगढ़** 28 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही नगरीय निकाय जनपद पंचायत में भी राजनीति गरमा गई है जिले के रायगढ़ जिले के घरघोड़ा धरमजयगढ़ लैलूंगा नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। घरघोड़ा की राजनीति अपने पूरे शबाब में है नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव के बाद घरघोड़ा जनपद पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी की सुगबुगाहट चल रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद सदस्यों में जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष के खिलाफ आक्रोश का माहौल देखने को मिल रहा है रुष्ठ जनपद सदस्यों की बैठकों का दौर चल रहा है। रुष्ट सदस्यों को मनाने के लिए महाराष्ट्र दर्शन को इसी कड़ी का हिस्सा माना जा रहा है। परंतु जनपद सदस्यों का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है घुमाने के नाम पर समाचार पत्रों में छपे खबरों से जनप्रतिनिधियों में आक्रोश और ज्यादा फैलने की बात सामने आ रही है और आक्रोश का यह लावा कभी भी फट पड़ने के संकेत मिल रहे हैं।

### थाना प्रभारी जूटमिल ने ली गणेशोत्सव समिति के सदस्यों की बैठक

**रायगढ़** 28 सितंबर (देशबन्धु)। कल थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा जूटमिल क्षेत्र के गणेशोत्सव समिति के प्रमुख सदस्यों का थाना जूटमिल में बैठक लिया गया।

थाना प्रभारी ने समिति के सदस्यों को बताया गया कि नगरीय प्रशासन द्वारा मूर्तियों के सुरक्षित विसर्जन के लिए अतरमुड़ा तालाब और विजयपुर तालाब को चिन्हिंकित किया गया है, इन्हीं तालाब में मूतियों का विसर्जन किया जावें, विसर्जन दौरान छोटे बच्चों को तालाब के निकट जाने से रोका जावें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन के द्वारा केलो नदी में मूर्तियों के विसर्जन पर प्रतिबंध लगाया गया है, नगर निगम ने भी इसकी सूचना गणेश चतुर्थी से पहले ही जारी कर दिया गया और गणेश या अन्य प्रतिमा विसर्जन के लिए अतरमुड़ा मांगलिक भवन तालाब और विजयपुर तालाब की सुविधा दी गई है।

### कन्या विद्यालय में हुआ वेबीनार का आयोजन

**रायगढ़** 28 सितंबर (देशबन्धु)। सेंट्रल के इनर व्हील क्लब ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में एक वेबिनार का आयोजन किया, जहां डॉ. पूजा बोंदिया ने युवा छात्राओं को मासिक धर्म चक्र, यौन शिक्षा, लड़कियों की विशिष्ट बीमारियों जैसे पीसीओडी, यूटीआई, एचआईवी, एसटीडी आदि और उचित स्वास्थ्य देखभाल के बारे में सिखाया। वेबिनार के बाद डॉक्टर स्वास्थ्य संबंधी समस्या वाली लड़कियों से व्यक्तिगत रूप से मिलते हैं और उन्हें दवा लिखते हैं।

इस दौरान क्लब अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने अपनी टीम के सदस्यों मनीषा अग्रवाल, सीमा बोदिया और मोना गुप्ता के साथ 80 छात्रों को सेनेटरी नैपकिन और स्टेशनरी के पैकेट भी वितरित किए।

# परिवार परामर्श केन्द्र का राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने किया लोकार्पण




**जांजगीर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। परिवार परामर्श केन्द्र जांजगीर के अंतर्गत संभागीय स्तरीय महिला आयोग कार्यालय जांजगीर का लोकार्पण राज्य महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक द्वारा की गई । बिलासपुर संभाग बिलासपुर के अंतर्गत महिला आयोग से संबंधित शिकायतों / लैंगिक उत्पीडन का प्रकरण का सुनवाई सप्ताह में 02 दिवस होगा जिला न्यायालय जांजगीर के सामने में नवीन परिवार परामर्श केन्द्र भवन बनाया गया है, उक्त भवन में संभाग स्तरीय महिला आयोग कार्यालय का भी निर्माण किया गया है। जिसका लोकार्पण आज दिनांक 27 सितम्बर को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती किरणमयी नायक द्वारा की गई है। जिसमें रेंज के जिला जांजगीर चाम्पा के अलावा जिला बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला पेण्ड्रा, कोरबा, रायगढ़, सारंगढ़ भिलाईगण के जिला के पीड़ित पक्षों का आवेदनों का सुनवाई कर त्वरित निराकरण किया जावेगा। उक्त लोकार्पण कार्यक्रम में अनिल सोनी अति पुलिस अधीक्षक, श्रीमती अर्चना उपाध्याय महिला आयोग सदस्य, काउसर श्रीमती तान्य अनुरागी पाण्डेय, नीशा खान, सरस्वती सोनी, लक्ष्मी प्रसाद जयसवाल काउंसर, श्रीमती मंजूलता राठौर, सउनि मोहन राठौर, महिला प्रआर सरोज खलखो, एनुका तिर्की, आर अशोक भारती महिला आरक्षक सुधा सोम उपस्थित थे।

# रात्रि में सिनटेक्स टंकी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**जांजगीर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। अकलतरा पुलिस ने रात्रि में चोरी करने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कन्हैया अग्रवाल पिता मनोज अग्रवाल साकिना अकलतरा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 14 सितम्बर को करीब 02-03 बजे दोपहर अपने गोदाम में ताला लगाकर वापस घर चला गया था जो 26 सितम्बर को सुबह 11 बजे जाकर देखा गोदाम का ताला टूटा हुआ था। गोदाम के अंदर जाकर देखने से गोदाम अंदर रखे जिगमा कंपनी के सिनटेक्स टंकी, वाईबरेटर मशीन, डीजल पंप, टाईल्स एंव नल का प्लास्टिकक पाईप जुमला कीमती करीब 80 हजार रूपए का समान को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना में धारा 457,380 भादवि कायम कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना दौरान खिलेश दास साकिन संजय नगर अकलतरा को तलब कर पूछताछ किया जिन्होने अपना 01 अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किए तथा उसके मेमोरेण्डम कथन के आधार पर 04 नग सिनटेक्स कीमती 40,000 रूपए को गवाहो के समक्ष बरामद किया गया है। आरोपी खिलेश दास साकिन संजय नगर अकलतरा के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

प्रकरण की विवेचना जारी है, तथा अन्य आरोपी की पतासाजी जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक टी. एस पटटावी सउनि अरूण सिंह,प्र.आर. संतोष यादव आर. प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र धृतलहरे,बृजपाल बर्मन, विवेक ठाकुर टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को 10 साल कारावास

**जांजगीर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। पति के परदेस जाने के बाद घर में अकेली रह रही महिला के साथ लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक योगेंद्र देवांगन को विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी सुरेश कुमार सोनी ने 10 साल कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

विशेष लोक अभियोजक एट्रोसिटी धीरज कुमार शुक्ला से मिली जानकारी के अनुसार मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है। इस क्षेत्र के एक गांव की महिला का पति कमाने खाने के लिए परदेस चला गया था। घर में पत्नी और तीन बच्चे थे। योगेंद्र देवांगन महिला के घर आकर जबरन दुष्कर्म किया। उसके बाद वह लगातार महिला से दुष्कर्म करने लगा। परेशान होकर महिला ने 3 नवंबर 22 को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जज सुरेश कुमार सोनी ने योगेंद्र को 10 वर्ष की सजा सुनाई है।

### कलेक्टर- एसपी ने हेलीपेड और कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**जांजगीर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर और एसपी ने डभरा में मुख्यमंत्री के संभावित प्रवास के लिए हेलीपेड और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिनांक 3 अक्टूबर 2023 को डभरा में संभावित प्रवास को लेकर आज कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने डभरा के दशहरा मैदान और हेलीपेड के लिए स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर, एसडीएम डभरा, डिप्टी कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पी एच ई सहित जिले के विभिन्न विभागो के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# चेंबर व रोटरी क्लब की मीटिंग लेकर सीसीटीवी लगाने किया जागरूक

### थाना प्रभारी चक्रधर नगर ने व्यापारियों को दी समझाईश



**रायगढ** 28 सितंबर (देशबन्धु)। बैंक, एटीएम एवं प्रतिष्ठनों की सुरक्षा को लेकर रायगढ़ एसएसपी सदानंद कुमार बेहद गंभीर है। गत दिनों हुये बैंक डकैती की वारदात के बाद एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर पुलिस ने बैंक एटीएम, सराफा दुकानों की नियमित जांच के साथ पेट्रोलिंग बढा दिया गया है। वहीं अपराध पर लगाम लगाने और लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को उनके प्रष्ठिानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने का आग्रह किया जा रहा है।

कल थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा चक्रधरनगर क्षेत्र स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालक, चेंबर ऑफ कामर्स व रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ थाने में बैठक आहूत किया गया जिसमें उन्होंने व्यापारियो को अपने दुकान, प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ-साथ संस्थान के बाहर आम रास्ते पर फोकस करते हुए सीसीटीवी लगाने के लिए अपील किया गया। बैठक में शहर सुरक्षा के प्रति प्रमुख चैक-चैराहे में जनसहयोग से अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाने को लेकर भी चर्चा किया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि जिले में कई घटनाओं के पर्दाफाश में सीसी कैमरों की अहम भूमिका रही है, इससे प्रतिष्ठान सुरक्षित रहता है और असामाजिक तत्व भी खौफजदा रहतें है और दुर्भाग्यवश किसी प्रकार की घटना होने पर पुलिस को वर्कआउट करने में आसानी होती है। मीटिंग में व्यापारियों तथा चेंबर एवं रोटरी क्लब के सदस्यों से कई महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुये, उन्होंने सीसीटीवी लगाने की पुलिस के अपील का स्वागत कर शहर सुरक्षा में हर संभव मदद की बात कही गई है।

# बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन की सुविधा से जरूरतमंद हो रहे लाभान्वित

**कोरिया** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। विगत पौने पांच बरस में राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसरंचना के विकास पर जोर दिया है तो गांव व आदिवासी सुदूर अंचल में रहने वाले लोगों को रियायती व निशुल्क जांच, इलाज की सुविधा भी मुहैया कराने में कोई कसर नहीं छोड़े हैं। इसी कड़ी में जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.टी. स्कैन की सुविधा मिलने से स्थानीय व आसपास के मरीजों को काफी लाभ मिलने लगा है।

स्थानीय लोगों द्वारा जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा के लिए लगातार मांग की जा रही थी। जिला प्रशासन ने आम लोगों की जरूरत और भावनाओं के ध्यान रखते हुए तत्काल यह सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। बता दें सीटी स्कैन मशीन के सूचारू एवं सफल संचालन के लिए पॉवर बैकअप अंतर्गत डीजी सेट (जैनरेटर) की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। साउथ ईस्टर्न कोल फिल्डस लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) के द्वारा सी. एस. आर. मद से जिला चिकित्सालय, बैकुण्ठपुर में सीटी स्कैन मशीन की अनुपलब्धता के कारण गंभीर बीमारियों के आकलन में कठिनाई की आवश्यकता के आधार पर 64 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन की स्थापना हेतु जून 2021 में 3 करोड़ 59 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई थी।एस.ई.सी.एल. बिलासपुर द्वारा जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में सी.एस.आर मद के तहत सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने हेतु नियम एवं शर्तो के अनुरूप क्रय समिति का गठन किया गया था। क्रय समिति के तकनीकी सदस्यों के अनुमोदन उपरांत छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉपोरेशन लिमिटेड से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने के उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम 2002 ( यथा संशोधित 2022 ) नियमों का पालन करते हुए जेम के माध्यम से उपकरण क्रय करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई थी।



उक्त सीटी स्कैन के संचालन हेतु दो रेडियोग्राफर का प्रशिक्षण मेडिकल कॉलेज एवं डी.के.एस. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर में कराया गया है। सीटी स्कैन का रिर्पोटिंग रेडियोलॉजिस्ट के द्वारा टेली रेडियोलॉजी के माध्यम से कराया जा रहा है। स्थापित सीटी स्कैन मशीन के साथ तीन वर्ष का वॉरंटी के अतिरिक्त तीन साल का सी.एम.सी. की सुविधा भी है, जिससे मशीन में यदि कोई भी तकनीकी दिक्कत आने से तत्काल समय-सीमा में उपकरण सहित सुधार कार्य कराया जा सके। विदित हो कि जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर में स्थापित सीटी स्कैन मशीन भारत सरकार परमाणु ऊर्जा नियामक परिसर विकिरण संरक्षा प्रभाग (एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड, रेडियोलॉजिकल सेफ्टी डिवीजन) से अनुमोदित है। विगत वर्षों से देश के विभिन्न शहरों में यह सीटी स्कैन मशीन स्थापित किया गया है। सीटी स्कैन मशीन के स्थापना के संबंध में वर्क स्टेशन, आवश्यक मानव संसाधन, अधोसंरचना एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग द्वारा समानांतर रूप से किया गया। लोक निर्माण विभाग ( भ / स ) के द्वारा अधोसंरचना एवं लोक निर्माण विभाग (वि.यां.) के द्वारा विद्युत कार्य समय पर पूर्ण किया गया है। उक्त अधोसंरचना एवं विद्युत कार्य पूर्ण होने पर विगत दिनों इसका विधिवत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारम्भ किया है।

बैकुण्ठपुर में 100 बिस्तर जिला चिकित्सालय भवन में कोरिया जिला सहित आसपास के जिले सूरजपुर एवं कोरबा के मरीजों को भी काफी राहत मिली है। पहले रेडियोलॉजी विभाग में जांच हेतु केवल डिजिटल एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध थी। सड़क दुर्घटना एवं अन्य जटिल बीमारियों में सीटी स्कैन हेतु जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटर या अन्य शहर जाना पड़ता था।

### प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे

**जांजगीर,** 28 सितम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर नैला नगर पालिका के प्लेसमेंट कर्मचारियों का 12 वर्षो से कर्मचारी भविष्य निधि राशि खाते में जमा नही होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में बैठे थे जहाँ नगर पालिका के अधिकारियों ने प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में 1 साल के राशि जमा किया गया है बाकी राशि कुछ दिनों में देने का आश्वासन दिया है। जिसके बाद प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त कर दिया है। गौरतलब है कि जांजगीर नैला नगर पालिका के 98 प्लेसमेंट कर्मचारियों का 12 वर्षो से कर्मचारी भविष्य निधि खाते में राशि खाते में जमा नही हो रहा था । वही 5 माह का वेतन भी सभी कर्मचारियों का बाकी था जिसको लेकर सभी कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में बैठे थे। वही नगर पालिका में लगातार कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधि की राशि की कटौती हो रहा था, लेकिन कर्मचारियों के खाते में जमा नहीं हो पा रहा था। रायपुर की कंपनी के ठेकेदार द्वारा बड़ी लापरवाही एवं भ्रष्टाचार कर कर्मचारी के वेतन से प्रति माह 14 सौ रुपए काट लिया जाता था । लेकिन लगातार 12 वर्ष से खाते में एक बार भी राशि को नहीं डाला गया । बाद में नगर पालिका के अधिकारियों ने सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों के खाते में 1 साल के कर्मचारी भविष्य निधि राशि डाला गया है. बाकी राशि कुछ दिनों में देने का आश्वासन दिया है। जिस पर सभी 98 प्लेसमेंट कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त कर दिया है।



# चर्चित महिला के संरक्षण में खोंगापानी में जुआरियों का लग रहा मजमा



**मनेन्द्रगढ़** 28 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत खोगापानी क्षेत्र में लम्बे अरसे से जुए का कारोबार चरम पर है. कुछ दिनों पूर्व पुलिस ने एक कार्रवाई की थी, लेकिन उस कार्यवाही के बाद ऐसा लगता है जुआ फड संचालकों के मन से पुलिस का खौफ समाप्त हो गया है.यही वजह है कि शाम ढलते ही जुआड़ी अपनी फड लगाकर बैठ जाते हैं. नगर पंचायत खोँगापानी क्षेत्र में कालरी में काम करने वाले मजदूर व उनके परिवार के लोग निवास करते हैं. पहले यहाँ चलने वाले अंतर राज्य जुआ फड़ में काफी संख्या में 52 परियों के शौकीन जुआ खेलने पहुंचते थे लेकिन पुलिस की कडाई के बाद बड़ा फड तो जरूर बंद हो गया है लेकिन बीते कुछ महीनो से निक्की नाम उन लोगों की जुवान पर है जो जुआ के साथ आपराधिक गतिविधियों में संलग्न हैं. यहाँ रोजाना शाम ढलते ही जुआ खेलने के शौकीन लोगों का जमावड़ा लगता है. खोँगापानी मस्जिद के पास एक मकान में अंधेरा होते ही असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है. जानकारी के मुताबिक कभी घर में तो कभी मैदान में जगह बदल बदल कर रोजाना जुए की महफ़िल सजती है. निक्की के इशारे पर काम करने वाले इस समूह के लोग पहरेदारी करने के लिए आसपास के इलाके में फैले रहते हैं और जहाँ कहीं भी इन्हें कोई खतरा महसूस होता है तो ये तुरंत इसकी जानकारी निक्की को देते हैं. इस बारे में लोगों का कहना है कि जिस प्रकार सेटिंग से इस जुआ गाड़ का संचालन हो रहा है वह बिना मिली भगत के संभव नहीं है. इस इलाके में जिले के आला अधिकारी भी रहते हैं लेकिन हैरत वाली बात तो यह है कि जिले के बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के रहने के बावजूद भी जिस तरह से यहां खुलेआम जुआ का फड संचालित हो रहा है वह कई तरह के सवालों को पैदा कर रहा है.जानकारी के अनुसार ऊपर से सेटिंग की बात कहकर चलने वाले इस फड़ में कई रसूखदार लोग भी पहुँचते हैं अभी बीते रविवार सोमवार को एक काले कोट वाले शख्श ने इस फड़ में हाथ आजमाया तो उसने लगभग एक लाख से अधिक की रकम जीती. इस बारे में कॉलरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों ने जिले के आला अधिकारियों से अपील करते हुए कहा है कि खोंगापानी क्षेत्र में निक्की द्वारा चलाए जा रहे इस जुआ फड पर कड़ी कार्रवाई करते हुए रोक लगाई जाए जिससे क्षेत्र में सुरक्षा का वातावरण बना रहे और लोग सामाजिक बुराई से दूर रह सकें।

# देश विदेश

## अफगानिस्तान में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**हेरात।** अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में कार के पलट जाने से पांच यात्रियों की जान चली गयी और एक अन्य घायल हो गया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल्ला इंसाफ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बुधवार शाम को गजारा जिले में घटित हुई। इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को उत्तरी बल्ख प्रांत में एक यात्री की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे।

# कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने नाजी दिग्गज का सम्मान करने के लिए मांगी माफी

**ओटावा,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। कनाडा की ओर से प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में एक यूक्रेनी व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए माफी मांगी है, जिसने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी इकाई के लिए लड़ाई लड़ी थी।

'यह एक गलती है, जिसने संसद और कनाडा को बहुत शर्मिंदा किया है।'



बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने एक बयान में कहा, यह एक गलती है जिसने संसद और कनाडा को बहुत शर्मिंदा किया है। हम सभी जो शुक्रवार को इस सदन में थे, हमें इस बात पर गहरा अफसोस है कि हमने खड़े होकर तालियां बजाईं, भले ही हम संदर्भ से अनभिज्ञ थे, यह नरसंहार में मारे गए लाखों लोगों की स्मृति का एक भयानक उल्लंघन था। उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ वह यहूदी लोगों और नाज़ी नरसंहार का निशाना बने लाखों लोगों के लिए बहुत दर्दनाक था। ट्रूडो ने यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की से माफी मांगी, जो 22 सितंबर को घटना के समय कनाडा के दौरे पर थे और संसद में मौजूद थे, उन्होंने कहा, कनाडा को गहरा खेद है। जेलेंस्की उन लोगों में से थे, जिन्हें 98 वर्षीय यारोस्लाव हंका की सराहना करते हुए चित्रित किया गया था, जिन्होंने 14 वें वेफेन-एसएस ग्रेनेडियर डिवीजन में सेवा की थी, जो नाजी कमांड के तहत ज्यादातर जातीय यूक्रेनियन से बनी एक स्वैच्छिक इकाई थी। डिवीजन के सदस्यों पर पोलिश और यहूदी नागरिकों की हत्या का आरोप लगाया गया है, हालांकि यूनिट को न्यायाधिकरण द्वारा किसी भी युद्ध अपराध का दोषी नहीं पाया गया है। कनाडाई संसद में यूक्रेनी और कनाडाई हीरो के रूप में , हुंका की प्रशंसा की गई। ट्रूडो की माफी संसद अध्यक्ष एंथनी रोटा के एक दिन बाद आई है, जिन्होंने हुंका को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी संभाली है, उन्होंने यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि उन्हें हुंका के नाजी संबंधों के बारे में जानकारी नहीं थी।

**ब्रिटेन का जेलेंस्की से और अधिक सैन्य सहायता देने का वादा**

# रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने जेलेंस्की के साथ बैठक की





**लंदन,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक के दौरान उन्हें और सैन्य समर्थन देने का वादा किया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। प्रेस बयान में कहा गया, रक्षा मंत्री शाप्स ने राष्ट्रपति जेलेंस्की और उनके समकक्ष रुस्तम उमेरोव से मुलाकात की और ब्रिटेन से और सैन्य मदद का वादा किया। श्री शाप्स की यूक्रेन की राजधानी की यह दूसरी यात्रा है। ब्रिटेन के ऊर्जा सुरक्षा सचिव के रूप में अपनी पूर्व भूमिका में उन्होंने अगस्त में यूक्रेन की यात्रा की। ब्रिटेन ने अब तक यूक्रेन को मुख्य युद्धक टैंक, लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें, सैकड़ों हजारों तोपखाने के गोले और बहुत कुछ प्रदान किया है। वर्ष 2022 में यूक्रेन को कुल 2.3 अरब पाउंड (2.8 अरब डॉलर) सैन्य सहायता थी, इतनी ही राशि इस वर्ष के लिए देने का वादा किया गया है। यह लाखों पाउंड की आर्थिक सहायता और एक सैन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के अतिरिक्त है, जिसका लक्ष्य वर्ष के अंत तक 30,000 यूक्रेनी रंगरूटों को प्रशिक्षित करना है।

## जातिगत भेदभाव के खिलाफ दो इंजीनियर कोर्ट पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** कैलिफोर्निया में जातिगत भेदभाव के खिलाफ मुकदमा करने वाले दो भारतीय-अमेरिकी सिस्को इंजीनियर एक हिंदू वकालत समूह द्वारा दायर मुकदमे में शामिल हो गए और आरोप लगाया कि राज्य के नागरिक अधिकार विभाग ने हिंदुओं व भारतीय-अमेरिकियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। वर्षों की मुकदमेबाजी के बाद, सुंदर अय्यर और रमाना कोम्पेला के खिलाफ जातिगत भेदभाव का मामला इस साल अप्रैल में सीआरडी द्वारा खारिज कर दिया गया था। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन द्वारा दायर एक संशोधित शिकायत के अनुसार, सीआरडी ने जिस तरह से सिस्को सिस्टम्स पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए अपने मामले को आगे बढ़ाया, उससे कई हिंदुओं और भारतीय अमेरिकियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 29 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे। अधिक खर्च होने की संभावना है।

वृषभ - आपके व्यापार और आय में वृद्धि होगी। आप नए संपर्क बना सकेंगे। मित्रों के साथ मौज-मस्ती करने का समय है। प्रवास की भी संभावना है। महिलाओं से लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ संबंध अधिक मधुर बनेंगे।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

कन्या - आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है।

तुला - आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे।

धनु - आपको तन-मन में थकान महसूस होगी। परिवार में तनावपूर्ण वातावरण रहेगा। इससे आपको मानसिक भय का अनुभव होगा। अनिद्रा की समस्या भी सताएगी। माता के स्वास्थ्य की चिंता सताएगी।

मकर - आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ - आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। इच्छित सफलता नहीं मिल सकेगी।

मीन - आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। आय का स्रोत जारी रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## शी चिनफिंग ने डब्ल्यूटीओ में सुधार पर बल दिया

**बीजिंग,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय कमेटी के पोलित ब्यूरो ने विश्व व्यापार संगठन के नियम और उसके सुधार पर 8वीं सामूहिक अध्ययन बैठक की। सीपीसी केंद्रीय कमेटी के महासचिव शी चिनफिंग ने इसकी अध्यक्षता करते समय कहा कि डब्ल्यूटीओ बहुपक्षवाद का अहम स्तंभ है और वैश्विक आर्थिक शासन का महत्वपूर्ण मंच है। डब्ल्यूटीओ का सुधार व्यापक समानता और आम रूझान है। हमें चौतरफा तौर पर डब्ल्यूटीओ के सुधार और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक व व्यापारिक नियमों के समायोजन में भाग लेना चाहिए ताकि उच्च स्तरीय खुलेपन से मूल सुधार और गुणवत्ता विकास बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूटीओ में प्रवेश करना चीन के खुलेपन के लिए मील का पत्थर है। बीस से अधिक साल में चीन के वस्तु व्यापार की कुल रकम 11 गुने से अधिक बढ़ी और विश्व में सब से बड़ा वस्तु व्यापार देश बना। विश्व आर्थिक वृद्धि में चीन का वार्षिक योगदान लगभग 30 प्रतिशत रहा। उन्होंने बल दिया कि डब्ल्यूटीओ के सुधार में भाग लेने में हमें डब्ल्यूटीओ से केंद्रित बहुपक्षीय व्यापार तंत्र की प्रतिष्ठा और प्रभावकारिता की डटकर सुरक्षा करनी और डब्ल्यूटीओ के विवाद समाधान तंत्र का सामान्य संचालन बहाल करना चाहिए।

## उत्तरी इजरायल के अरब शहर में गोलीबारी, पांच लोगों की मौत

**यरूशलम,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी इज़रायल के अरब शहर में गोलीबारी में एक ही परिवार के पांच लोग मारे गए।

इज़रायली पुलिस के मुताबिक बेडौइन शहर बासमत ताबुन में एक घर में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने पीड़ितों की पहचान दो किशोर भाइयों, 40 साल की एक महिला और उसके 25 वर्षीय पुत्र और एक अन्य पुरुष रिश्तेदार के रूप में की है।



घटना में महिला का 49 वर्षीय पति मामूली रूप से घायल हुआ है और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराय गया है। इजरायली सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी शुरू करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस प्रमुख याकोव शबताई ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि इस तरह की गोलीबारी की पिछली घटनाएं अक्सर संगठित अपराध गिरोह के बीच संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमती रही हैं। पुलिस हत्यारों को ढूंढने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

## इजरायल ने गाजा क्रॉसिंग को फिर से खोला

**जेरूसलम।** इजरायल ने विरोध प्रदर्शनों के बीच गाजा पट्टी के साथ अपने मुख्य क्रॉसिंग पॉइंट को दो सप्ताह बंद करने के बाद गुरुवार को फिर से खोल दिया। एक इजरायली रक्षा मंत्रालय इकाई ने एक संयुक्त बयान में घोषणा की कि क्षेत्रों में सरकारी गतिविधियों के समन्वय के कार्यालय (सीओजीएटी) ने गाजा और इज़राइल के बीच एकमात्र पैदल यात्री इरेज़ क्रॉसिंग को फिलिस्तीनी श्रमिकों के लिए इज़राइल में प्रवेश करने के लिए फिर से खोल दिया है।

## उ. कोरिया अस्तित्व व विकास के अधिकारों की गारंटी के लिए हथियार विकसित करता है



**प्योंगयांग,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने देश के अस्तित्व एवं विकास के अधिकारों की गारंटी देने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए परमाणु हथियार विकसित करता हैं।

यह बातें उ. कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को उ. कोरिया की सुप्रीम पीपुल्स असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष चोए योंग हे के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कही हैं।

उ. कोरिया की 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के 9वें सत्र में श्री श्री चोए ने कहा, उ. कोरिया एक जिम्मेदार परमाणु हथियार सम्पन्न देश है और यह देश के अस्तित्व और विकास के अधिकारों को सुनिश्चित करने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र और दुनिया के बाकी हिस्सों में शांति तथा स्थिरता की रक्षा के लिए अत्यधिक परमाणु हथियार विकसित करता है। उन्होंने कहा कि उ. कोरिया के सशस्त्र बलों का मिशन शक्तिशाली सैन्य क्षमताओं के साथ'राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, लोगों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा करना, समाजवादी व्यवस्था, क्रांति के लाभों को सभी खतरों से बचाना, देश की शांति और समृद्धि की गारंटी' है। रिपोर्ट के मुताबिक सत्र ने सर्वसम्मति से देश के संविधान में संशोधन करके परमाणु सशस्त्र बलों पर उत्तर कोरिया की नीति को अपनाया है। उ. कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सत्र में भाग लिया और भाषण दिया। उन्होंने उन सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी कोरियाई लोगों की सामान्य इच्छा के प्रतिबिंब में मतदान के अधिकार का प्रयोग किया और देश के संविधान के इतिहास एक शानदार अध्याय जोड़ा।

## 18 साल बाद गाजा में चुनाव की तैयारी

**गाजा,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) 18 वर्षों में पहली बार गाजा में नगरपालिका चुनाव कराने के लिए फिलिस्तीनी प्राधिकरण को एक आधिकारिक अनुरोध भेजने की योजना बना रहा है। हमास के प्रवक्ता हाजेम कासिम ने बुधवार को एक प्रेस बयान में कहा कि समूह ने गाजा में नगरपालिका चुनाव कराने की मांग करते हुए रामल्ला में सरकार को एक संदेश भेजने के लिए अन्य सभी फिलिस्तीनी गुटों के साथ सहमति व्यक्त की है।कासिम की टिप्पणी गाजा में चुनाव कराने की संभावना पर चर्चा करने के लिए हमास सहित फिलिस्तीनी गुटों और रामल्लाह स्थित फिलिस्तीनी केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) के एक प्रतिनिधिमंडल के बीच एक बैठक के बाद आई। प्रवक्ता ने कहा, हम अन्य सभी गुटों से सहमत हैं कि हम अपने लोगों को अपने विधायी प्रतिनिधियों को चुनने की अनुमति देने के लिए स्थानीय चुनाव कराने के लिए उचित स्तर पर पहुंच गए हैं। सीईसी के कार्यकारी निदेशक हिशाम खलील ने पत्रकारों को बताया कि आयोग को गाजा में जल्द से जल्द स्थानीय चुनाव कराने के लिए फिलिस्तीनी गुटों की सहमति के बारे में सूचित किया गया है।

## आज का इतिहास

1650 – इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई।
1789 – अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थायी सेना स्थापित की।
1836 – मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई।
1901– दुनिया के जाने-माने फिजिसिस्?ट एनरिको फर्मी का जन्?म 1901 में आज ही के दिन हुआ था। इन्?होंने परमाणु रिएक्?टर बनाया था।
1911 – इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1915 – टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया।
1927 – अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई।
1959 – भारत की आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।
1962 – कलकत्ता (अब कोलकाता) में बिड़ला तारामंडल खुला।
1971 – बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान से करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई।
1977– सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत-6 को पृथ्वी की कक्ष में स्थापित किया।
1988 – चैलेंजर के दुर्घटनाग्रस्त होने के ढाई साल के बाद अमेरिका ने अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।
2000–चीन की मुन्चोनाक कोयला खान में 100 लोगों की मृत्यु।
2001–संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी अमेरिकी प्रस्ताव पारित किया।
2002–दक्षिण कोरिया के बुसान में 14वें एशियाई खेलों का उद्घाटन।
2003–ईरान ने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय लिया।
2006–विश्व की पहली महिला अंतरिक्ष पर्यटक ईरानी मूल की अमेरिका नागरिक अनुशेह अंसारी पृथ्वी पर सकुशल लौटी।
2009–अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ी फेडरेशन की ताजा रैंकिंग में भारत के विजेन्दर को 75 किग्रा वर्ग में 2700 अंकों के साथ पहला स्थान दिया गया।
2011– चीन ने जिक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से पहली अंतरिक्ष प्रयोगशाला तियांगोंग-1 को अंतरिक्ष की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।


**परेशानी** *22 में दुनिया भर में करीब 53 लाख लोगों की कैंसर से मौत*

# 70 फीसदी कैंसर रोगियों की बच सकती थी जान

**नई दिल्ली, 28 सितम्बर (एजेंसियां)। साल 22 में कैंसर से होने वाली असामयिक मौतों में से 7 फीसदी की जान बचाई जा सकती थी। इनमें से 3 फीसदी रोगियों का उपचार मौजूद था। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित चिकित्सा अध्ययन में बताया कि 22 में दुनिया भर में करीब 53 लाख लोगों की कैंसर से मौत हुई है। इसमें 29 लाख पुरुष और 23 लाख महिलाएं शामिल थीं। मरने वाली महिलाओं में से करीब 13 लाख की मौत तंबाकू, शराब, मोटापा और संक्रमण की वजह से हुई।**

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर (आईएआरसी) से कैंसर मृत्यु दर पर ग्लोबोकैन 2020 डाटा का इस्तेमाल करते हुए शोधकर्ताओं ने अध्ययन के जरिए सुझाव दिया है कि कैंसर बीमारी का समय रहते पता लगाने और इलाज शुरू करने से लाखों लोगों की मौत रोकी जा सकती है। अगर महिलाओं की बात करें तो करीब 15 लाख मौतों को सालाना टाला जा सकता है।

आईएआरसी में कैंसर निगरानी के उप शाखा प्रमुख प्रो. इसाबेल सोरजोमातरम का कहना है कि जब भी महिलाओं में कैंसर की बात आती है तो स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर पर बात होने लगती है लेकिन लोगों को यह भी जानना चाहिए कि हर साल 70 वर्ष से कम उम्र की लगभग तीन लाख महिलाएं फेफड़ों के कैंसर से मर जाती हैं। इनके अलावा 1.60 लाख महिलाओं की मौत कोलोरेक्टल कैंसर से हो रही है। इसके अलावा, कुछ दशकों से कई उच्च आय वाले देशों में महिलाओं में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली मौतें स्तन कैंसर से होने वाली मौतों की तुलना में अधिक रही हैं। अध्ययन में यह भी कहा है कि महिलाओं में कैंसर के कारणों और जोखिम कारकों की अधिक जांच की भी आवश्यकता है क्योंकि पुरुषों में कैंसर के जोखिम कारकों की तुलना में उन्हें कम समझा जाता है। इसके अलावा, महिलाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले वाणिज्यिक उत्पादों जैसे स्तन प्रत्यारोपण, त्वचा को हल्का करने वाले और बालों को आराम देने वाले उत्पाद भी कैंसर को बढ़ावा देने में योगदान कर रहे हैं।



■ 13 लाख की मौत तंबाकू, शराब, मोटापा और संक्रमण की वजह से हुई

हाल ही में जारी लैंसेट कमीशन की एक नई रिपोर्ट बताती है कि लैंगिक असमानता और भेदभाव महिलाओं के कैंसर के जोखिम कारकों से बचने के अधिकारों और अवसरों को प्रभावित करते हैं। साथ ही समय पर उनकी जांच और देखभाल में बाधा डालते हैं।

## सुडोकू 6331


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | | 4 | | | | 3 |
| | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | 7 | | 8 | | 1 | |
| 9 | | | | | 1 | | 3 | 7 |
| | | 8 | | | | 6 | | |
| 2 | 7 | | 5 | | | | | 1 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | |
| 8 | | | | 1 | | 3 | 5 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6331



**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6330



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6331 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 |

## दुनिया को जानें


### ताइवान ने पहली स्वदेशी रक्षा पनडुब्बी का अनावरण किया

**ताइपे,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। ताइवान ने गुरुवार को अपनी पहली स्वदेशी रक्षा पनडुब्बी (आईडीएस) नरवाल का अनावरण किया। द्वीप की केंद्रीय समाचार एजेंसी (सीएनए) ने यह जानकारी दी है। यह समारोह ताइवान के शहर काऊशुंग में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने की। लॉन्चिंग समारोह ताइवान के शहर काऊशुंग में हुआ और इसकी अध्यक्षता ताइवानी राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने की। सीएनए ने सुश्री त्साई के हवाले से कहा, आज का दिन इतिहास में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ताइवान में रक्षा पनडुब्बी बनाना एक समय असंभव काम माना जाता था, लेकिन अब यह हकीकत बन गया है। यह पनडुब्बी 229.6 फुट लंबी, 26.2 फुट चौड़ी और 59 फुट ऊंची है। इसका विस्थापन 2,500-3,000 टन है। यह पोत छह टारपीडो ट्यूब, एमके-48 लंबी दूरी के निर्देशित टॉरपीडो और यूजीएम-84 हार्पून एंटी-शिप मिसाइलों से सुसज्जित है।

# खेल जगत

## टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने जीता एकल मुकाबला

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां) भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को महिला एकल राउंड ऑफ 32 मैच में नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ 11-5, 11-4, 11-3, 11-2 से जीत दर्ज की। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज यहां पहले मिश्रित युगल में हार के बावजूद मनिका बत्रा ने नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए और कल से शुरू होने वाले एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी ओर, श्रीजा अकुला राउंड ऑफ 32 में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के सोंगयोंग प्योन के खिलाफ चार गेम में हार गईं।



# भारत ने निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक जीता

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

सरबजोत सिंह ने क्वालीफाइंग राउंड में 580 के साथ भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर बनाया। अर्जुन सिंह चीमा 578 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे जबकि शिवा नरवाल 576 के स्कोर के साथ 56 निशानेबाजों के बीच 14वें स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में सिर्फ शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं।

हालांकि, तीनों भारतीय निशानेबाजों के 1734 के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक दिलाया। वही चीन को (1733) स्कोर के साथ रजत जबकि वियतनाम (1730) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल में, सरबजोत सिंह ने चौथे स्थान के लिए 199 का स्कोर बनाया और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन सिंह चीमा 113.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे।

10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में वियतनाम के क्वांग हुई फाम ने (240.5) के साथ स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के वोन्हो ली ने रजत (239.4) और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने (219.9) कांस्य हासिल किया। इस बार एशियाई खेलों में निशानेबाजी स्पर्धाएं एक अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में कुल 33 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।



## रजत जीतकर भी संतुष्ट नहीं रोशिबिना देवी



रोशिबिना देवी ने वुशू में पदक जीतकर भारत के लिए इतिहास रच दिया, लेकिन पदक का रंग वह नहीं था जो वह चाहती थीं। इसलिए, वो इस जीत के बाद भी निराश हैं। रोशिबिना देवी ने 60 किलोग्राम वीमेंस कैटेगरी में रजत पदक जीता। हालांकि, उनके पास गोल्ड मेडल जीतने का मौका था, लेकिन वह फाइनल मुकाबले में चाईनीज खिलाड़ी से हार गईं। रोशिबिना ने 2018 एशियाई खेलों में इसी कैटेगरी में कांस्य पदक जीता था। बुधवार को रोशिबिना देवी ने वियतनाम की थी थू थूय गुयेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने शुरुआत में अच्छी लड़ाई लड़ी लेकिन अंत में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। रोशिबिना देवी ने कहा, मैंने कुछ गलतियां की जो मुझे नहीं करनी चाहिए थी, मैं आगे सुधार करने की कोशिश करूंगी। मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और बहुत उम्मीद के साथ यहां आई हूं। मैं अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहती थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मैं और सुधार करूंगी और अगली बार स्वर्ण जीतूंगी। रोशिबिना देवी को फाइनल में की गई गलतियों के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि वह अपने गृह राज्य मणिपुर में हो रही चीजों से काफी परेशान हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समाज के बीच हुई हिंसा में अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। रोशिबिना देवी के माता-पिता अभी भी मणिपुर में हैं और वह उनकी सुरक्षा को लेकर हर दिन डर में रहती हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, मुझे उनकी सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता रहती है।

## अदिति अशोक दूसरे स्थान पर, गोल्फ में पदक की आस बरकरार

भारत की अदिति अशोक को शुरुआत में अपने पटर के साथ संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह गुरुवार को एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता में वापसी करने और पहले दौर में संयुक्त दूसरे (टी2) स्थान पर रहने में सफल रहीं। अदिति अशोक ने गुरुवार को एशियन गेम्स 2023 में महिलाओं की व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता की शुरुआती दौर में जापान की एस बाबा से दो स्ट्रोक पीछे रहते हुए पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।

वहीं, भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी (विश्व नंबर 148) जो एक समय पर अच्छा खेल रहे थे और संयुक्त तीसरे स्थान पर थे, लेकिन 18वें होल पर डबल बोगी के कारण संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर फिसल गए। चार बार की लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) चैंपियन अदिति 2020 टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं थी। अदिति ने अपने दमदार खेल से भारतीय प्रशंसकों और पूरे गोल्फ जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा था जब उन्होंने विश्व नंबर 1 के साथ बढ़त साझा की लेकिन अंत समय में वह पिछड़ गई और चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। 25 वर्षीय अदिति ने वेस्ट लेक इंटरनेशनल कोर्स में पहले तीन होल में दो बर्डी लगाई और फिर आठवें होल में एक और बर्डी लगाकर फ्रंट नौ को 33 पर समाप्त किया। इसके बाद अदिति ने बैक-टू-बैक बर्डीज़ के साथ उच्च स्तर पर समाप्त करने के साथ ही चार अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। अदिति के अलावा यिन आर, लिन एक्स और लियू वाई की चीनी तिकड़ी और थाईलैंड की यूबोल ए भी दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स (एक अंडर 71) और अवनि प्रशांत (पार 72) क्रमशः संयुक्त 17वें और संयुक्त 21वें स्थान पर हैं।

## भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं की शुरुआत से कुछ दिन पहले सुपर-हैवी में चीन की ओलंपिक चैंपियन बाहर

**हांगझोउ,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। 19वें एशियाई खेलों में भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं की शुरुआत से कुछ दिन पहले, मेजबान चीन को एक झटका लगा, क्योंकि वह दुनिया की सबसे मजबूत महिला भारोत्तोलक के बिना प्रतिस्पर्धा करेगा, जिसने कोहनी की चोट के कारण एशियाई खेलों से अपना नाम वापस ले लिया है।

चीन की सुपर-हैवीवेट ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक ली वेनवेन 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियों के अंतिम सत्यापन में गुरुवार को एशियाई खेलों से हट गयी। ली को सऊदी अरब के रियाद में हाल ही में विश्व चैंपियनशिप के दौरान चोट लगी थी, जहां वह कुल स्कोर बनाने में असफल रहीं। उनकी अनुपस्थिति में चीन को हांगझोउ में 13 लोगों की टीम छोड़नी पड़ी- छह महिलाएं और सात पुरुष। चीन की प्रमुख भारोत्तोलन टीम को नहीं पता होगा कि उत्तर कोरिया से किस तरह की चुनौती की उम्मीद की जाए, जिसके भारोत्तोलकों ने दिसंबर 2019 से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है।

2018 एशियाई खेलों में उत्तर कोरिया (डीपीआर कोरिया) ने 15 पदक स्पर्धाओं में से आठ जीतकर अपनी ताकत दिखाई थी। अप्रैल और सितंबर 2019 के बीच, डीपीआर के भारोत्तोलकों ने पांच विश्व रिकॉर्ड बनाए जो अभी भी कायम हैं।

उत्तर कोरिया ने कोविड-19 महामारी के दौरान विलंबित टोक्यो ओलंपिक खेलों से नाम वापस ले लिया और बाद में जून में क्यूबा में पेरिस क्वालीफाइंग कार्यक्रम में शामिल होने के अवसर को अस्वीकार कर दिया। एशियाई खेल ओलंपिक क्वालीफायर नहीं है, और डीपीआर कोरिया पेरिस में नहीं



होगा, भले ही उसने किसी भी अन्य खेल की तुलना में भारोत्तोलन में अधिक ओलंपिक पदक जीते हों।

उन विश्व रिकॉर्ड धारकों में से एक, पाक जोंगजू, हांग्जो एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। डीपीआर कोरिया टीम के दो खिलाड़ी, आरआई वोनजू और ओएच कुमथेक ने पहले कभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। चीनी भारोत्तोलकों ने टोक्यो 2020 में रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक जीते और 10 पेरिस 2024 रैंकिंग सूची में चीन के आठ खिलाड़ी हैं। इस सितंबर में रियाद में विश्व चैंपियनशिप में भी उनके सात विजेता रहे।

सभी सात विश्व चैंपियन यहां प्रतिस्पर्धा करते हैं, कुछ भारी वजन में क्योंकि जिस श्रेणी में उन्होंने जीत हासिल की वह एशियाई खेलों के कार्यक्रम में नहीं है। पिछले 10 महीनों में लियू हुआनहुआ का वज़न 20 किलो बढ़ गया है। वह हांगझोउ में 109 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उनके विरोधियों में उज्बेकिस्तान के दो ओलंपिक चैंपियन, रुस्लान नुरुदीनोव और अकबर दजुरेव शामिल हैं।

## हमें सुधार करते रहना होगा लेकिन इस गति को विश्व कप में भी जारी रखेंगे : द्रविड़



**राजकोट,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया, भले ही भारतीय टीम को फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। सीरीज में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से द्रविड़ काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि उन सभी खिलाड़ियों के लिए विश्व कप से पहले कुछ खेल का समय मिलना महत्वपूर्ण था। द्रविड़ ने बुधवार को तीसरे वनडे के बाद संवाददाताओं से कहा, जसप्रीत, अश्विन, श्रेयस, केएल जैसे लोगों के लिए, खेल का समय प्राप्त करना महत्वपूर्ण था। तथ्य यह है कि वे इसे प्राप्त करने में सक्षम हैं और प्रतिस्पर्धी पक्ष के खिलाफ इसे प्राप्त करना एक अच्छी बात है। अभ्यास मैच में आम तौर पर वे लोग होते हैं 15 बनाम 15 खेलें इसलिए उन खेलों में उस स्तर की गंभीरता हासिल करना कठिन है।

यह बहुत अच्छा रहा कि जस्सी (जसप्रीत बुमराह) को कुछ गेम मिले और उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर फेंके। सिराज को एक बग का सामना करना पड़ा, लेकिन वह वापस आ गए और आज गेंदबाजी करने में सक्षम हो गए। यह देखना अच्छा था कि अश्विन ने पहले दो मैचों में कैसी गेंदबाजी की । केएल और 6-7 महीने बाद वापसी करते हुए पूरे पचास ओवर तक उनकी कीपिंग शानदार रही है। श्रेयस ने पिछले कुछ मैचों में कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। मुझे लगता है कि बहुत सारे टिक मार्क हैं... चीजें जिस तरह से चल रही हैं उससे वास्तव में खुश हूं। हम जानते हैं कि हम बेहतर होने जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में भी इसी लय को बरकरार रख पाएंगे।

श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए सीरीज के दूसरे मैच में 90 गेंदों में 105 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि राहुल ने भी दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए। । उन्होंने मोहाली में एकदिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा।

द्रविड़ ने चोट या अन्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिनमें आप सुधार करना चाहते हैं, और हमने कई बॉक्सों पर सही का निशान लगाया है। यह देखना अच्छा है कि जो लोग चोट के कारण बाहर हैं, कुछ समय से दूर हैं, हमारे दृष्टिकोण से, वे ऐसा करने में सक्षम हैं कुछ अच्छा क्रिकेट खेलें, बीच में समय बिता सकें, कुछ रन बना सकें, कुछ विकेट ले सकें, लेकिन हमेशा छोटी-छोटी चीजें होती हैं जिनमें आप सुधार कर सकते हैं। यह एक कठिन, लंबा टूर्नामेंट होने जा रहा है। हम एक टीम के रूप में लगातार सुधार करना चाह रहे हैं, भले ही परिणाम हमारे अनुकूल हों।

50 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी पुष्टि की कि टीम 30 सितंबर को होने वाले पहले अभ्यास कार्यक्रम के लिए 28 या 29 सितंबर को गुवाहाटी में इकट्ठा होगी। द्रविड़ ने कहा, हमारे पास समूह में वायरल (बुखार) के कारण कुछ समस्याएं थीं। यह इस खेल में एक संतुलनकारी कार्य था, क्योंकि लोग व्यक्तिगत कारणों से घर जा रहे थे। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हर कोई 28 तारीख की रात या 29 तारीख की सुबह तक गुवाहाटी में होगा। भारत अपने विश्व अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

## हैदराबाद स्टेडियम में अभ्यास करती हुई नजर आई पाकिस्तानी टीम



**हैदराबाद,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप अभ्यास मैच से पहले गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अभ्यास सत्र में भाग लिया।

बुधवार रात हैदराबाद पहुंची पाकिस्तानी टीम पार्क हयात होटल से सुबह करीब 8 बजे स्टेडियम के लिए निकली और दोपहर से पहले वापस लौट आई। टीम की यात्रा और स्टेडियम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विशाल गणेश विसर्जन जुलूस को ध्यान में रखकर नेट अभ्यास सत्र सुबह में निर्धारित किया गया था।

हैदराबाद और उसके आसपास विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा के तहत 20,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। रविवार को शहर में गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी जुलूस के मद्देनजर, राज्य पुलिस ने आयोजकों से अभ्यास मैच के लिए स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया है। 14 अक्टूबर को भारत के खिलाफ बड़े मैच के लिए अहमदाबाद जाने से पहले उसे नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप के दो मैच खेलने हैं। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम सात साल में पहली बार भारत दौरे के लिए दुबई के रास्ते यहां पहुंची है। टीम ने आखिरी बार भारत का दौरा टी20 विश्व कप 2016 में किया था।

## बैडमिंटन में महिला टीम मंगोलिया को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ** 28 सितंबर (एजेंसियां)। भारत की बैडमिंटन महिला टीम ने गुरुवार को मंगोलिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अश्मिता चालिहा और अनुपमा उपाध्याय की भारतीय महिला टीम ने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में 3-0 से जीत दर्ज की। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए पीवी सिंधु ने मंगोलिया की म्याग्मार्टसेरेन गणबातर के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत करते हुए मंगोलियाई प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 21-2, 21-3 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। टीम के दूसरे मुक़ाबले में, बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 49वें नंबर की युवा भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने खेरलेन डारखानबटार के खिलाफ 21-2, 21-3 के स्कोर के साथ 21 मिनट में जीत दर्ज की।

## दक्षिण अफ्रीकी टीम के पास विश्वास की कमी नहीं है : रबाडा

**तिरुवनंतपुरम,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा का मानना है कि वह अपनी पहली विश्व कप ट्रॉफी के लिए एक तरोताजा दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। पुरुषों के वनडे विश्व कप 2019 के पिछले संस्करण में प्रोटियाज़ ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहे, लेकिन इस साल अभी तक उन्होंने वनडे में सीरीज हार का स्वाद नहीं चखा है। रबाडा ने गुरुवार को कहा, दक्षिण अफ्रीका के लोगों में एक चीज की कमी नहीं है, वह है विश्वास। इसलिए, वर्ल्ड कप में जाने से पहले हमें विश्वास है कि हम इसे जीत सकते हैं। हमारे पास ऐसा करने के लिए खिलाड़ी हैं। इसलिए, उम्मीद है कि हम अपना पहला फाइनल हासिल कर सकते हैं और इस प्रतियोगिता को जीत सकते हैं। यह कठिन होने वाला है लेकिन यह वास्तव में शानदार होने वाला है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का एक-दूसरे के खिलाफ खेलना और एक पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करना रोमांचक है, और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।



साथी तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्जे और सिसंडा मगाला की चोटों ने टीम की उम्मीदों को झटका दिया है, लेकिन इससे रबाडा की उम्मीदों पर कोई असर नहीं पड़ा है, जिनकी टीम 7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ अपना विश्व कप अभियान शुरू करेगी। चार बार के सेमीफाइनलिस्टों ने 2019 में संघर्ष किया, लेकिन तब से आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं और ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से श्रृंखला जीत के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें मलयेशिया के खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारत ने हांगजू(चीन)में एशियाई खेलों में पूल ए में अपना अभियान कमजोर सिंगापुर पर 13-0 से किया और अब उसकी निगाहें कहीं बेहतर मलयेशिया को भी शुक्रवार को हराकर उसके खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए उसके खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने पर है। मलयेशिया ने हांगकांग को पहले मैच में 8-0 से हराया। दुनिया की सातवें नंबर की टीम भारत ने मलयेशिया की महिला टीम से अपने पिछले 17 में से 16 मैच जीते हैं और मात्र एक मैच ड्रॉ खेला है। भारतीय महिला हॉकी टीम जब अंतिम बार एशिया कप में मलयेशिया से 2022 में भिड़ी तो 9-0 से विजयी रही थी। भारत

### ■ मलयेशिया की कोशिश इस बार इतिहास बदलने की

का मलयेशिया के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड उसे जीत का प्रबल दावेदार बताता है। वहीं मलयेशिया की कोशिश इस बार भारत के खिलाफ इतिहास को बदलने की होगी। भारत को मलयेशिया के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखना है तो उन्हें अपनी चीफ कोच यांकी शॉपमैन की रणनीति को मलयेशिया के खिलाफ भी मैदान पर उसी तरह अमला जामा पहनाना होगा जिस तरह कि सिंगापुर के खिलाफ मैच में पहनाया था। भारत की चीफ कोच शॉपमैन ने सिंगापुर के खिलाफ रक्षात्मक मिडफील्डर मोनिका को सेंटर फॉरवर्ड के रूप में आजमाया करने साथ नियमित ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर की गैरमौजूदगी में नेहा गोयल,



मोनिका और दीपग्रेस एक्का को पेनल्टी कॉर्नर पर तेज हिट से गोल करने को प्रेरित किया और इसमें ये सभी कामयाब भी रहीं। सदाबहार अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, संगीता कुमारी और दीपिका के लिए भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी नवनीत कौर, सलीमा टेटे, नेहा गोयल और निशा वारसी को मलयेशिया के खिलाफ बराबर आगे गेंद बढ़ानी होगी जिसके कि वे मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर भी बना सकें। भारत के लिए मलयेशिया के खिलाफ मैच में किसी बेवजह प्रयोग और ढील की कतई गुंजाइश नहीं है। भारत के अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना है तो उसकी नौजवान स्ट्राइकर संगीता को अनुभवी वंदना और ललरेमसियामी के साथ मिलकर शुरू से मलयेशिया के खिलाफ मैदानी गोल करने के हर मुमकिन मौके को भुनाने की कोशिश करनी होगी। भारत की रक्षापंक्ति में दीप ग्रेस एक्का और मोनिका के साथ खुद कप्तान गोलरक्षक सविता को खासतौर पर मलयेशिया के लिए हांगकांग के खिलाफ मैच मे पेनल्टी कार्नर पर दो गोल करने वाली ड्रैग फ्लिकर फातिन शुक्री के खिलाफ पूरी मुस्तैदी दिखानी होगी।

### हम अपनी जीत की लय जारी रखने को कृतसंकल्प : सविता

मलयेशिया के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान गोलरक्षक ने सविता ने कहा, हम सिंगापुर के खिलाफ अपना पहला मैच जीतने और अपने बढ़िया प्रदर्शन से रोमांचित हैं। पहले मैच में हमारी टीम की बड़ी जीत हमारी टीम की मेहनत और उसके एके का प्रमाण है। हर मैच एक नई चुनौती होता है। मलयेशिया की टीम एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है और हमारा ध्यान इसी पर है और हम अपनी जीत की लय को जारी रखने को कृतसंकल्प हैं।

### हम मलयेशिया को कम नहीं आंक सकते : दीप ग्रेस एक्का

भारत की उपकप्तान फुलबैक दीप ग्रेस एक्का ने कहा, सिंगापुर के खिलाफ हमारा प्रदर्शन दमदार रहा लेकिन हम अब अपना ध्यान मलयेशिया के खिलाफ अगले मैच पर लगाने पर है। इस तरह के टूर्नामेंट में हर मैच एक अलग चुनौती होता है और हमें इसके लिए तैयार रहने की जरूरत है।

## सार संक्षेप

### बैंक ऑफ बड़ौदा कर रहा है ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर टी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट 223-24 की मेजबानी

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन बैंक ऑफ बड़ौदा अखिल भारतीय पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर टी-2 क्रिकेट टूर्नामेंट 223-24 की मेजबानी कर रहा है। बृहस्पतिवार को शुरु हुए इस टूर्नामेंट 4 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में 13 टीमें शिरकत करेंगी।इस साल इस टूर्नामेंट में इस शिरकत करने वाली 13 टीमें हैं- बैंक ऑफ बड़ौदा, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड(बीएचईएल), भारत संचार निगम लिमिटेड(बीएसएनएल) , सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (सीडब्ल्यूसी), कोल इंडिया लिमिटेड(सीआईएल), इंपलायस प्रोविडेंट फंड कॉरपोरेशन (ईपीएफओ), फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई), महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड(एमडीएसएल), नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएलसी इंडिया लिमिटेड), ओरिएंटल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड(ओआईसी), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया(आरबीआई) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया(यूबीआई)। सभी मैच गुरुग्राम में इवेंचुएर्स स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेले जाएंगे। इस मौके पर भारत और दुनिया के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा भी मौजूद थे।इस मौके पर बोलते हुए श्री राकेश शर्मा( जनरल मैनेजर, नई दिल्ली जोन, बैंक ऑफ बड़ौदा ) ने कहा, %बैंक ऑफ ऑफ बड़ौदा प्रतिष्ठित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर क्रिकेट टूर्नामेंट 223-24 टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।'

### पाक से छीने पुरुष ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी अब ओमान करेगा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) ने पाकिस्तान में हाल ही के सियासी हालात के मद्देनजर वहां एक पुरुष एफआईएच ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी छीन ली थी। पहले पाकिस्तान में होने वाला यह एक एफआईएच पुरुष हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर अब ओमान में होगा। अब यह एक पुरुष ओलंपिक क्वॉलिफायर मस्कट(ओमान) में 15 से 24 जनवरी,224 तक होगा। पेरिस 224 हॉकी ओलंपिक टूर्नामेंट अगले साल 27 जुलाई से 9 अगस्त तक होगा। एफआईएच ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। तीन अन्य एफआईएच ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर चीन (महिलाओं का 15 से 21 जनवरी, 224) तथा स्पेन में (महिलाओं और पुरुषों का 13 से 21 जनवरी तक ) होंगे। इन एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से छह पुरुष और छह महिला हॉकी टीमें 224 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर में शिरकत करने के लिए ओशनिया और यूरोप की टीमों का पहला ही पता लग चुका है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली,** 29 सितंबर (वार्ता) अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## वृद्धि, समानता, मूल्य स्थिरता में संतुलन ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित है : डॉ रंगराजन

**नई दिल्ली,** 28 सितम्बर (एजेंसियां)। जाने माने अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ सी रंगराजन ने कहा है कि वृद्धि, समानता और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन साधने में ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित होती है।

डॉ. रंगराजन ने बुधवार को यहां 'भारत के विकास, राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति: आर्थिक झटकों से कैसे उबरें' विषय पर चुनिंदा लेखों के एक ई-संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि विकास की रणनीति को बहुआयामी रखना आवश्यक है क्यों कि केवल नीतियों में सुधार मात्र ही आर्थिक विकास की गारंटी नहीं है। कट्स इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित इस संग्रह को डॉ रंगराजन और ईएंडवाई के मुख्य नीतिगत सलाहकार और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के पूर्व निदेशक, डॉ डी के श्रीवास्तव ने संयुक्तरूप से संपादित किया है। कट्स व्यापार, विनियम और सुशासन पर पर अग्रणी वैश्विक सार्वजनिक नीति विचारक और कार्य करने वाली संस्था है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह ई-संकलन लेखों का संग्रहण है जो कोविड-19 और उसके बाद के वर्तमान कठिन समय के



दौरान सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों पर गहरी अन्तर्दृष्टि प्रदान करता हैं।

कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप महता ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सूक्ष्म आर्थिक और व्यापक आर्थिक दोनों मुद्दों पर डॉ रंगराजन की गहन अन्तर्दृष्टि की सराहना की। डॉ रंगराजन डॉ रंगराजन पूर्व में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कोविड-19 महत्वपूर्ण आर्थिक नतीजों को जन्म देने वाला पिछली एक सदी का पहला गैर-आर्थिक संकट बताया। उन्होंने कहा,'आर्थिक वृद्धि हमारी कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का जवाब है। इसे लम्बे समय तक कायम नहीं रखा जा सकता, जब तक कि इसमें निष्पक्षता को भी शामिल नहीं किया जाए। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने आर्थिक और गैर-आर्थिक दोनों कारकों पर ध्यान देकर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मजबूत निर्यात और मजबूत विनिर्माण वृद्धि उत्पादन बढ़ाने और रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण है। डॉ श्रीवास्तव ने न केवल कोविड-19 संकट के दौरान, बल्कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण नीति निर्माताओं के सामने आने वाली विकट चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जब अर्थव्यवस्था पर दबाव पडा और नीति निर्माताओं को दुविधा का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने जिम्मेदार आर्थिक प्रबन्धन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक उपाय अपनाए, जिम्मेदार आर्थिक प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

## एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी

नई दिल्ली, 28 सितंबर (आईएएनएस)। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू करने के लिए तैयार है। सीबीआईसी के चेयरमैन संजय अग्रवाल ने गुरुवार को ये बात कही। सीबीआईसी के चेयरमैन ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम इसे 1 अक्टूबर से लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संबंधित अधिसूचनाएं प्रक्रियाधीन हैं। यह कदम सभी राज्यों की सर्वसम्मति से उठाया गया है और हाल ही में लोकसभा में जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया गया। अग्रवाल ने कहा, 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लागू करने के लिए सभी राज्यों को इसे अपनी विधानसभाओं में पारित करना होगा या 30 सितंबर तक अध्यादेश जारी करना होगा।

ऑनलाइन गेमिंग के मामले में लगाए गए दांव, कैसीनो के मामले में खरीदे गए चिप्स के अंकित मूल्य और घुड़दौड़ के मामले में सट्टेबाज/टोटलाइज़र के साथ लगाए गए दांव पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को वर्तमान में लगने वाले 18 प्रतिशत के बजाय 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए पहले ही नोटिस जारी



किया जा चुका है। 11 अगस्त को, लोकसभा ने मानसून सत्र के अपने अंतिम सत्र के दौरान ध्वनि मत से दो जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया। ये संशोधन एकीकृत वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 से संबंधित हैं, जिसका मकसद ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करना है।

यह कानूनी कार्रवाई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा 2 अगस्त को अपनी 51वीं बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुरूप है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, जीएसटी परिषद ने आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में विशिष्ट प्रावधान शामिल करने की सिफारिश की है।

## सैट ने सेबी की रोक के खिलाफ ज़ी प्रमोटर की याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**मुंबई,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) ने बुधवार को सेबी के अंतरिम आदेश के खिलाफ ज़ी एंटरटेनमेंट के प्रमोटर पुनित गोयनका की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्हें कथित फंड डायवर्जन के कारण सूचीबद्ध संस्थाओं में किसी भी प्रमुख प्रबंधकीय पद पर रहने से रोक दिया गया था। सैट ने आदेश सुरक्षित रखते हुए बाजार नियामक और गोयनका को एक सप्ताह के भीतर कोई लिखित दलील दाखिल करने का निर्देश दिया। सेबी के वकील डेरियस खंबाटा ने ट्रिब्यूनल को बताया कि बाजार नियामक 30 नवंबर तक पांच लेनदेन पर अपनी जांच पूरी कर लेगा और अगर सभी पक्ष सहयोग करेंगे तो बाकी में समय लगेगा। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने 10 अगस्त को ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट (जिसे पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के नाम से जाना जाता था) के विलय को अपनी मंजूरी दे दी थी। लेकिन 14 अगस्त को पारित सेबी के पुष्टिकरण आदेश ने बड़ी गड़बड़ी करते हुए जेडईईएल प्रमोटरों - गोयनका और सुभाष चंद्रा को कंपनी और अन्य संगठनों में कोई भी निदेशक या अन्य प्रमुख प्रबंधकीय पद संभालने से रोक दिया। खंबाटा ने अपनी दलील में कहा था कि पिछले चार महीनों में सेबी द्वारा एकत्र की गई सामग्री से धन की हेराफेरी और राउंड ट्रिपिंग का संकेत मिलता है और जांच जारी है। जेडईईएल प्रमोटरों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अभिषेक मनु सिंघवी और नवरोज़ सीरवई ने कहा कि सेबी ने जांच पूरी किए बिना पुष्टिकरण आदेश पारित किया और यह शुद्ध अटकलों पर आधारित है।

## स्नैपचैट की पेरेंट कंपनी स्नैप के एआर डिवीजन पर लगा ताला, 17 कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। स्नैपचैट की पेरेंट कंपनी स्नैप ने अपने ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) डिवीजन से लगभग 170 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है और इकाई बंद कर दी है। स्नैप के सीईओ इवान स्पीगल ने कर्मचारियों को लिखे एक नोट में कहा कि जब से उन्होंने पहली बार एआर एंटरप्राइज रणनीति अपनानी शुरू की है तब से कई चीजें बदल गई हैं। स्पीगल ने कहा, हमने अपने एआर एंटरप्राइज व्यवसाय को बंद करने का कठिन निर्णय लिया है। पिछले कुछ महीनों में हमारे विकल्पों की खोज करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खुदरा विक्रेताओं के लिए हमारे उद्यम की पेशकश को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी और हम इस समय



वह निवेश नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बुधवार देर रात कर्मचारियों को सूचित करते हुए कहा, एआर एंटरप्राइज टीम के कुछ सदस्य कैमराकिट, प्रायोजित एआर विज्ञापन और स्नैपचैट पर हर दिन एआर के साथ जुड़ने वाले 250 मिलियन से अधिक लोगों का समर्थन करने के लिए स्नैप पर बने रहेंगे, लेकिन लगभग टीम के 170 सदस्य अब स्नैप पर काम नहीं करेंगे।

स्नैप सीईओ ने स्वीकार किया कि जेनरेटिव एआई के आगमन ने सभी आकार की कंपनियों के लिए अपने ग्राहकों के लिए ट्राई-ऑन अनुभव बनाना आसान बना दिया है और हमारे लिए अपनी पेशकश को अलग करना कठिन बना दिया है। स्पीगल ने कहा, इसके अलावा हमारे व्यावसायिक प्रदर्शन ने इस वृद्धिशील अवसर में निवेश करने की हमारी क्षमता को कम कर दिया है। हमें अपने संसाधनों को अपने मुख्य विज्ञापन व्यवसाय पर केंद्रित करना पड़ा है। कंपनी ने कहा कि जो हमारा व्यवसाय छोड़ रहे हैं उन टीम के सदस्यों को एक पैकेज और आउटप्लेसमेंट देकर उन्हें समर्थन देने की पूरी कोशिश की जाएगी। स्नैप ने पिछले साल अपने 6,400 कर्मचारियों में से 20 प्रतिशत कार्यबल, यानि लगभग 1,280 कर्मचारियों को निकाल दिया था।


# वायदा सौदा निपटान पर बाजार ढेर

**मुंबई** 28 सितंबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के बीच स्थानीय स्तर पर सितंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान को लेकर हुई चौतरफा लिवाली के दबाव में आज शेयर बाजार ढेर हो गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 610.37 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत का गोता लगाकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65508.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 192.90 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19523.55 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत लुढ़ककर 31,923.84 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत उतरकर 37,347.57 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3790 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2050 में गिरावट जबकि 1613 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 42 कंपनियां लाल जबकि शेष आठ हरे निशान पर रही।

बीएसई में दूरसंचार और कैपिटल गुड्स समूह की 0.29 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 18 में गिरावट रही। कमोडिटीज 1.21, सीडी 1.15, ऊर्जा 0.78, एफएमसीजी 1.74, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0.02, आईटी 1.84, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 1.24, बैंकिंग 0.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.29, धातु 1.05, तेल एवं गैस 0.82, पावर 0.49, रियल्टी 0.98, टेक 1.49 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.89 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिकवाली का दबाव रहा। इस




दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 1.54 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.10 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 287 अंक की छलांग लगाकर 66,406.01 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर पर भी रहा। इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,423.39 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,118.69 अंक के मुकाबले 0.92 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,508.32 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 45 अंक की बढ़त के साथ 19,761.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,766.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,492.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,716.45 अंक की तुलना में 0.98 प्रतिशत लुढ़ककर 19,523.55 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 25 कंपनियों में टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 4.59 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही बिकवाली की शिकार हुई प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट 3.97, विप्रो 2.36, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.10, इंफोसिस 1.91, आईटीसी 1.87, कोटक बैंक 1.86, रिलायंस 1.48, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.46, टीसीएस 1.40, टाटा स्टील 1.09, टाटा मोटर्स 1.04, एचसीएल टेक 1.02, मारुति 1.01, नेस्ले इंडिया 1.00, एनटीपीसी 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.28, सन फार्मा 0.22 और आईसीआईसीआई बैंक 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एलटी 1.69, पावरग्रिड 0.73, भारती एयरटेल 0.59, एक्सिस बैंक 0.39 और एसबीआई ने 0.08 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## वनवेब और यूटेलसैट का हुआ विलय

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। सैटेलाइट ऑपरेटर यूटेलसैट कम्युनिकेशंस एस ने आज वैश्विक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट संचार नेटवर्क, वनवेब के साथ अपने सभी-शेयर संयोजन को पूरा करने की घोषणा की। यह विलय यूटेलसैट शेयरधारकों की बैठक में स्वीकृति के बाद किया गया। पेरिस स्थित मुख्यालय में विलय की गई इस कंपनी में 21.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारती एंटरप्राइजेज सबसे बड़ी शेयरधारक होगी। भारती समूह, यूटेलसैट समूह में रणनीतिक निवेशक बनने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुनील भारती मित्तल उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) होंगे और श्री श्रविन भारती मित्तल, जिन्होंने वनवेब निवेश का नेतृत्व किया, यूटेलसैट के बोर्ड में निदेशक के रूप में भारती के नेतृत्वकर्ता होंगे। श्री अखिल गुप्ता वनवेब के बोर्ड में निदेशक के रूप में काम करना जारी रखेंगे, जो अब यूटेलसैट की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है। वनवेब एक सहायक कंपनी होगी जो व्यावसायिक रूप से यूटेलसैट वनवेब के रूप में काम करेगी और इसका परिचालन केंद्र लंदन में रहेगा। कंपनी यूरोनेक्स्ट पेरिस स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है और उसने लंदन स्टॉक एक्सचेंज में मानक सूचीकरण के लिए आवेदन किया है। यूटेलसैट समूह के नाम से नामित, नई कंपनी पहली जीईओ एलईओ एकीकृत सैटेलाइट समूह होगा, जो अंतरिक्ष संचार को बदल देगा और तेजी से बढ़ते कनेक्टिविटी बाजार को संबोधित करेगा। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष, यूटेलसैट समूह के निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) सुनील भारती मित्तल ने विलय पर कहा, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए डिजिटल विभाजन को ख़तम करना एक महत्वपूर्ण मिशन है और यह संयोजन दोनों व्यवसायों के प्रयासों में तालमेल बिठाएगा और हमारी प्रगति को गति देगा। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इसे संभव बनाया है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (वार्ता) विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 60 रिंगिट उबलकर 3678 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की तेजी के साथ 57.91 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :-

दाल-दलहन : चना 6350-6450, दाल चना 7350-7450, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 10400-10500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## प्रधानमंत्री गतिशक्ति में 52,000 करोड़ रुपये की छह राजमार्ग, रेल परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली,** 28 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री (पीएम) गतिशक्ति के अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की 56वीं बैठक में आधारभूत आर्थिक अवसंरचना क्षेत्र की कुल लगभग 52,000 करोड़ रुपये की लागत वाली छह परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तहत आने वाली लगभग 45000 करोड़ रुपये की लागत वाली चार सड़क परियोजनाएं और लगभग 6700 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाली रेल मंत्रालय (एमओआर) के तहत आने वाली दो रेल परियोजनाएं हैं।

विज्ञप्ति के अनुसार नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा की अध्यक्षता में 56वीं एनपीजी बैठक आयोजित की गई। पीएम गतिशक्ति दृष्टिकोण के शुभारंभ के बाद से, एनपीजी



द्वारा लगभग 11.53 लाख करोड़ रुपये की कुल लागत वाली 112 परियोजनाओं का आकलन किया जा चुका है। कल की बैठक में समीक्षा के लिए ली गयी परियोजनाओं में गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुपालन की स्थित को प्रदर्शित किया गया। इनमें सड़क क्षेत्र की चार परियोजनाओं में गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में फैले एक नए राजमार्ग के निर्माण की परियोजना है, जिससे न केवल नवसारी, नासिक, अहमदनगर जिलों में औद्योगिक बेल्ट बल्कि क्षेत्र के कृषि क्षेत्र को भी लाभ होगा। ऐसी ही दूसरी परियोजना गुजरात में बनासकांठा, पाटन, मेहसाणा, गांधीनगर और अहमदाबाद जिले से जुड़े नए राजमार्ग के विकास की है । यह अमृतसर-जामनगर आर्थिक गलियारे को अहमदाबाद और वडोदरा से जोड़ेगी और परिवहन के अन्य साधनों के साथ एकीकृत होगी, जिससे क्षेत्र में मल्टी-मोडैलिटी के संवर्धन और उपयोग में योगदान मिलेगा।

प्रस्तावित तीसरी सड़क परियोजना बिहार राज्य में स्थित है और इसमें भारतमाला परियोजना के तहत पटना-आरा-सासाराम गलियारे को चार लेन का बनाने का कार्य शामिल है। इस परियोजना से जनजातीय क्षेत्रों सहित वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) ग्रस्त जिलों में सामाजिक-आर्थिक विकास होने की संभावना है। यह परियोजना मौजूदा मार्ग और यात्रा समय को कम करके लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार करने में मदद करेगी और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से उत्तर प्रदेश से आने वाले तथा झारखंड और पटना की ओर जाने वाले यातायात के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह क्षेत्र के जलमार्गों को भी जोड़ेगी ।

### सार संक्षेप

## अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा सात गुना बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) 7 गुना बढ़कर 9.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछली तिमाही में1.3 अरब डॉलर था।) डेटा गुरुवार को जारी किया गया। आरबीआई ने कहा, तिमाही-दर-तिमाही आधार पर सीएडी का बढ़ना मुख्य रूप से उच्च व्यापार घाटे के साथ-साथ शुद्ध सेवाओं में कम अधिशेष और निजी हस्तांतरण प्राप्तियों में गिरावट के कारण है। मुख्य रूप से कंप्यूटर, यात्रा और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात में गिरावट के कारण शुद्ध सेवा प्राप्तियों में क्रमिक रूप से कमी आई। तिमाही में व्यापारिक व्यापार घाटा बढ़कर 56.6 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछली तिमाही में 52.6 बिलियन डॉलर था, लेकिन एक साल पहले के 63.1 बिलियन डॉलर के घाटे से कम था। निजी हस्तांतरण प्राप्तियां, जो मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन हैं, 28.6 बिलियन डॉलर से घटकर 27.1 बिलियन डॉलर हो गईं। 223-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए सीएडी सकल घरेलू उत्पाद का 1.1 प्रतिशत है जबकि जनवरी-मार्च में यह सकल घरेलू उत्पाद का मात्र`.2 प्रतिशत था। अप्रैल-जून 222 में यह आंकड़ा 17.9 अरब डॉलर या जीडीपी का 2.1 फीसदी था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में उच्च तेल, उच्च कोर आयात और सेवाओं के निर्यात में और मंदी के कारण सीएडी में पर्याप्त वृद्धि देखी जाएगी। अरोड़ा ने कहा, इन सबका मतलब यह होगा कि जुलाई-सितंबर 223 में सीएडी/जीडीपी अनुपात अप्रैल-जून 223 के दोगुने से भी अधिक 2.4-2.6 प्रतिशत के बीच हो सकता है ।

## ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 4वें स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 223 रैंकिंग में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 4वीं रैंक बरकरार रखी है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में भारत कई वर्षों से तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह 215 में 81वें स्थान से बढ़कर 223 में 4वें स्थान पर पहुंच गया है। इस वर्ष नीति आयोग, उद्योग निकाय सीआईआई और विश्व बौद्धिक संपदा के साथ साझेदारी में संगठन (डब्ल्यूआईपीओ), 29 सितंबर, 223 को जीआईआई 223 के भारत लॉन्च की वर्चुअल मेजबानी कर रहा है। लॉन्च सत्र में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य वी के सारस्वत, सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम डब्ल्यूआईपीओ के जनरल डेरेन टैंग सहित अन्य कई वरिष्ठ गणमान्य शामिल होंगे।। जी आईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने संबंधित देशों में नवाचार के नेतृत्व वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करने के लिए एक विश्वसनीय उपकरण है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीति उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है। नीति आयोग के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है।

# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर मुख्य सचिव और डीजीपी ने ली बैठक

**बिलासपुर**, 28 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन एवं डीजीपी अशोक जुनेजा ने जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में प्रशासन व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की।

बैठक लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 सितंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा एवं अन्य तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने एसपीजी की दिशानिर्देशों के अनुरूप सारी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




## शहर पहुंची पीएम मोदी के काफिले की गाड़ियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी की परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में शामिल होने 30 सितंबर को बिलासपुर आ रहे हैं।

जिसकी तैयारी में पूरा प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी लगा हुआ है, 30 तारीख को साइंस कॉलेज मैदान में एक बड़ी आम सभा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। गुरुवार की शाम को दिल्ली से बिलासपुर ट्रेन के वैगन में प्रधानमंत्री मोदी के काफिले के चार गाड़ी को लाया गया, जिसमे एक जैमर गाड़ी और अन्य 3 गाड़ी शामिल है। शाम को रेलवे स्टेशन से पायलेटिंग के जरिए तीनों कार को तारबाहर चौक, पुराना बस स्टैंड, इमलीपरा होते हुए पुलिस लाइन लाया गया है, जहां सभी गाड़ियों को सुरक्षित रखा गया है।

## पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिलासपुर आगमन 30 सितंबर को हो रहा है। प्रधानमंत्री की जनसभा साइंस कॉलेज मैदान में प्रस्तावित है। सुरक्षा एवं आमजन की सुविधा हेतु बिलासपुर पुलिस द्वारा कई घेरे की सुरक्षा व्यवस्था' बनाई है।

प्रधानमंत्री की सभा में कई वस्तुएं नहीं लाने की अनुमति होगी जैसे कोई भी फेंकी जा सकने वाली वस्तु, जैसे सिक्के, पत्थर, पेन आदि। कोई भी धारदार वस्तु, जैसे चाकू, छुरी, ब्लेड आदि। पानी की बोतलें या पाऊच। किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ, जैसे लाईटर, माचिस, पटाखे आदि। लाठी, डंडा, छाता तथा अन्य किसी भी प्रकार के औजार एवं हथियार। बीड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य नशीले पदार्थ। मोबाईल फोन को छोड़कर अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण। कार्यक्रम स्थल पर 9.30 बजे से चेकिंग के बाद एंट्री शुरू कर दी जाएंगी।

कार्यक्रम स्थल के पास वाहनों से लोगों को उतारने की अनुमति नहीं होगी, बल्कि पार्किंग से लोगों को उतर कर पैदल कार्यक्रम स्थल आना होगा।

## ट्रैफिक कंट्रोल करने रूट प्लान

30 सितम्बर को साइंस कॉलेज मैदान (सरकंडा) बिलासपुर में नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम आयोजित होना है, जिसमें भारी संख्या में लोगों के सम्मिलित होने की संभावना है। इसको देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था किया गया है।

कोरबा-सीपत से आने वाले लोग के वाहन मापका तिराहा, छठ घाट पुल, गुरु नानक चौक या आर0के0 नगर तिराहा से लिंगियाडीह पुल का उपयोग कर तोरवा दयालबंद पुल से शहर प्रवेश एवं आगे की यात्रा कर सकेंगे। मोपका से सरकंडा की ओर जाने वाले वाहन आर0के0 नगर तिराहा से अपोलो रोड चिंगराज ,शनीचरी,अमरैया चौक, रामायण चौक, चातीडीह चौक,मुक्तिधाम रोड सीपत चौक से सरकंडा रोड में शामिल होंगे।

सरकंडा से मोपका की ओर जाने वाले वाहन सीपत चौक से मुक्तिधाम रोड या चटीडीह चौक से रामायण चौक, अमरिया चौक ,शनिचरी, चिंगराजपारा, अपोलो रोड, आर0के0 नगर तिराहा होते हुए मोपका का रोड में शामिल होंगे। रतनपुर कोनी की ओर से आने वाले लोगों के वाहन तुर्कडीह पुल, महामाया चौक, इंदिरा सेतु का उपयोग कर सकरी मंगल से शहर प्रवेश एवं आगे की यात्रा कर सकेंगे

## पार्किंग व्यवस्था

रायपुर रोड एवं जिला मुंगेली की ओर से कार्यक्रम में आने वाले एनएच से सकरी बाईपास से सेंदरी दुर्गा तुर्काडीह होकर शहर प्रवेश कर, महामाया चौक होते हुए,अशोकनगर कछवाहा क्रिकेट अकादमी में अपना वाहन पार्किंग करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला कोरबा एवं जीपीएम,रतनपुर,पाली, कटघोरा की ओर से कार्यक्रम में आने वाले वाहन सेंडरी तुर्काडीह,महामाया चोक होते हुए, अशोकनगर कछवाहा क्रिकेट एकेडमी में वाहन पार्किंग करेंगे।

जिला जांजगीर सारंगढ़, रायगढ़, सीपत से आने वाले वाहन महमंद ,गुरु नानक चौक, मोपका तिराहा, आर0 के0 तिराहा होते हुए बहतराई स्टेडियम, बिलियेंट पब्लिक स्कूल, बिजोरी स्कूल मैदान में पी-03,04,05,06 अपना वाहन पार्किंग करेंगे।

शहर से कार्यक्रम में आने वाले वाहन एवं प्रिंट ,सोशल मीडिया के पत्रकार बंधु के लिए आने वाले वाहन पी-02 खेल परिसर (थाना सरकंडा के सामने वाले मार्ग) में अपने कार वाहन पार्किंग कर सकेंगे।

सीएमपीडीसी मैदान में व्हीआईपी कार पार्किंग के लिए उपयोग किया जाएगा। भारी वाहन एवं बिल्डिंग मटेरियल संबंधी समस्त वाहन वीवीआइपी कार्यक्रम के दौरान पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे।

# गाजे-बाजे के साथ अरपा में गणपति विसर्जन



**बिलासपुर**, 28 सितंबर( देशबन्धु) । आज आज अनंत चतुर्दशी पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा है। कल से पितृ पक्ष प्रारंभ होने जा रहा है अरपा नदी में विभिन्न घाटों पर बच्चे महिलाएं गणेश प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचे हैं। गाजेबाजे के साथ हटरी चौक से हतरी चौक से पचरी घाट में अरपा नदी के तट पर गणेश पतिमा विसर्जन करने गाजे बाजे के साथ लोग पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के काफी भीड़ है और बड़े प्रतिमा का विसर्जन ट्रेन से किया जा रहा है। नगर निगम का अमला यहां जुटा हुआ है। पुलिस सुरक्षा बल पर्याप्त है नगर निगम के द्वारा यहाँ पर सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं। गोताखोर भी यहां पर मौजूद हैं। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए यहां पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद है। डीजे एवं बाजे की धुन पर महिला एवं बच्चे नाचते हुए गणेश पतिमा विसर्जन कर रहे हैं। पचरी घाट के अलावा सरकंडा पुराना पुल, लोधी पारा तथा पूर्व छठ घाट में भी गणेश पतिमा का विसर्जन किया जा रहा है। गणपति बप्पा कहीं बाइक से पहुंच रहे हैं तो कहीं पर ठेला में एवं लोग कारों में भी गणेश प्रतिमा विसर्जन करने अरपा नदी के तट पर पहुंचे हैं। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ किया जा रहा है। अगले बरस तू जल्दी आकर नारों के साथ आरती कर गणेश प्रतिमा का अरपा में विसर्जन किया जा रहा है। अरपा के तट पर पचरी घाट में काफी भीड़ है।

# 10 दुकानों का शटर तोड़कर 23 लाख की चोरी करने वाला शातिर कवर्धा से गिरफ्तार

**बिलासपुर**,28 सितंबर ( देशबन्धु) । सिविल लाइन पुलिस ने शटर तोड़कर दुकानों में चोरी करने वाले शातिर चोर को कवर्धा से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 नग सोने का कड़ा,2 नग सोने का चैन,2 नग सोने की अंगुठी,1 नग चांदी का बिस्किट 100 ग्राम एवम नगदी 21000 रुपए 1 नग कान की बाली 1 नग महिन्द्र कम्पनी का थार वाहन बरामद किया गया है।





सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि 19 अगस्त को श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 05 बडी दुकानों एव 25 अगस्त को सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 05 बडी दुकानों कुल 10 दुकानों में अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त चोर को पकड़ने हेतु अलग अलग टीम बनाकर निर्देश दिये गये थे। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य एवं एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू के नेतृत्व में टीम बनाकर मुखबीर तंत्र को मजबूत कर एवं तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर लगभग 300 सीसीटीव्ही फुटेज को खंगाला गया जिससे आरोपी जिला कबीर धाम का निवासी होना पाया गया जिसे पकड़ने हेतु घटना दिनांक से टीम आरोपी के निवास एवं रिस्तेदारों के निवास के आसपास डेरा जमाये हुए थी जो आज घटना का मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास अपने साथी शिवा चन्द्रवंशी के साथ अपने निवास के आसपास दिखाई दिया। कि सूचना पर रेड कार्यवाही की गई जहां पर उसका सहयोगी शिवा चन्द्रवंशी पिता बेनी माधव चंद्रवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी गायत्री मंदिर के पास कवर्धा मिला जिसे अभिरक्षा में लेकर पुछताछ की गई जिसने उपरोक्त घटनाओं में लोकेश श्रीवास के साथ रहकर घटना कारित करना स्वीकार किया।

जिसके कब्जे से 01 नग सोने का कड़ा, 02 नग सोने का चैन 02 नग सोने की अंगुठी, 01 नग कान की बाली, 01 नग चांदी की बिस्किट एवम 21000 रुपए नगद तथा 01 नग महिन्द्र कम्पनी का थार वाहन जुमला कीमती लगभग 23 लाख रुपए बरामद किया एवम चोरी की अन्य सामानों के बारे में पूछताछ की जा रही है। मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास वर्तमान में फरार है। जिसकी पता तलास की जा रही है।प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य, एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू थाना सिविल लाईन से उपनिरीक्षक भावेश शेण्डे, अजहर उद्दीन, आरक्षक सोनू पाल, अविनाश कश्यप, राहुल सिंह, एसीसीयू से सहायक उपनिरीक्षक शोभनाथ यादव, आरक्षक तरुण केशरवानी, सत्या पाटले, तदबीर पोर्ते की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विधायक शैलेष पाण्डेय ने ईद मिलादुन्नबी पर निकली बाइक रैली व जुलूस का किया स्वागत,दी मुबारकबाद



**बिलासपुर** , 28 सितंबर (देशबन्धु)। ईद मिलादुन्नबी का पर्व आज शहर में बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों में मुस्लिम जमात के लोगों ने नमाज पढ़कर एक दूसरे को गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाइयां दी। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का नगर विधायक शैलेष पाण्डेय ने किया भव्य स्वागत कांग्रेस पार्षदों और एल्डरमैन हुए शामिल। मंच पर लगे माइक से हर बार यही कहा गया की शैलेष की मोहब्बत की दुकान आपका इस्तक़बाल करती है इस स्नेह और सम्मान भरे आत्मीयता से मुस्लिम समाज हुआ गद-गद।

इस अवसर पर उसकी देन कमेटी सहित तमाम कमेटियों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जिसका शहर के तमाम चौक चौराहों पर भव्य स्वागत करते हुए मुबारकबाद दी गई।

सिटी कोतवाली चौक में शहर विधायक शैलेश पांडेय तथा उनके समर्थकों और कांग्रेस पार्षदों तथा एल्डरमैन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जुलूस का पूरे जोश के साथ स्वागत किया गया एवं जुलूस में शामिल मुस्लिम जमात के लोगों को शहर विधायक शैलेश पांडेय ने आत्मीयता पूर्वक गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाइयां दी।

जुलूस में साथ चल रहे कई बच्चो को विधायक श्री पांडेय ने गोद में उठाकर गले से लगाते हुए ईद की बधाइयां दी। इस मौके पर नगर विधायक शैलेष पाण्डेय कार्यकर्ताओ व समर्थको सहित अनेक कांग्रेसजन उस्तिथ रहे।

# सहकारी प्रशिक्षण संस्थान के प्रशासनिक भवन का बैजनाथ ने किया भूमिपूजन



**बिलासपुर**,28 सितंबर ( देशबन्धु) । अपेक्स बैंक द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ सहकारी प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर 24 नवा रायपुर का वर्चुअल शिलान्यास 27 सितंबर को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किया गया। अपेक्स बैंक द्वारा प्रशिक्षण गतिविधियों को और व्यापक और सार्थक बनाने के लिए नवा रायपुर में 2.23 एकड़ भूमि क्रय किया गया। इस भूमि में राष्ट्रीय स्तर के सहकारी प्रशिक्षण संस्थान हेतु प्रशासनिक भवन बनाया जाएगा। इस प्रशिक्षण संस्थान भवन निर्माण की लागत लगभग 9.80 करोड़ को होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा सहकारी प्रशिक्षण संस्थान के वर्चुअल शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपेक्स बैंक के संचालक द्वारिका साहू, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर शंकर ध्रुवा, अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग राजेन्द्र साहू, अपेक्स बैंक प्रबंध संचालक के एन कांडे, प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक व अपेक्स बैंक डीजीएम भूपेश चंद्रवंशी , ओएसडी अविनाश श्रीवास्तव, प्रबंधक अभिषेक तिवारी सहकारी जनप्रतिनिधि गण तथा बड़ी संख्या में अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# 'मेरी सहेली' अभियान रेलवे की एक महिला-उन्मुख पहल

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है

## 13 मुख्य स्टेशनों पर मौजूद

**बिलासपुर** , 28 सितंबर (देशबन्धु)। देश की धड़कन भारतीय रेलवे अपने यात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर प्रयासरत है। रोजाना लाखों की संख्या में लोग रेल से सफर करते हैं । रेलयात्रियों को सुरक्षित एवं संरक्षित तरीके से उनके गंतव्य तक पहुंचाना रेल प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ट्रेनों में अकेली यात्रा कर रही महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए मेरी सहेली अभियान चला रही है । मेरी सहेली अभियान रेलवे की एक महिला-उन्मुख पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनकी यात्रा को आरामदायक और निर्बाध बनाना है।

कामकाजी व घरेलू महिलाओं के साथ ही पढ़ाई के लिए लड़कियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक आना-जाना लगा रहता है । लंबे सफर के दौरान कई महिलाओं को घबराहट होती है तो उनके परिजन उनसे ज्यादा चिंता में पड़े रहते हैं। जब तक सफर सकुशल पूरा नहीं हो जाता, तब तक किसी भी चिंता का समाधान नहीं होता । इसी को देखते हुए भारतीय रेलवे ने मेरी सहेली अभियान चलाया है।

इस सक्रिय पहल का मूल उद्देश्य महिला यात्रियों को ट्रेन यात्रा के दौरान सुरक्षा की गहरी भावना प्रदान करना है, जिससे वे अपनी सुरक्षा के बारे में किसी भी आशंका के बिना यात्रा कर सकें। जिसके तहत विभिन्न स्टेशनों पर मेरी सहेली टीमों का गठन किया गया है । यह टीम महिलाओं को विभिन्न अपराध से लेकर मदद लेने के लिए हेल्पलाइन के बारे में जागरूक भी करती रहती हैं । इसके अलावा किसी





भी परेशानी के दौरान अगर महिलाएं 139 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करती हैं तो उन्हें तुरंत रिस्पॉंस दिया जाता है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेरी सहेली की 13 टीम कार्यरत है, जो कि 13 अलग-अलग ट्रेनों को कवर करती है । रेलवे सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम में महिला कांस्टेबल से लेकर महिला सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर शामिल है । रेलवे सुरक्षा बल सिस्टम के माध्यम से मेरी सहेली टीम को संबन्धित स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों में यात्रा कर रही अकेली महिला यात्रियों की जानकारी प्राप्त होती है । अकेली यात्रा कर रही महिला यात्री की जानकारी मिलने के पश्चात मेरी सहेली टीम उनसे जाकर संपर्क करती है, उनसे बातचीत कर उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा या समस्या की जानकारी लेती है और सफर के दौरान संबंधित कोचों और बर्थों की निगरानी करती है । सफर के दौरान महिला यात्री हेल्पलाइन 139 एवं टीटीई के माध्यम से भी मेरी सहेली टीम से संपर्क कर सकती है ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेरी सहेली की टीम बिलासपुर, रायगढ़, चांपा, कोरबा, शहडोल, अनुपपुर, रायपुर, दुर्ग, भाटापारा, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव एवं भंडारा रोड जैसे मुख्य स्टेशनों पर कार्यरत हैं । इस वर्ष 13385 ट्रेनों में लगभग 1 लाख 5 हजार अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों को मेरी सहेली की टीम ने सहायता पहुंचाई । इसमें बिलासपुर रेल मण्डल में 4772 ट्रेनों में 55584 महिला यात्री, रायपुर रेल मण्डल में 5351 ट्रेनों में 37674 महिला यात्री तथा नागपुर रेल मण्डल 3262 ट्रेनों में 10918 महिला यात्री शामिल हैं ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने ट्रेन के सफर को महिलाओं के लिए बेहद सुरक्षित बनाने की तरफ एक सराहनीय कदम उठाया है । इस अभियान से महिला यात्रियों में सुरक्षा की भावना जागृत हुई है साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ी है । इस अभियान से महिला यात्री अपने गन्तव्य तक सुरक्षित महसूस करते हुए आत्मविश्वास के साथ यात्रा कर रही है।



## महाआरती में शामिल हुए रविन्द्र सिंह

बिलासपुर,28 सितम्बर ( देशबन्धु) । अरपाचंल गणेश उत्सव समिति व्यापार विहार मे शाम की महाआरती मे छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य व नगर निगम पार्षद रविंद्र सिंह एंव प्रेस क्लब अध्यक्ष इरशाद अली युवा नेता शिवा नायडू लकी मिश्रा विनय वैद्य सहपरिवार विधि विधान से श्री गणेश लक्ष्मी सरस्वती रूपी विराट मूर्ति की पूजा अर्चना एवं आरती की। इस अवसर पर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानेंद्र उरमालिया ,चंचल सलूजा, नीरज गेमनानी सहित समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों का पूजा अर्चना के बाद स्वागत किया गया।

**NECC**

| 29.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 495 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |

डिलीवरी 510 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188